जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 30 संख्याः 112 प्रभात उदयपुर, बुधवार 22 फरवरी, 2023 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*गत डेढ़ साल से एक बायोटैक्नॉलजी कम्पनी दो लुप्त प्रजातियों, वूली मैमथ एवं थायलासीन (टैस्मैनिअन टाइगर) की वापसी की कोशिश कर रही है। पर, हाल ही में, कलोसल बायोसाईन्सेज़ नाम की इस कम्पनी ने इस लिस्ट में डोडो बर्ड को भी जोड़ दिया है। कम्पनी की प्रमुख पेलिओजैनेटिसिस्ट, बैथ शापीरो ने कहा, ''डोडो प्रतीक है कि, किस प्रकार इंसान के हैबिटैट में होने वाले परिवर्तन की वजह से प्रजातियाँ लुप्त हो सकती हैं। कभी डोडो हिंद महासागर के द्वीप मॉरीशस के निवासी होते थे, लेकिन इंसान व उसके द्वारा द्वीप पर लाए गए जानवरों ने इस प्रजाति का इस कदर शिकार किया कि, 17 वीं सदी के अंत तक डोडो प्रजाति लुप्त हो गई। अब, कलोसल बायोसाइन्सेज़ का दावा है कि, इस विशाल ''फ्लाइटलैस'' (उड़ने में अक्षम) पक्षी को इसके जीवित सम्बंधियों के जीनोम में एडिटिंग करके वापस लाया जा सकता है। तथापि, अभी वैज्ञानिकों को लम्बा सफर तय करना है। अभी वो आवश्यक जैनटिक प्रक्रिया विकसित कर रहे हैं। डोडो को विकसित करने के लिए वैज्ञानिक डोडो के निकटतम जीवित रिश्तेदार, निकोबार पिजन के जीन्स को एडिट करने की योजना बना रहे हैं। वैज्ञानिक प्राचीन डी.एन.ए. से डोडो के जीनोम का सीक्वेंस बनाने में पहले ही सफल हो चुके हैं। अब वे पिजन को डोडो जैसा बनाने के लिए उसके अंडे से जर्म सैल्स को हटाकर और जीन्स को एडिट करके सैल्स को दोबारा अंडे में स्थापित करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कलोसल के साइन्टिफिक एडवायज़री बोर्ड के सदस्य माइक मैक्ग्रू, जो युनिवर्सिटी ऑफ एडिनबरा में पक्षियों की जीन्स एडिटिंग करते हैं, ने कहा, ''मैं दस साल से ऐसा कर रहा हूँ और यह बहुत कठिन है। कलोसल इसके लिए वर्ष 2021 से अब तक 22 मिलियन डॉलर एकत्रित कर चुका है।''*

# 'सचिन पायलट से मनमुटाव है, तो गहलोत को उनके पास जाना पड़ेगा'

## 'सचिन पायलट हमारे यूथ लीडर, इग्नोर नहीं किया जा सकता'

जयपुर, 21 फरवरी (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा है कि सचिन पायलट नेता हैं और गहलोत साहब सबसे बड़े हैं। ऐसे में यदि कोई मनमुटाव है तो गहलोत साहब को अपने आप ही उनके पास जाना पड़ेगा। रंधावा ने राजस्थान में दोनों नेताओं के बीच चल रहे मनमुटाव और अंतर्द्वंद को समाप्त करने के लिए मीडिया के जरिए राजस्थान के मुख्यमंत्री के सामने यह सुझाव रखा है। वहीं महेश जोशी की ओर से दिए गए बयान को लेकर उन्होंने ना इत्तफाकी जताते हुए कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट खेमों के बीच चल रहे बयानों और आपसी अंतर्द्वंद को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री गहलोत को सलाह दी है कि कोई भी व्यक्ति परिवार का हैड है, तो उसे ही बात करनी होगी। इसी के साथ पार्टी में सचिन पायलट की भूमिका पर रंधावा ने कहा कि पायलट का रोल हमेशा ही रहेगा। वे हमारे यूथ लीडर हैं। उनके पिता भी कांग्रेसी रहे हैं। इग्नोर तो किसी को नहीं किया जा सकता है। गहलोत साहब तीन बार जनरल सेक्रेट्री रहे, तीन बार सीएम रहे। वहीं पंजाब में पिछली बार गहलोत साहब ने ही टिकट बांटे थे। ऐसे में गहलोत साहब की जिम्मेवारी औरों से ज्यादा बन जाती है। इसी के साथ रंधावा ने कहा कि मतभेद

- **राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा का बयान, राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं, कल का दोस्त आगे दुश्मन बन जाता है।**
- **महेश जोशी के मामले में बोले, उनका बयान आना ठीक नहीं है, उदयपुर अधिवेशन में तय हो गया था तो पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था।**

कैसे खत्म करने हैं, इस बारे में वे हमसे ज्यादा अनुभवी हैं। राजस्थान के प्रभारी ने यह भी कहा कि पूरी कांग्रेस एकजुट है, जो गिले शिकवे हैं, वे दूर हो जाएंगे। राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। राजनीति में कल का दोस्त आगे दुश्मन बन जाता है। पायलट खेमे की बातें मेरे आने से पहले की हैं। वह हाईकमान की नज़र में हैं। एक्शन होगा या नहीं। यह तो उनसे पूछना चाहिए, जिन्होंने मुझे भेजा है। मैं तो ऊपर से आए आदेश को 15 मिनट में लागू कर दूंगा।

इसी के साथ सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी के इस्तीफे और उसके बाद राजस्थान कांग्रेस का सियासी पारा चढ़ने पर रंधावा ने कहा कि यह तो एक साल पहले ही हो जाना चाहिए था। रंधावा ने कहा कि जब पार्टी के उदयपुर अधिवेशन में फैसला हो गया कि कोई व्यक्ति दो पदों पर नहीं रह सकता। मुख्यमंत्री को यह बहुत पहले कर देना चाहिए था।

महेश जोशी ने इस्तीफा देने के बाद जो कहा, उस पर उन्होंने कहा कि ऐसे बयान आना ठीक नहीं है। अगर उन्हें लगता है कि 25 सितंबर की वजह से हुआ है, तो अभी उसके बारे में हाईकमान ने कोई बात नहीं की है। न मैंने बात की है। पार्टी के अधिवेशन में फैसला हुआ कि एक ही पद पर रह सकते हैं। वह फैसला मैंने लागू कर दिया। जिस पर एक्शन होना है। ऊपर से आएगा तो लागू कर देंगे।

उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर 2022 को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर समानांतर विधायक दल की बैठक बुलाई जाने का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। हाल ही आई 75 एआईसीसी सदस्यों की सूची से महेश जोशी, शांति धारीवाल और धर्मेंद्र राठौड़ को बाहर रखा गया है। इन नेतओं के विधायक दल की समानान्तर बैठक बुलाने के मामले में नोटिस दिए गए थे, उन्हें सूची से बाहर रखा गया है। यह भी संकेत दे रहा है कि आलाकमान कहीं ना कहीं इस मामले को लेकर अभी फैसला पेंडिंग रखे हुए हैं।




# राहुल की ''वायरल फोटो'' का सच

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 फरवरी। बी.बी.सी. की डॉक्युमैंट्री ''इंडिया : द मोदी क्वैश्चन'' के निर्माता के साथ राहुल गांधी की कथित वायरल तस्वीर ''गलत'' प्रचार है।

कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि

- **कांग्रेस ने दावा किया कि, राहुल गांधी की जिस वायरल तस्वीर में उन्हें कथित तौर पर बी.बी.सी. डॉक्युमैंटरी के निर्माता के साथ बताया जा रहा है, उसमें असल में राहुल गांधी के साथ ब्रिटिश सांसद जैरमी कॉर्बिन और सैम पित्रोदा हैं।**

फोटो में राहुल गांधी ब्रिटेन में लेबर पार्टी के सांसद जैरेमी कॉर्बिन और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के साथ हैं।

सैम पित्रोदा ने ट्वीट किया कि इस फोटो में पहले नम्बर पर राहुल गांधी हैं, बीच में खड़े व्यक्ति मेरे मित्र जैरेमी कॉर्बिन है और फिर मैं हूं। कॉर्बिन ब्रिटिश सांसद हैं बी.बी.सी. एग्जीक्युटिव नहीं।

बी.बी.सी. के अनुसार मोदी क्वैश्चन के निर्माता है रिचर्ड कुकसन और माइक रैडफोर्ड।

# मधुसूदन मिस्त्री से काम लेकर वेणुगोपाल को देना भयंकर ''ब्लंडर'' साबित हुआ?

## यह सच है कि, अथॉरिटी ने कांग्रेसाध्यक्ष व पी.सी.सी. अध्यक्षों का चुनाव बिना किसी विवाद के सम्पन्न किया था

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 फरवरी। कांग्रेस पार्टी के 85 वें महाधिवेशन से पूर्व ए.आई.सी.सी. सदस्यों की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस पार्टी के अंदर भारी नाराज़गी पनप रही है।

राजस्थान की लिस्ट में अशोक चांदना को निर्वाचित ए.आई.सी.सी. सदस्य बनाया गया है जबकि वो पी.सी.सी. सदस्य भी नहीं हैं।

इसी प्रकार संजीता सिहाग को ए.आई.सी.सी. का निर्वाचित सदस्य बनाया गया है, जबकि, वो पी.सी.सी. सदस्य भी नहीं हैं।

अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत का नाम निर्वाचित ए.आई.सी.सी. सदस्यों की सूची में है, जबकि, राज्य के कई वरिष्ठ नेताओं को ड्रॉप कर दिया गया है और लिस्ट में उनका नाम नहीं है। वरिष्ठ मंत्री बी.डी.कल्ला को भी ड्रॉप कर दिया गया है। वहीं रूक्ष्मणी कुमारी को

- **पर, अथॉरिटी अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री से काम लेकर वेणुगोपाल को सौंपा गया।**
- **मधुसुदन मिस्त्री के अनुसार, ए.आई.सी.सी. डेलिगेट्स का काम, जो लगभग पूरा हो गया था, से अपने आपको उन्होंने अलग कर लिया और एक के बाद एक विवाद होने लगे।**
- **कई नेता, जो पी.सी.सी. के सदस्य भी नहीं थे, उन्हें ए.आई.सी.सी. डेलिगेट बनाया, जैसे अशोक चांदना, रूक्श्मणी कुमारी, आदि। कई वरिष्ठ नेता, जैसे हेमाराम चौधरी, दीपेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह इडवा को ए.आई.सी.सी. के सदस्यों में शामिल नहीं किया गया।**
- **यह अजीबोगरीब स्थिति राजस्थान तक ही सीमित नहीं।**

ए.आई.सी.सी. सदस्य बनाया गया है, जबकि, उन्हें ज्यादा कोई नहीं जानता।

ड्रॉप होने वाले नेताओं में प्रमुख नाम हैं, गिरिजा व्यास, चंद्रभान, नारायण सिंह, तीनों पूर्व पी.सी.सी. अध्यक्ष हैं, तथा हेमाराम चौधरी और पूर्व स्पीकर दीपेन्द्र सिंह शेखावत भी लिस्ट से बाहर हैं। राजस्थान विधानसभा के वर्तमान स्पीकर, महेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बाड़मेर रिफाइनरी ''मरुधरा का नगीना'' है'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 फरवरी। केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को बाड़मेर रिफायनरी को ''मरुधरा का नगीना'' बताया तथा कहा कि यह राजस्थान के लोगों को रोजगार, अवसर तथा खुशी प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि यह प्रोजैक्ट भारत को उसके 2030 तक 450

- **केन्द्रीय पैट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस प्रोजैक्ट की, जो अभी निर्माणाधीन है, जोरदार तारीफ की और कहा कि, इससे राजस्थान की जनता को रोजगार के अवसर मिलेंगे।**

एम.एम.टी.पी.ए. रिफाइनिंग क्षमता प्राप्त करने के स्वप्न की पूर्ति तक तथा राजस्थान की स्थानीय जनता के सामाजिक-आर्थिक लाभ की स्थिति तक ले जायेगा।

उन्होंने कहा कि कोविड 19 महामारी के दो वर्षों के दौरान आये बड़े गतिरोध के बावजूद, इस प्रोजैक्ट का 60 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुतिन ने राष्ट्रपति बाइडन की यूक्रेन यात्रा का ''जवाब'' दिया

## और आक्रामक रूख अपनाते हुए पुतिन ने, अमेरिका के साथ एक दशक से न्यूक्लियर मिसाइल्स के बारे में लागू ''एग्रीमैंट'' को रद्द किया

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 फरवरी। पश्चिमी देशों और रूस के बीच विवाद को स्पष्ट रूप से बढ़ाते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन की राजधानी कीव में कल किए गए अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के दौरे की बड़ी मुखर व तीखी प्रतिक्रिया दी।

यूक्रेन में चल रहा युद्ध पहले ही एक क्षेत्रीय झड़प की सीमा से परे जाकर शीत युद्ध की महाशक्तियों के बीच का एक आमने-सामने का मुकाबला बन चुका है।

रूस के राष्ट्रपति ने आज कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जो वास्तव में अमेरिका और रूस के दीर्घकालिक संबंधों का स्वरूप बदलती हैं और चीन भी इसी की प्रतीक्षा में था ताकि वह इस हाथापाई से कुछ लाभ उठा सके।

उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण घोषणाओं में परमाणु हथियारों की नई स्ट्रैटेजिक आर्म्स ट्रीटी (एस.टी.ए.आर.टी.) में भागीदारी के अपने निर्णय को स्थगित करना है।

पुतिन ने आज अपने राष्ट्रीय उद्बोधन में रूस के सांसदों और कुलीन लोगों को संबोधित किया, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के यूक्रेन दौरे ने उनके उद्बोधन को फीका कर दिया और जो प्रसिद्धि पुतिन को इस युद्ध की शुरुआत के बाद अब साल भर से ऊपर हो गया है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ैलेन्स्की कल जब कीव के प्रधान गिरिजा घर के समीप वॉक कर रहे थे, पुतिन तब भी यूक्रेन की राजधानी से बहुत दूर थे। बाइडन और

- **पुतिन मंगलवार को रूस के राजनीतिज्ञों व सोसाइटी के स्तम्भ नेताओं को संबोधित करने वाले थे, पर बाइडन की यूक्रेन यात्रा ने उनके इस कार्यक्रम की हवा निकाल दी।**
- **साथ ही पुतिन काफी समय से यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर यूक्रेन पर अपनी विजय का जश्न मनाने की भी घोषणा कर चुके हैं, पर बाइडन उनसे पहले कीव पहुंच गये। यह ''स्थिति'' भी पुतिन को बर्दाश्त नहीं हो रही।**
- **पुतिन के पास एक अति आक्रामक रवैये के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है।**
- **अमेरिका व रूस के बीच जो शीत युद्ध जैसी स्थिति बनती नजर आ रही है, चीन इस घटनाक्रम में अपनी रोटी सेकने के लिये ''साइड-लाइन'' से ललचायी आंखों से देख रहा है।**

मिल सकती थी, उसे बाइडन ने पहले ही अर्जित कर लिया।

बाइडन का दौरा रूस के लिए एक तरह से सबसे बड़ा उपहास था।

वलादिमीर पुतिन ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान शुरु करने के एक महीने बाद ही वे जीत का जश्न मनाने के लिए उसकी राजधानी कीव में होंगे, तथापि ज़ैलैन्स्की की वॉक के संदेश ने रूस के राष्ट्रपति को बुरी तरह से खिजा दिया और पुतिन ने एक राष्ट्रीय प्रसारण में घोषणा की कि वे न्यूक्लियर मिसाइल्स की अंतिम सीमा को लेकर दस वर्ष वर्ष हुए समझौते को रद्द कर रहे हैं। उन्होंने यह भी धमकी दी कि रूस परमाणु परीक्षण पुनः शुरु करेगा। पुतिन ने महसूस किया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हिन्दुस्तान में चुनाव वातावरण गर्माया हो या नहीं, लंदन व न्यूयॉर्क में गर्मा गया है'

## मोदी सरकार के सबसे बढ़िया वक्ता, परराष्ट्र मंत्री जयशंकर, बी.बी.सी. द्वारा मोदी के खिलाफ डॉक्युमैंटरी के प्रसारण को महज इत्तफाक नहीं मानते

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 फरवरी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने, समाचार एजेंसी ए.एन.आई. को दिये एक इन्टरव्यू में, बी.बी.सी. पर हमला बोलते हुये कहा कि कुछ लोग, जिनमें ''राजनैतिक मैदान में उतरने का साहस'' नहीं है, ''वास्तविक राजनीति'' को ''प्रत्यक्षतः मीडिया के रूप में'' चला रहे हैं। उन्होंने इस विस्तृत इन्टरव्यू में बी.बी.सी. से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी तक फैले विभिन्न मुद्दों के परिदृश्य को कवर किया।

इस जोश को ''अन्य माध्यमों से राजनीति'' का नाम देते हुये, जयशंकर ने इस इन्टरव्यू में विदेशी साजिश के सरकार और भाजपा के चुनिंदा जवाबी हमले के विषय को उठाते हुये कहा कि ''कभी-कभी भारत की राजनीति की उत्पत्ति उसकी सरहदों के अंदर नहीं होती, यह बाहर से भी आया करती है।''

- **उन्होंने आसानी से अपने इन्टरव्यु को विदेश नीति से, राहुल गांधी पर शिफ्ट किया।**
- **विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि, राहुल हम लोगों पर (भाजपा सरकार पर) चीन के प्रति अति ''उदारवादी'' (एकोमोडेटिव) होने का आरोप लगाते हैं, हमने जितनी सेना, चीन की सीमा पर लगा रखी है, शायद शांति काल में कभी नहीं लगी। हमने सीमा पर, अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पहले से पांच गुना अधिक खर्चा किया है।**
- **जैसा कि विदित ही है, जयशंकर के पिता 1977 में, जनता पार्टी के समय सबसे युवा सचिव थे, केन्द्रीय सरकार में। उन्हें इंदिरा गांधी ने रक्षा उत्पादन मंत्रालय से आते ही हटाया और फिर राजीव गांधी ने उनसे जूनियर को उनके ऊपर पदोन्नति दी और वे कभी कैबिनेट सचिव नहीं बन सके थे।**
- **भाजपा द्वारा अडानी-मोदी संबंधों की छाया में, सरकार की पैरवी करने के लिये जयशंकर को उतारना समझदारी का निर्णय है, वे अच्छे वक्ता तो हैं ही, उनके पिता के साथ हुए अन्याय ने उनकी बात में और खनक डाल दी।**

जयशंकर, जो मोदी सरकार के सर्वाधिक वाक् पटु मंत्रियों में से एक हैं, ने कहा, ''हम मात्र किसी डॉक्यूमैन्ट्री, या किसी व्यक्ति द्वारा यूरोप के किसी नगर में दिये गये भाषण या विदेश के किसी समाचार-पत्र के संपादकीय पर बहस नहीं कर रहे हैं, हम वास्तविकता में की जा रही उस राजनीति पर बहस कर रहे हैं, जो प्रत्यक्षतः मीडिया के रूप में की जा रही है- एक प्रचलित वाक्यांश है, ''अन्य साधनों द्वारा युद्ध'', यह एक अन्य साधन द्वारा की जा रही राजनीति है- मेरा मतलब है, आप कटु आलोचना करेंगे, आप कोई तीखी आलोचना करना चाहते हैं, और कहते हैं कि यह सच्चाई की एक और तलाश है, जिसे इस समय प्रस्तुत करने का निर्णय हमने 20 साल बाद लिया है।''

दो पार्ट में बनी बी.बी.सी. डॉक्यूमैन्ट्री की प्रस्तुति के समय- 2024 के लोकसभा चुनावों से एक साल पहले पर सवाल खड़ा करते हुये, विदेश मंत्री ने कहा, ''कोई बात नहीं, आप कहते हैं कि प्रस्तुति का समय तो संयोग मात्र है। मैं आपको एक बात बता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )






## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# सिन्धी समुदाय पूछ रहा है सबकी बनी, उनकी अकादमी क्यों नहीं बन रही!

सिन्धी एक ऐसा समुदाय है जो देश के बंटवारे के वक़्त अपनी जमीन से पूरी तरह बेदखल हो कर भारत आया और यहां केवल मात्र अपने श्रम से अपनी जड़ें बनाई और खुद को फिर से जमाया तथा प्रतिष्ठित किया। मुल्क के बंटवारे के दौरान वे अपनी जन्मस्थली सिंध में अपना सब कुछ छोड़ कर आये। मगर अपने साथ एक भरी-पूरी सांस्कृतिक विरासत लेकर आये। सिंध और मारवाड़ का हजारों साल पुराना रिश्ता रहा है। इसीलिए सिन्धी अपने घरों से बेदखल होकर भारत के अन्य हिस्सों के साथ राजस्थान में आकर सहज ही बस गए। रियासतों से मिल कर बने आधुनिक राजस्थान के निर्माण में इस समुदाय के लोगों ने भी वैसे ही अपना पसीना बहा कर अपना योगदान दिया है जैसा यहां के अन्य वासियों ने दिया है। विस्थापित होकर आये सिंधियों ने अपने छोटे-छोटे श्रम से अपना गुज़ारा शुरू किया और बड़े बने। उन्होंने कारोबार में ही अपना वर्चस्व नहीं बनाया बल्कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में, जिनमें कला, संगीत और साहित्य भी शामिल है, अपनी उपस्थिति दर्ज की है। लेकिन कैसी विडंबना है कि आज यह समुदाय शासन से अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा है। किसी भी संस्कृति के बनने और उसे परवान चढ़ने में उसकी भाषा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। सिंधियों की भी अपनी भाषा है और उसमें उनका समृद्ध साहित्य है। चालीस साल पहले राज्य सरकार ने इस समुदाय की भाषा को बचाए रखने और उसके साहित्य को बढ़ावा देने के लिए सिन्धी अकादमी की स्थापना की थी। आज वह अकादमी निष्क्रिय पड़ी है।

इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों की चिंता करते हुए सरकार ने पिछले दिनों अकादमियों के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्य धड़ाधड़ नियुक्त किये हैं। सबको खुश किया गया है मगर सिन्धी अकादमी पर अब भी सरकारी अधिकारी प्रशासक बिठाया रखा गया है। इस भाषा के साहित्यकार पूछ रहे हैं कि सरकार की इस सौतेली नीति का क्या सबब है? हालांकि अकादमियों को सशक्त करने और उन्हें स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए सक्षम बनाने में सत्ता चला रहे आज के नेताओं में कोई रुचि नहीं होती। कोई दिलचस्पी होती भी है तो वह अपने मरजीदानों को उपकृत करने तक सीमित रहती है। इसीलिए अकादमियों के गठन की याद शासन को चुनावी वर्ष के आस-पास ही आती है। सिन्धी अकादमी आठ फरवरी 2019 से प्रशासक के अधीन चल रही है जो भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होता हैं। 2019 से अब तक जो भी इसके प्रशासक रहे हैं उनका सिन्धी से दूर का भी कोई वास्ता नहीं रहा है। इससे इस भाषा और साहित्य से जुड़े लोगों की पीड़ा का अंदाजा लगाया जा सकता है। और यह भी अनुमान लगाया जा सकता है कि सत्ता में बैठे जन नेताओं की सिन्धी भाषा, साहित्य, कला एवं संस्कृति के विकास और उसके संवर्द्धन के लिये कितनी रुचि है। इस अकादमी की स्थापना 1978 में सिन्धी भाषा, साहित्‌य, कला एवं संस्कृति के विकास एवं संवर्द्धन के लिये एक स्‌वायत्‌त शासी संस्था के रूप में की गई थी। अकादमी की वेबसाइट पर कहा गया है कि अकादमी की स्‌थापना का मुख्‌य उद्देश्‌य 'विलुप्‌त हो रही सिन्धी भाषा, कला, साहित्‌य एवं संस्‌कृति का व्‌यापक प्रचार-प्रसार करना है।' इसका मतलब यह हुआ कि विधान के अनुसार इस अकादमी का संचालन नहीं करना विलुप्त हो रही इस विरासत को बचाने के प्रति सरकार की उदासीनता है। इसके विधान के प्रावधानों में अकादमी का संचालन राज्‌य सरकार द्वारा मनोनीत अध्यक्ष, सदस्‌यों एवं सहवरित सदस्‌यों की एक साधारण सभा द्वारा किया जाने की व्यवस्था है। मगर जहां अन्य सभी अकादमियां गठित करके सरकार ने वाह-वाही लूटी है और देश में पहली बार एक नई 'बाल साहित्य अकादमी' का भी गठन किया है वहीं राज्य की एकमात्र सिंधी भाषा अकादमी का गठन नहीं किये जाने पर सिन्धी समुदाय में खेदयुक्त उदासी हो व्याप्त है। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं कि सिंधी साहित्य में खूब काम हुआ है और आज भी हो रहा है। इसमें यदि शासन का सहारा मिल जाए तो यह और अधिक समृद्ध हो सकता है जिसकी आकांक्षा रखते हुए राज्य का सिन्धी समुदाय सरकार की तरफ देख रहा है। प्रशासक की जगह इस अकादमी के विधिक तरीके से गठन करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को अनेक ज्ञापन राज्य के कई शहरों से भेजे गये हैं। साहित्यकारों ने भी इस बारे में सरकार में बैठे लोगों को चिट्ठियां लिख-लिख कर कई बार ध्यान खींचा है। सिन्धी के साहित्यकार और समाज के प्रबुद्ध लोग अब सार्वजनिक रूप से दुख और रोष जता रहे हैं कि इस मुद्दे पर किसी भी स्तर पर उनकी कोई नहीं सुन रहा है। मात्र आश्वासन दिए गये हैं, और वे पूरे नहीं किये गए हैं। उनका कहना है कि एक तरफ अन्य अकादमियां सक्रिय की जा चुकी है मगर सिन्धी अकादमी की कोई सुध नहीं ली जा रही है। उदयपुर स्थित हिन्दी साहित्य अकादमी में तो गठन के पहले के तीन बकाया पुरस्कार, सम्मान देने की व्यवस्था तक को सरकार ने मंजूरी दे दी है। ऐसे में सिंधी साहित्यकारों के प्रति यह उपेक्षा किसी को समझ में नहीं आ रही है। एक तो अकादमी में अध्यक्ष नहीं फिर सचिव भी सिंधी भाषी नहीं जिस कारण अकादमी के बजट से सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। सिन्धी समुदाय को ऐसे में यह लगने लगे कि इसके पीछे कोई सिंधी भाषा विरोधी निहित स्वार्थ की भावना काम कर रही है तो क्या आश्चर्य है। वरना क्या पूरे प्रदेश में एक भी सिंधी भाषी योग्य व्यक्ति उपलब्ध नहीं जो इस संस्था के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जा सके? सिन्धी समुदाय को भी अपनी भाषा और साहित्य को बचाने और उसे बढ़ाने के संवैधानिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। यह सरोकार सिर्फ सिंधी भाषियों की भावना का ही नहीं बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए है जो भेदभाव, अन्याय तथा जनतांत्रिक मूल्यों में यकीन रखता है। इसलिए सिंधी भाषी ही नहीं हिंदी और राजस्थानी भाषा और साहित्यकार से सरोकार रखने वाले प्रबुद्धजनों की भी यह वेदना और सरोकार होना चाहिए, और सबको मिल कर सरकार पर दबाव बनाना चाहिए कि सिन्धी अकादमी को वैसे साकार किया जाए जैसी उसके विधान में दर्शाया गया है। नये बजट में भी सिन्धी अकादमी के साथ भेद भाव का अंदाज ही सामने आता है जब हम पाते हैं कि उसमें इस अकादमी के लिए केवल 55 लाख रुपयों का बजट रखा गया है जो उसके कर्मचारियों के वेतन में ही खप जाने वाला है और उसके विधिक प्रावधानों के अनुरूप काम करने के लिए कुछ भी नहीं बचने वाला है।

**जहां अन्य सभी अकादमियां गठित करके सरकार ने वाह-वाही लूटी है और देश में पहली बार एक नई 'बाल साहित्य अकादमी' का भी गठन किया है वहीं राज्य की एकमात्र सिंधी भाषा अकादमी का गठन नहीं किये जाने पर सिन्धी समुदाय में खेदयुक्त उदासी ही व्याप्त है।**

इस अकादमी के काम इसके विधिक प्रारूप में ही लिखे हुए हैं और स्वाभाविक ही पूछा जा सकता है कि जिन उदात्त महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका गठन किया गया था क्या वे इस सरकार की नज़र में गौण हो गए हैं? इसके संविधान में सिन्धी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में अध्ययन एवं अनुसंधान को प्रोत्साहन और बढावा देने के अलावा राज्य में स्थित सिन्धी संस्थाओं/संगठनों के कार्यो में समन्वय एवं सहयोग स्थापित कराने का काम बताया गया है। साथ ही समाज में प्रतिष्ठित पुरूष और महिलाओं को पत्रों के माध्यम से साहित्य के क्षेत्र से जुडी संस्थाओं आदि को प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान करना और ऐसी साहित्यिक संस्थाओं की स्थापना करना भी इसका काम है। इसके अलावा राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सिन्धी भाषी विद्यालयों द्वारा आयोजित साहित्यिक गोष्ठियां, सम्मेलनों के विचार धाराओं का आदान-प्रदान करने की प्रक्रिया को बढावा एवं प्रोत्साहन देना, साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं, यहां तक कि पुस्तकों और शोध पत्रों को सिन्धी भाषा में छपवाना, संबंधित सिन्धी संगठनों के लिये लाइब्रेरी व रीडिंग रूम की स्थापना करना व लाइब्रेरियों, विद्यालयों व सार्वजनिक वाचनालायों को पुस्तकें व मैगजीनें उपलब्ध कराना इस अकादमी के काम बताए गए हैं। किन्तु प्रशासक व्यवस्था में सभी काम बरसों से ठप्प पड़े हैं। राजस्थान सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1978 के तहत सिन्धी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं को मान्यता देना तथा जो सिन्धी भाषा, साहित्य व कला संस्कृति के विकास के लिये कार्य करें उन्हें आर्थिक सहायता देना भी इस अकादमी को विधिक अनुदेश है। ये सब अनुदेश महत्वहीन और बेकार हो जाते हैं जब अकादमी का उसके संविधान सम्मत गठन ही न हो। ऐसे में सिन्धी किताबों, प्रदर्शनियों, मुशायरों और साहित्यिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश में सांस्कृतिक और साहित्यिक सम्पर्क स्थापित करने की तो सोची ही नहीं जा सकती। इस अकादमी के संविधान में यह भी निर्देश हैं कि वह योग्य और अनुभवी लेखकों, कवियों और बुद्धिजीवियों को स्कॉलरशिप, फैलोशिप तथा पुरस्कार आदि प्रदान करेगी, सिन्धी भाषा के लेखकों और कवियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये मान्यता प्रदान करेगी तथा उनके साहित्यिक कृतियों के प्रकाशन के लिये धन उपलब्ध करवाएगी। इसके अलावा व्याख्यान, सेमीनार, सम्मेलनों तथा सर्वेक्षणों के आयोजनों के माध्यम से सिन्धी भाषा और साहित्य का उत्थान करने का भी इसके विधान में जिक्र है। मगर यह सब बातें हैं बातों का क्या वाली बात हो रही है। लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपनी निर्वाचित सरकार से जवाब मांगे। और यह जवाब आज सिन्धी समुदाय के साहित्यकार मांग रहे हैं। सरकार मौन रह कर इस प्रश्न से अपना पल्ला नहीं झाड सकती। यह समूचे सिन्धी समुदाय संवैधानिक अधिकार का हनन और उनका अपमान है।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक

# एक गोपालक बनाम गौ रक्षक - संवाद (एक व्यंग्य)



महावीर सिंह

एक रोज सुबह सुबह दो-तीन पैनी मूछो वाले गमछाधारी नोजवान, साथ में डंडाधारी 3, 4 मुस्टंडे लेकर एक किसान के खेत पहुंच गए।

एक नें किसान के घरवाली से तेज आवाज में पूछा–'खेता कहाँ है? जरा इधर भेज।'

कुछ ही देर में घुटनो तक की फ़टी धोती पहने, नंगे पैर खेता आया। शहरी लगने वाले साहबजादों से झुक कर राम राम कह अभिवादन किया और किस काम से आए, यह पूछा।

एक नोजवान नें कहा, खेता तेरी शिकायत है कि तूँ तेरी बूढी गाय को आवारा छोड़ देता है, वह है दूसरों के खेतों में नुकसान करती है, गलियों में फूड़ा करते घूमती है। उसको बांध के रखो, उसका ख्याल रखो, चारा-पानी दो। समझे, दुबारा यह कहने के लिए हमे नहीं आना पड़े,वरना----तिरछी मुछों, मुर्क पहने युवक ने कहा---अच्छा नहीं होगा।

खेता नें पूछा क्या हुक्म थाने से पधारे है? मुस्टंडे नोजवान नें कहा, नहीं, साहब लोगों का अलग दफ्तर है। साहब लोग गायों की सुरक्षा, साल-सम्भाल का काम करते हैं। आवारा पशुओं की आने वाली शिकायतों की सुनवाई करते है।

किसान नें कहा, अच्छा तो पशुओं वाले डॉक्टर साब के दफ्तर से हैं। मुस्टंडा फिर बोला, नहीं-नहीं, साहब लोगों का महकमा अलग है, सबसे अलग, बड़ा, समझे।

किसान के घर आए मेहमानों के लिए किसान के घर वाली 5, 6 ग्लास छाछ ले आई।

वे जब छाछ का आनंद ले रहे थे तब किसान नें कहा, साहब आवारा पशु तो सब इधर-उधर आते-जाते ही है। मेरे ही खेत में रात और दिन आवारा पशुओं की डार की डार आती रहती है। पास में कोई गोशाला तो है नहीं, क्या इलाज है? ओर सुनते है कि गोशाला वाले भी मुफ्त में पशु नहीं रखते।

गमछाधारी युवक नें जरा जोर से कहा--इलाज है। अपने बूढ़े, बांजडू पशुओं को घर में बांध कर रखो।

भोला किसान फिर बोल पड़ा, साहब लोगो, आवारा-गैर दुधारू बांजडू पशुओं को बंधे-बंधे कोन खिला सकता है?

बाहर से आए युवकों ने एक साथ कहा--इन गो माताओं का दूध-दही-घी नहीं खाया--दूध बेच कर परिवार नहीं पाला? अब दूध नही दे सकती तो डंडे खानें छोड़ दो। यह कहाँ की इंसानियत?

किसान ठहरा भोला, कह बैठा, साहब-पहले तो बांजडू पशु, छोटे बछड़े भी थोड़ी कीमत में बिक जाते थे, थोड़ा सहारा हो जाता था--अब वह तो बंद हो गया, 5-7 साल से--इस कारण अब आवारा पशुओं की संख्या बढ़ गई,क्या करें?

थोड़े तेवर दिखाते हुए दूसरे नोजवान नें तैश में आकर कहा--गोमाता के बारे में जानते क्या हो? धर्म शास्त्रों में इसे गो माता कहा है। 33 करोड़ देवी-देवताओं का इसके शरीर में वास है--जानते हो? अज्ञानी मत बनो। गोमाता की रक्षा करना हमारा धर्म-फर्ज है-समझे?

गोमाता नें आप को क्या कुछ नहीं दिया और अब उसे यों ही नहीं छोड़ सकते।

किसान बोला साहब, मैं तो गिनती के 5-7 देवी-देवताओं के ही नाम जनता हूँ। आप लोग विद्वान है, इसलिए इतने सारे देवताओं को जानते होंगे। अब यह दूध देती नहीं तो अब कहाँ से खिलाऊँ, मैं कोई सेठ थोड़े ही हूँ?

डंडाधरियों के बात जची नही। कहा, कुछ नहीं, धर्म विरुद्ध आचरण नहीं होने देंगे। बूढ़ी गायों, आवारा पशुओं को सम्भाल कर घर में रखना होगा, समय पर चार पानी देना होगा वरना---तुम जानते हो--

इस दल के नेता नें कहा, जानते हो, गाय के तो गोबर, मूत्र सब कीमती है। गोबर से खाद, कंडे, गोकाष्ट बनाओ, बेचो, पैसा कमाओ। ओर गो मूत्र वह तो औषधी है। बिकता है।

किसान को बातें समझ नही आई। बोल पड़ा, हुक्म आप को तो व्यापार करना आता है। मैं मेरी गैर-दुधारू गायें आपको देता हूँ, बिना कीमत--दान में। खूब कमाओ, भगवान आपका भला करेगा। पड़ोसियों के भी सारी नाकारा गाएं आपको दिला दूंगा, बिना टक्के, पैसे।

मुस्टंडे फिर बोले, तमीज नहीं? साहब लोगों से इतनी मूर्खता की बातें कर रहे हो? एक तो कमाई का रास्ता बता रहे है और तुम बातों को हवा में उड़ा रहे हो--नासमझ प्राणी।

किसान ठहरा भोला, फिर बोल पडा– साहब लोगों, यदि गाय पाली है तो बताओ, एक आवारा पशु को खिलाने-पिलाने का क्या खर्च है?

मुस्टंडों नें एक-दूसरे की तरफ देखा और फिर बोले, तुम ही बताओ? किसान नें कहा अगर आधा पेट भी भरूँ तो 60, 70, 80 रुपये का कम से कम खर्चा है, कहाँ से लाऊं?

मेहमानों नें आदेश सुनाया, जो कहा वो करना होगा---किसान बोला, साहब लोगों, आप लोगो बहुत पढ़े-लिखे,धर्म शास्त्रों के ज्ञाता है, देवी-देवताओं-सरकार तक आप लोगों की,बड़ी पहुंच है --

-----//साहब, एक रास्ता बताऊं, इन गायों की सरकार से पेंशन बंधवा दो??//

–महावीर सिंह,
पूर्व आईएएस

# खाटू में बाबा श्याम का लक्खी मेला आज से

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। विश्व विख्यात खाटूधाम में बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेला बुधवार से शुरू होने जा रहा है। देश के कोने-कोने से लाखों श्याम भक्त बाबा श्याम के दर्शन करने को खाटूधाम पहुंचेंगे। देश की करोड़ों भक्तों की आस्था का केन्द्र खाटूधाम अगले 11 दिन बाबा श्याम के रंग में रंगने जा रहा है। बाबा श्याम के फाल्गुनी मेले के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी, जिला प्रशासन, पुलिस, नगरपालिका प्रशासन ने सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।



सीकर ट्रैफिक डिप्टी विकास कुमार धींधवाल ने बताया कि मेले के दौरान खाटूश्याम आने वाली गाड़ियां मंडा मोड होते हुए पार्किंग की तरफ जाएंगी। जब की वापसी में यह गाड़ियां चौमू पुरोहितान बाईपास, शाहपुरा होते हुए नेशनल हाईवे संख्या 52 पर जाएगी। इसके अलावा यदि किसी रूट पर ट्रैफिक ज्यादा रहता है तो फिर वैकल्पिक रास्तों का उपयोग किया जाएगा। मेले के दौरान पार्किंग स्थल पर करीब 100 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। खाटूश्यामजी थानाधिकारी सुभाष यादव के मुताबिक पार्किंग में एक बार में एक साथ 10 हजार से ज्यादा गाड़ियां शामिल रहेगा।

हर बार की तरह इस बार भी लक्खी मेले के दौरान 22 फरवरी से 4 मार्च तक रींगस से खाटू तक का 17 किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह से नो व्हीकल जोन रहेगा। मेले में इस बार 350 सीसीटीवी कैमरे से पूरे खाटू कस्बे की और आसपास के रास्तों की निगरानी रहेगी। इसलिए कंट्रोल रूम बनाया गया है और साथ ही इन कैमरों की लाइव फीड सीकर के अभय कमांड सेंटर से भी कनेक्ट की गई है। जिससे कि यहां से भी मॉनिटरिंग होगी। साथ ही सबसे बड़ा नवाचार यह है कि इस बार ड्रोन कैमरे से भी पूरे मेले की निगरानी होगी।

- **देश के कोने-कोने से लाखों भक्त बाबा श्याम के दर्शन करने खाटूधाम पहुंचेंगे**
- **श्री श्याम मंदिर कमेटी, पुलिस, पालिका प्रशासन, व्यवस्थाओं में लगे**

ऐसे में यदि कहीं भीड़ ज्यादा बढ़ती है या फिर अन्य कोई परेशानी होती है तो तुरंत वहां स्थिति को काबू में लिया जा सकेगा इसके अलावा करीब चार हजार के लगभग पुलिसकर्मी, एक हजार के लगभग प्राइवेट गार्ड और करीब 1200 से ज्यादा स्वयंसेवक सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहेंगे। इसके अतिरिक्त मेले के दौरान कुछ पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में भी तैनात रहेंगे।

इस बार मेले के दौरान डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया हुआ है। मुख्य मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद इस बार श्रद्धालुओं को करीब 7 सेकेंड तक बाबा श्याम का दीदार रहेगा। मेले में हर बार की तरह इस बार भी बाबा श्याम का श्रृंगार कोलकाता बेंगलुरु से आए फूलों से ही होगा। कस्बे में बाबा श्याम के 11 दिवसीय वार्षिक लक्खी मेले को लेकर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव पुलिस अधीक्षक करण शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों व सुरक्षा के जवानों की ब्रीफिंग ली। इस बार संपूर्ण मेले को आठ सेक्टर में विभाजित कर ड्यूटी अधिकारी नियुक्त किए गए।

पुलिस अधीक्षक करण शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस कांस्टेबल से लेकर सभी अधिकारी अपने आप को पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि समझते हुए बाबा श्याम के आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करें। सुगमता पूर्वक दर्शन करवा कर उन्हें भेजें जिससे एक अच्छा संदेश लेकर श्रद्धालु अपने शहर व गांव के लिए रवाना हो सके।सुरक्षा के सहायक मेला मजिस्ट्रेट एएसपी रतनलाल भार्गव ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र के आठ सेक्टरों की विस्तार से जानकारी दी।

# 'पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से और सबसे पहले करें!' –बजट 2023-24 की अंतर्दृष्टि

नौ साल पहले जनादेश मिलने के बाद, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने "कर्म परमो धर्मः" के दर्शन का अनुकरण किया, जो कठिन परिश्रम और ईमानदार इरादे के साथ कड़ी मेहनत करने से सम्बन्धित है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे सामने कितनी कठिन चुनौतियां हैं, भारत को "विश्व गुरु" बनाने के सपने के लिए हम अपने मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

पूरे देश ने पिछले 9 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखे हैं– उपेक्षा और संकट की छाया के बीच पूर्वोत्तर का उदय हुआ है और यह क्षेत्र भारत के विकास इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसे अभूतपूर्व प्रयासों और अविश्वसनीय इच्छाशक्ति की एक प्रेरक कथा माना जा सकता है। परिणामस्वरूप, समग्र प्रगति और विकास के युग की शुरुआत हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में 2023-2024 का बजट पेश किया है और बजट में प्रस्तावित प्रगति के मार्ग का विश्लेषण; पूर्वोत्तर के दृष्टिकोण के जरिये किया जाना चाहिए। अष्टलक्ष्मी राज्यों की 7 प्राथमिकताओं– समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक लाभ, अवसंरचना, निवेश क्षमता, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र में सुधार– को सप्तऋषि की संज्ञा दी गयी है। निस्संदेह, पूर्वोत्तर राज्यों को इन प्राथमिकताओं से लाभ प्राप्त होगा।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के लिए 2023-24 के लिए बजट में 5,892.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 2022-23 के आरई आवंटन (2,755.05 करोड़ रुपये) से 114 प्रतिशत अधिक है। यह इरादे के अनुरूप कार्य का निर्विवाद और अकाट्यय प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि इनमें से पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण के लिए समर्पित पूंजीगत व्यय के रूप में 4,093.25 करोड़ रुपये (92 प्रतिशत) का प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, 2014 से, 54 केंद्रीय मंत्रालयों के बजट आवंटन में भी भारी वृद्धि हुई है तथा मंत्रालयों के लिए कार्यादेश है कि वे अपने सकल बजटीय समर्थन का 10 प्रतिशत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए समर्पित करें। यह अब बढ़कर 94,679.53 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2022-23 के आवंटन से लगभग 30 प्रतिशत अधिक है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए पिछले कुछ वर्षों के वित्तीय प्रोत्साहन को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि 2023-24 में 10 प्रतिशत जीबीएस का प्रावधान; 2014-15 के वास्तविक व्यय, जो लगभग 24,819.18 करोड़ था, की तुलना में लगभग 281 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके होंगे और यह प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर क्षेत्र को दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने के दृष्टिकोण की पुष्टि है तथा हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप भी है।

ज़मीनी स्तर पर अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए डोनर को लक्षित पैकेज और योजनाओं के साथ राजकोषीय समर्थन प्रदान किया गया है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को समर्थन या जनजातीय समूहों के विकास और उत्थान के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) कार्यक्रम जैसी पहल के माध्यम से हमारी जड़ों को मजबूत करने और विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने पर बजट का विशेष ध्यान; महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों की क्षमता को भी बढ़ावा देगा।

पूर्वोत्तर का कृषि-बागवानी क्षेत्र संभावनाओं से भरपूर है और बजट में इसके उपयोग के लिए कई अवसर मौजूद हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र को सफलता के उदाहरण के रूप में पेश किया जा सकता है और प्राकृतिक खेती के तहत 1 करोड़ किसानों को लाने का लक्ष्य हासिल करने की बात देश को प्रेरित कर सकती है। इसी तरह, कृषि-त्वरक कोष इस क्षेत्र में स्टार्टअप्स की मौजूदा क्षमता को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही, कौशल विकास, पर्यटन क्षमता के विकास, डिजिटलीकरण, सतत विकास पर जोर और हरित कार्यक्रम पर हमारा विशेष ध्यान; पूर्वोत्तर क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे मौजूदा प्रयासों का पूरक है।

सुरक्षा और शांति इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती थी, लेकिन सरकार के निरंतर प्रयासों और राज्यों के घनिष्ठ सहयोग से, पूर्वोत्तर आज शांति और स्थिरता के एक अभूतपूर्व युग में प्रवेश कर गया है। 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में उठावाद की घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी आयी है और 8,000 से अधिक युवा आत्मसमर्पण करने के बाद उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

इसी तरह, परिवहन व दूरसंचार संपर्क का विकास किसी क्रांति से कम नहीं है। 2014 से पहले सिर्फ असम ही रेलवे से जुड़ा था। अब अगरतला और ईटानगर को भी जोड़ दिया गया है तथा अन्य राजधानियों को भी जल्द ही रेल-सुविधा प्राप्त होगी।


हमारे राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से पूर्वोत्तर में निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए सरकार 1.6 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। हवाई संपर्क के संदर्भ में, पांच पूर्वोत्तर राज्यों– मिजोरम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड– से आजादी के बाद पहली बार हवाई उड़ानें भरीं गयीं। भारत सरकार ने 2023 के अंत तक क्षेत्र में पूर्ण दूरसंचार संपर्क की सुविधा प्रदान करने के लिए 500 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे दूरसंचार संपर्क में भी व्यापक विस्तार देखा जा रहा है।

अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण पहल है– एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ लोगों के बीच आपसी संपर्क स्थापित करना और भावनात्मक जुड़ाव को गहरा करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पूर्वोत्तर का शेष भारत के साथ सांस्कृतिक और भावनात्मक एकीकरण तथा पराया होने की भावना को दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। युवाओं में सांस्कृतिक जुड़ाव मजबूत करने के लिए अब युवा संगम के तहत युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्राएं आयोजित की जाएंगी। लोगों तक पहुंचने, उनसे बातचीत करने, योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करने और मुद्दों को तत्काल हल करने के लिए कम से कम 16 केंद्रीय मंत्री हर महीने पूर्वोत्तर का दौरा करते हैं।

हाल की उत्तर-पूर्व परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में माननीय प्रधानमंत्री का आवन, "पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से करें और सबसे पहले करें" (एक्ट फास्ट फॉर नॉर्थ ईस्ट, एक्ट फर्स्ट फॉर नॉर्थ ईस्ट) ही पूर्वोत्तर क्षेत्र की आगे बढ़ने की यात्रा का मूलमंत्र है। अब पीछे मुड़कर नहीं देखना है। बहानों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, क्योंकि वे दिन अब बीत चुके हैं। पूर्वोत्तर के विकास के लिए कदम मजबूती से उठाए जा चुके हैं!

**(जी किशन रेड्डी भारत सरकार में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री है।)**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 22 फरवरी, 2023**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, उत्तरा भाद्रपद रात्रि 4:50 तक, साध्य योग रात्रि 11:46 तक, तैतिल करण सांय 4:41 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृष, बुध-मकर, गुरू-मीन, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग रात्रि 3:25 तक है। रवियोग रात्रि 4:50 से आरम्भ होंगे। आज पंचक है। आज से सायन मु.मास 8 आरम्भ होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:51 तक, शुभ 11:16 से 12:40 तक, चर 3:30 से 4:54 तक, लाभ-अमृत 4:54 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:02, सूर्यास्त 6:14

**मेष**
घर/परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ-धार्मिक सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**सिंह**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।


**वृश्चिक**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**कुंभ**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




## सार-समाचार

### कटारिया असम के लिए रवाना

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे गुलाबचंद कटारिया बुधवार को असम के राज्यपाल की शपथ लेंगे। कटारिया शपथग्रहण समारोह से एक दिन पहले मंगलवार दोपहर को गुवाहाटी के लिए रवाना हुए। कटारिया मंगलवार को अपनी पत्नी अनिता कटारिया के साथ डबोक एयरपोर्ट पहुंचे जहां से शुभ मुहूर्त में 12.15 मिनट पर असम के स्टेट चार्टर से रवाना हुए। इस दौरान एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें विदा किया। टेक ऑफ करने से पहले कटारिया भी भावुक हो गए।असम प्रस्थान से पूर्व कटारिया ने कहा कि मेवाड़ ने जो प्यार दिया है, वो हमेशा याद रहेगा। इसी के साथ पीएम मोदी और पार्टी नेतृत्व ने राष्ट्र निर्माण के लिए मुझ पर विश्वास जताया है, उसका आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि मेवाड़ से जुड़ी यादें कभी नहीं भूल पाऊंगा। महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओ की आंखों में कटारिया के राज्यपाल बनने की खुशी और मेवाड़ छोड़कर जाने का गम साफ दिखाई दे रहा था। कार्यकर्ताओं ने कटारिया को हनुमान जी की गदा भेट की, इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने कटारिया को उपरणा ओढ़ा कर विदा किया। इस मौके पर शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली ने कहा कि कटारिया जी ने जाते.जाते हमे जो टिप्स दिए हैं उसी आधार पर अब मेवाड़ में भाजपा की रणनीति तय करेंगे।उन्होंने बताया कि कटारिया ने सभी को साथ लेकर चलने का एक मूल मंत्र दिया है, पार्टी चाहे किसी को भी टिकट दे लेकिन कटारिया जी द्वारा दिए गए मूल मंत्र के आधार पर ही मेवाड़-वागड़ में भाजपा को मजबूत करने में लगे रहेंगे।

### आईजी लांबा ने पदभार संभाला

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर रेंज के नये आईजी अजय पाल लांबा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। आईजी लांबा के स्वागत के लिए उदयपुर एसपी विकास शर्मा समेत एएसपी और अन्य डीएसपी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्हें पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मीडिया से बातचीत में आईजी लांबा ने अपनी प्राथमिकताओं को बताया।लांबा ने कहा कि उदयपुर में उनकी तीसरी बार पोस्टिंग हुई हैं। वे प्रोबेशन के दौरान भी उदयपुर में रहे, इसके बाद उदयपुर एसपी के रूप में उन्हें काम करने का मौका मिला और अब रेंज आईजी के रूप में वे उदयपुर में काम करेंगे। वे उदयपुर समेत आस.पास के जिलों को सांस्कृतिक और भौगौलिक रूप के साथ ही स्थानीय जनता की पुलिस से उम्मीदों को भी अच्छे से समझते हैं।उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग के साथ महिलाओं की सुनवाई पर फोकस रहेगा। पुलिस द्वारा कैसे आदमी की सुनवाई हो सकती, ये सुनिश्चित करने की कोशिश रहेगी। रेंज भर में पुलिस फोर्स कैसे बेहतर काम कर सके, इस पर भी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जिलेवार वहां की समस्याओं को देखा जाएगा। लांबा ने कहा कि रेंज के सभी जिलों में हिस्ट्रशीटर की धरपकड़ और बेनामी संपति मामले में भी पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देशों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

### मातृ भाषा दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थानी विभाग सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर की ओर से विश्व मातृ भाषा दिवस के उपलक्ष में मायड़ भाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग प्रभारी अध्यक्ष डॉ सुरेश सालवी ने कहा कि बालक जनम से अपनी मां के मुंह से जो भाषा सीखता है वही उसकी मातृभाषा है ।इस दृष्टि से राजस्थान की मातृभाषा राजस्थानी है जो साहित्य, संस्कृति एवं भाषा विज्ञान की दृष्टि से एक भाषा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कपिल पालीवाल ने राजस्थानी भाषा एवं राजस्थान की पहचान कराते हुए अपनी मधुर वाणी में कविताएं प्रस्तुत करते हुए राजस्थानी भाषा की पीड़ा उजागर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो देव कोठारी ने भाषा के महत्व को बताते हुए राजस्थानी भाषा के विकास से अवगत कराया। राजस्थानी भाषा के साहित्यिक महत्व को उजागर किया एवं राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए युवा पीढ़ी को जागरूक होने का संदेश दिया ।

### न्यायिक कार्य रखे स्थगित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जोधपुर में अधिवक्ता जुगराज चौहान की निर्मम हत्या के विरोध में आज भी जिला अभिभाषक संघ ने न्यायिक कार्य स्थगित रखे। बार अध्यक्ष भगवत पुरी ने बताया कि सभी अधिवक्ता न्यायालय परिसर में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। अधिवक्ताओं ने चौहान के परिवार को न्याय एवं मुआवजा दिलाने तथा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम पारित करवाने के लिये नारे लगाये। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता नंदलाल पुरोहित, कृष्ण कांत उपाध्याय, यशपाल गुप्ता, मनोहर पटेल, सचिव जितेन्द्र राव, मनोज सिंह, परतु सिंह निनामा, नरेश पुरोहित, जयेन्द्र, हीरालाल, तरुण अड़िचवाल मौजूद रहे।

### बजरी से भरा डम्पर जब्त, दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सराड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध बजरी से भरा डम्पर जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुसलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में सराड़ा थानाधिकारी प्रवीणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने सोमवार रात में डिंगरी रेल्वे पुल के पास झाड़ोल की तरफ से आ रहे डंपर को रोक पूछताछ की। इस पर चालक सराड़ा डिंगरी निवासी सुरेश कुमार पुत्र धुलाजी मीणा तथा खलासी जमकलाल पुत्र दल्लाजी पटेल निवासी वजेपुरा थाना सराड़ा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से डंपर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

### नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र के भोईयो की पंचोली में गाडोलिया लौहार के मकान में घुस कर चोर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से पीडित भोईयों की पंचोली प्रतापनगर निवासी कालीबाई पत्नी हदु गाडोलिया लौहार ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 20 फरवरी रात मे आए दो दिन बदमाश मकान में घुस कर ढाई किलो चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। भनक लगने पर चिल्लाते ही बदमाश भाग गए। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### ऑनलाईन ठगी का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** ऑनलाईन ठगी कर लाखों की नकदी हड़पने वाले के खिलाफ साईबर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित दिगंबर जैन बालिका विद्यालय के सामने गली नंबर 1 कांजी का हाटा निवासी दिनेश कुमार पुत्र फतेहलाल जैन ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 14 फरवरी शाम मेरे मोबाईल पर एप लिंक आया। उक्त लिंक पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी दी तो कुछ ही देर बाद मेरे बैंक खातों से 5 लाख 11 हजार रूपये निकाले जाने का मैसेज मिला। इस पर ठगी का आभास होने पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

# योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करें : कलेक्टर

■ फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं व बीस सूत्री कार्यक्रम का आमजन को लाभ मिले : कलेक्टर

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने मंगलवार सुबह जिला परिषद सभागार में फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने सभी योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर भूमि आवंटन का कार्य शीघ्र पूरा करने एवं समय पर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष ने कहा की शीघ्र ही राज्य सरकार द्वारा वीसी लेकर फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की जानी है, ऐसे में सभी अधिकारी अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित कर प्रगति से अवगत करावें।

कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की समीक्षा की और निर्देश दिए कि अभियान चला कर शेष परिवारों का इसमें पंजीयन किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस योजना का दायरा बढ़ा कर अब 25 लाख रुपए कर दिया है, ऐसे में हर परिवार को इसमें पंजीयन करना ही चाहिए जिससे उन्हें लाभ मिल सके। चिरंजीवी का पंजीयन बढ़ाने के लिए अन्य जिलों की बेस्ट प्रेक्टिसेज अपनाने की बात कही। इसके अलावा कलेक्टर ने एनएफएसए में अधिकाधिक पात्र परिवारों का पंजीयन कर उन्हें लभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना, शुद्ध के लिए युद्ध अभियान, कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। शुद्ध के लिए युद्ध की समीक्षा के दौरान छोटे-मोटे दुकानदारों के बजाय बड़ी फेक्ट्रियों पर नकेल कसने और मिलावट पर रोकथाम के निर्देश दिए। कन्यादान योजना का व्यापक प्रचार करते हुए अधिकाधिक परिवारों को लाभान्वित करने की बात कही। ऐसे ही राजस्थान कृषि प्रसंस्करण योजना, रिप्स योजना, एमएसएमई एक्ट, मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना, काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना, देवनारायण स्कूटी वितरण योजना आदि की समीक्षा की। ऐसे ही इंदिरा रसोई, शहरी क्रेडिट कार्ड, एक रुपए किलो गेहूं आदि पर चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की क्रियान्विति पर भी अधिकारियों से चर्चा की। बैठक के दौरान उन्होंने मिनी फूड पार्क, मायरा की गुफा विकास कार्य, रानी रोड कार्य, पशु आहार गुणवत्ता, दुधारू गोवंश की नस्लों का संरक्षण, शहरी जल प्रदाय योजना भींडर पुनर्गठन कार्य, नाइट स्काई एस्ट्रो टूरिज्म, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक सहित अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने बीस सूत्री कार्यक्रम से जुड़ी योजनाओं की प्रगति जानकर बीस सूत्री कार्यक्रम में उदयपुर के दूसरे स्थान पर होने को सराहा और प्रयास कर प्रथम आने के निर्देश दिए।

## तीन दिवसीय कार्यशाला

**उदयपुर, (कासं)।** सुखाड़िया विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में रूसा 2.0 के अंतर्गत संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक चिकित्सा पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसकी आयोजन सचिव डॉ. रश्मि सिंह, सहायक प्रो. मनोविज्ञान विभाग ने बताया की कार्यशाला के दूसरे दिन, मुंबई की अथा केन्द्र की मनोचिकित्सक असिरा चिरमुले ने कार्यशाला के दूसरे दिन संवेगों को समझने की जरूरत और साथ ही स्वस्थ संवेग व अस्वस्थ संवेग में कैसे अन्तर किया जाए इसके बारे में समझाया। स्वचालित नकारात्मक विचारों को कैसे पहचाना जाये व उन्हें कैसे दूर किया जा सकता हैं इसके बारे में प्रकाश डाला गय। उन्होंने प्रतिभागियों से वर्कशीट के द्वारा टी टी आर माडल को समझाया. कार्यशाला मेंडॉ कल्पना जैन, डॉ. तरुण कुमार शर्मा, डॉ. वर्षा शर्मा, डॉ. शिप्रा लवानिया व 50 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष ने अभाव अभियोग सुने

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष रफीक खान ने उदयपुर पहुंच कर सर्किट हाउस में जनसुनवाई की एवं जिलेभर से आए लोगों के अभाव अभियोग सुने। जन सुनवाई से पहले आयोग अध्यक्ष रफीक खान का विभिन्न संगठनों एवं प्रबुद्धजनों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

जन सुनवाई के दौरान मुआवजा दिलाने, भूमि पट्टा दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बकाया किस्त जारी करने, आर्थिक सहायता सहित विभिन्न प्रकार के प्रकरण लेकर परिवादी उपस्थित हुए। आयोग अध्यक्ष रफीक खान ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना एवं समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए परिवादियों को आश्वस्त किया। राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष रफीक खान ने जनसुनवाई के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। इस दौरान जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने आयोग अध्यक्ष का स्वागत किया और अल्पसंख्यकों संबंधित योजनाओं की प्रगति और संबंधित विकास कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रभा गौतम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबू शर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ परिवादी भी उपस्थित रहे। आयोग अध्यक्ष रफीक खान ने प्रत्येक समस्या पर जिला कलेक्टर मीणा व संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की एवं समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने आयोग अध्यक्ष रफीक खान से 15 सूत्री कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

मीडिया को संबोधित करते हुए राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष रफीक खान ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा अभिनव कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस वर्ष अभूतपूर्व बजट प्रस्तुत करते हुए अनूठी सौगातें दी है। उन्होंने चिरंजीवी योजना की विशिष्टताओं पर चर्चा की और कहा कि चिरंजीवी योजना के कवरेज को 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख दिया गया है, ऐसे में हर व्यक्ति को इस योजना में पंजीयन करवाना चाहिए। इसके साथ उन्होंने सरकार द्वारा बिजली बिलों में अनुदान, सस्ते गैस सिलेंडर, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित अल्पसंख्यक कल्याण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# बजट में अनदेखी पर रोष जताया

■ पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन (राजस्थान) ब्लॉक शाखा ने हाफ डे कार्य का बहिष्कार किया

**कपासन, (निसं)।** पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन (राजस्थान) ब्लॉक शाखा कपासन, ने अपनी 9 सूत्रीय मांग की बजट में अनदेखी करने पर आज मंगलवार को हाफ डे कार्य का बहिष्कार किया और मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर विरोध जताया। मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। कल बुधवार को सरकार के लिए सद् बुद्धि यज्ञ करेंगे।

पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष देश बंधु जोशी ने बताया की राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के नौ सूत्रीय मांग पत्र पर राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा 2023-24 में मंत्रालयिक कर्मचारियों की मांगों पर कोई सकारात्मक घोषणा नहीं करने का विरोध किया जा रहा है। महासंघ की ओर से चलाए जा रहे आंदोलन के अंतर्गत यहां ब्लाक स्तर पर आज दोपहर बाद कार्य का हाफ डे बहिष्कार किया गया और इस संबंध में मुख्य मंत्री के नाम बीडीओ बृजमोहन गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया।इसके बाद पंचायत समिति कपासन परिसर में स्थित मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यह हाफ डे बहिष्कार 24 फरवरी तक जारी रखा जायेगा। इस दौरान बुधवार को सरकार के लिए सद् बुद्धि यज्ञ किया जाएगा। गुरुवार को मुख्य मंत्री को पोस्ट कार्ड अभियान ओर शुक्रवार को महात्मा गांधी के चित्र के सामने प्रार्थना सभा आयोजित कर विरोध प्रदर्शन कियाइस अवसर पर महा संघ के सदस्य कैलाश गर्ग, अजीज मोहम्मद, भारत खींची, उदयलाल खटीक, लक्ष्मी लाल जाट, नारायण लाल जाट, अनीता विजयवर्गीय, संतोष गुप्ता, कैलाश जाट, लोकेश गौड़ आदि मोजूद रहे।

## अवैध डोडाचुरा से भरी कार जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** बैकरिया थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध डोडाचुरा से भरी कार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहेतलाशी अभियान के दौरान पुलिस उप अधीक्षक कोटडा राजेश कसारा के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी मुकेश कुमार ने 20 फरवरी रात में नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान उदयपुरकी तरफ से आ रही कार को इशारा किया तो चालक गाडी मोड कर ले भाग। जिसका पिछा करने पर पिलका कट के पास से रोड़ किनारे झाड़ियों के पास कार खडी कर अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया।

# नव अलंकृत नवलखा महल का लोकार्पण 26 फरवरी को

**उदयपुर, (कासं)।** 19वीं सदी के महान् विचारक, वेदों के महान व्याख्याता, महर्षि दयानन्द सरस्वती 10 अगस्त 1882 को उदयपुर पधारे थे और तत्कालीन महाराणा सज्जन सिंह ने उन्हें अपने अतिथिगृह गुलाबबाग स्थित नवलखा महल में ठहराया। यह वही स्थान है जहां महर्षि दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश की रचना की। यह स्थल ऐतिहासिक धरोहर के रूप में अब उदयपुर में आर्य समाज का प्रमुख केन्द्र होने के साथ देशभर में चर्चित है। पिछले वर्षों से जारी इसके जीर्णोद्धार कार्य के पूर्ण होने पर अब इसके नवस्वरूप का लोकार्पण होने जा रहा है। इसका लोकार्पण 26 फरवरी को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत करेंगे।

श्रीमद दयानंद सत्यार्थ प्रकाश न्यास उदयपुर के अध्यक्ष अशोक आर्य ने मंगलवार को लोकार्पण कार्यक्रम तथा नवस्वरूप की अवधारणा की विस्तृत जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय समारोह में पहले दिन 26 फरवरी को सुबह नवलखा महल सांस्कृतिक केन्द्र का लोकार्पण होगा। लोकार्पण गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत करेंगे। दूसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाल ही असम के राज्यपाल के रूप में मनोनीत गुलाबचंद कटारिया होंगे। अध्यक्षता जेबीएम ग्रुप के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार आर्य करेंगे। सिक्किम के पूर्व राज्यपाल बाबू गंगा प्रसाद भी इस अवसर पर विशेष अतिथि होंगे। इनके अलावा भी कई विभूतियां कार्यक्रम में शामिल हो रही हैं।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ.अमृतलाल तापड़िया और न्यास के मंत्री भवानीदास आर्य ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर है। बाहर से भी अतिथि आ रहे हैं, उनके आवास की व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। नवलखा महल सांस्कृतिक केन्द्र के नवस्वरूप के बारे में डॉ. अशोक आर्य ने बताया कि यह अपनी तरह का ऐसा पहला केन्द्र है जहां जीवन के सत्य, संस्कारों और वेदों में वर्णित ज्ञान को सरल रूप में समझाने का प्रयास किया गया है। जीवन के 16 संस्कारों को झांकियों के रूप में बनाया गया है और उनके बारे में समझाने के लिए ऑडियो की भी व्यवस्था की गई है जिसे क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी सुन सकता है। इसका अंग्रेजी अनुवाद भी करवाया जा रहा है। वेद मंत्रों के अर्थ दृश्यात्मक रूप से समझाए गए हैं। छोटा थियेटर भी बनाया गया है जिसमें महापुरुषों के बारे में फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। भारत गौरव दर्शन दीर्घा भी बनाई गई है।

आर्य ने बताया कि किसी भी महापुरुष के व्यक्तित्व निर्माण में माता की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ऐसी 10 माताओं के वर्णन वाली भी दीर्घा बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इन सभी का दर्शन सिर्फ 30 रुपये के प्रवेश शुल्क पर रखा गया है। हालांकिए विद्यालयों के छात्र.छात्राओं के सामूहिक आगमन पर विद्यालय के आग्रह पर प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। न्यास स्कूलों को स्वयं पत्र लिखकर यह जानकारी दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रयास किया जा रहा है कि न्यास के पास एक बस की व्यवस्था हो जाए ताकि जिन स्कूलों के पास बस नहीं हैए उनके बच्चों को लाने.छोड़ने के लिए न्यास ही बस उपलब्ध करा सके।

## सार-समाचार

### कलक्टर मीणा आज सम्मानित होंगे

**उदयपुर, (कासं)।** पाली के रोहट में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में विशेष योगदान के लिए उदयपुर जिला कलक्टर ताराचंद मीणा को धन्यवाद बैज से सम्मानित किया जाएगा।भारत स्काउट एंड गाइड के राज्य सचिव डॉ पीसी जैन ने बताया कि जंबूरी में विशेष योगदान के लिए राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड संगठन की ओर से 22 फरवरी को जयपुर में उदयपुर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को माननीय राज्यपाल कलराज मिश्र की गरिमामय उपस्थिति के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कुंआ थानान्तर्गत एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने नाबालिग के फोटो सोशल मीडिया पर भी शेयर कर दिए थे। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया की चोरी, डकैती, लूटपाट के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपियों की धरपकड के लिए अभियान चल रहा है। इसी के तहत पिछले महीने एक नाबालिग का किडनैप कर रेप और उसके फोटो सोश्यल मीडिया पर शेयर करने वाले आरोपी की तलाश की जा रही थी, लेकिन आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के घर, रिश्तेदारों के साथ ही पडौसी राज्य गुजरात में कई जगह तलाश की। पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और फोटो शेयर करने वाले आरोपी अखिलेश पुत्र बदा धामोत मीणा निवासी सालेडा को गिरफ्तार कर लिया है।

### तहसील कार्यकारिणी घोषित

**भीण्डर, (निसं)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह कटार, प्रदेश अध्यक्ष मनोहर सिंह घोडीवारा के निर्देशन में भीण्डर तहसील कार्यकारिणी घोषित की गई। उदयपुर जिला अध्यक्ष जीवन सिंह सेनवाडा, जिला अध्यक्ष ग्रामीण सतवीर सिंह पहाडा, जिला प्रभारी अर्जुन सिंह चुंडावत गढपुरा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भीण्डर तहसील अध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौड, संरक्षक मोड सिंह, हुकुम सिंह, तहसील प्रभारी ललित सिंह, घनश्याम सिंह, महामंत्री शेर सिंह, रणजीत सिंह, उपाध्यक्ष गजराज सिंह, पुष्कर सिंह, कुलदीप सिंह, प्रवक्ता चंद्रभान सिंह, मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह, बबलू सिंह आदि को मनोनीत किया।

### हनुमान चालीसा का पाठ किया

**कुशलगढ़, (निसं)।** विप्र फाउंडेशन परिवार के द्वारा आज रामजी मंदिर में ठांथ रामचरित्र मानस पूजन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ सर्व समाज एवं विप्र फाउंडेशन परिवार के द्वारा आयोजित हुआ इस अवसर पर राम चरित्र मानस पर प्रकाश डालते हुए विप्र फाउंडेशन प्रदेश संगठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ हेमेंद्र पंड्या ने कहा रामचरित्र मानस की धर्म नहीं है हमारी आत्मा है हमारे पर्यावरण हमारी प्रकृति है रामचरितमानस पर सवाल उठाने वाले पर करारा जवाब दिया जाएगा

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

**भारतीय स्टेट बैंक**
**शाखा:-चंदेरिया-31325, चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)**

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) **और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधकर्ता) **मोहम्मद फैजान मंसूरी पुत्र मोहम्मद यूसुफ मंसूरी** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **30/11/2022 को रूपये 7,15,214/- (रुपये सात लाख पंद्रह हजार दो सौ चौदह मात्र) दिनांक 29/11/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पति का आधिपत्य **दिनांक 16 माह फरवरी वर्ष 2023** को ग्रहण कर लिया हैं। "प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ का ध्यान अधिनियम की 2002 की धारा 13(4) की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।" ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 7,39,365.00/- दिनांक 16/02/2023** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

***स्थावर सम्पत्ति का विवरण***

**मोहम्मद फैजान मंसूरी पुत्र मोहम्मद यूसुफ मंसूरी** की आवासीय सम्पत्ति जो कि **प्लाट नं. 13, लिप्रा रेजीडेंसी, सेमलपुरा, गोपाल नगर, जिला-चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312001** में स्थित है। **जिसकी माप लगभग 750 वर्ग फीट है।**

| | | |
|---|---|---|
| **चतुः सीमाऐं:** | **पूर्व में : आवासीय भूखंड** | **पश्चिम में : 30 फीट रोड़** |
| | **उत्तर में : प्लाट नं. 14** | **दक्षिण में : प्लाट नं. 12** |

**दिनांक : 16/02/2023**
**स्थान : चित्तौड़गढ़**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**भारतीय स्टेट बैंक**

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20 **ई-ऑक्शन आमंत्रित सूचना**

संख्या : C78/05/SLR/2021 दिनांक : 20.02.2023

अजमेर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग, लीजिंग ऑफ एसएलआर/वीपीयू, पे एण्ड यूज,Out of Home, Mobile asset, ATM एवं RDN ( Digital) के ठेके के लिए ई-ऑक्शन आमंत्रित सूचना

| निविदा संख्या | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की अवधि | ई-ऑक्शन प्रारम्भ होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | **एसएलआर लीजिंग** :- अजमेर मंडल के अजमेर व उदयपुर सिटी स्टेशनों से प्रारम्भ होने वाली 19 यात्री गाड़ियों के 26 एसएलआर कम्पार्टमेंट एवं गाड़ी संख्या 20973/20974 में 01 VPU के ई-ऑक्शन करने बावत। | 02 वर्ष | 06.03.2023 को 11.00 बजे |
| 2. | **पार्किंग** :- अजमेर मंडल के विभिन्न स्टेशनों (नसीराबाद, बड़ी सादडी, फतेहनगर, कपासन, डूंगरपुर, नाना व सोमेसर) पर **पार्किंग** के ठेके के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। | 03 वर्ष | 06.03.2023 को 12.00 बजे |
| 3. | **पे एण्ड यूज** : अजमेर मंडल के ब्यावर स्टेशन पर "पे एंड यूज" के ठेके के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। | 03 वर्ष | 06.03.2023 को 11.00 बजे |
| 4. | **Out of Home** - सोजत रोड, नसीराबाद, मावली ज., सोमेसर, मदार ज., भूपालसागर, गुलाबपुरा, फतेहनगर, कपासन, बिजयनगर, बड़ीसादड़ी, रानी, मारवाड़ ज., फालना, आबूरोड, पिण्डवाडा, जावाईबांध, स्वरूपगंज, जयसमंद रोड, डूंगरपुर, इकबाल गढ़ व नाना | 03 वर्ष | 06.03.2023 को 12.00 बजे |
| 5. | **Mobile Asset** : 19966/65,09616/15,19609/10, 09605/06/03/04,12964/63, 12978/77, 22987/88, 19608/07, 19611/12/13/14, 20971/72, 19615/16, 12988/87. | 03 वर्ष | |
| 6. | **RDN ( Digital)** - आबूरोड | 03 वर्ष | |
| 7. | **ATM** : फतेहनगर, पिण्डवाडा, रानी, उदयपुरसिटी (ZRTI), राणाप्रताप नगर, भीलवाड़ा, मावली ज., आबूरोड, बिजयनगर, फालना, डूंगरपुर, जावाईबांध, नसीराबाद, मारवाड़ ज. व अजमेर | 03 वर्ष | 07.03.2023 को 11.00 बजे |

1. वेबसाईट जहां से लोट वाइज ई-आक्शन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in 178-DG/23

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

# नकली घी बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा, 10 टन नकली घी पकड़ा

## ओम गणपति मिल्क प्रोडेक्ट नाम से नकली घी बनाने की सूचना मिली थी



जालोर पुलिस ने नकली घी बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारकर नकली घी जब्त किया।

**जालोर, (कासं)।** जालोर पुलिस ने सोमवार देर रात को शहर के पोनियानाडा रोड़ पर शिकायत मिलने पर ओम गणपति मिल्क प्रोडेक्ट नाम की नकली घी की फैक्ट्री में नकली घी बनाने का अंदेशा होने पर कार्यवाही कर घी को जब्त किया। जालोर शहर में पिछले कई सालो बाद पहली बार कार्यवाही होने से शहर में फल फूल रहे अवैध कारोबारियों में हडकंप मचा हुआ है। पिछले दो सालों से उक्त फैक्ट्री में घी बनाने का कारोबार फल फूल रहा था। वहीं जालोर शहर के निकट बिशनगढ़ में भी कार्यवाही की।

वहीं पुलिस ने सोमवार देर रात को कार्यवाही कर सैम्पल के लिए खाद्य सुरक्षा टीम को मौके पर बुलाकर नमूने लिए है। उक्त टीम ने लिए गये घी के सैम्पलों को जांच के लिए एफएसएल लेब में भेजे जायेंगे। सैम्पल की जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस उक्त मामले में कार्यवाही करेंगी।

पुलिस ने फैक्ट्री से करीब 10 टन नकली घी पकड़ा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर में अलग-अलग ब्रांड से नकली घी बनाकर बेचा जा रहा था। पुलिस टीम ने दबिश दी तो अंदर नकली घी का पूरा कारखाना मिला। यहां पर पुलिस को अलग-अलग ब्रांड की पैकिंग मिले। टीम को मौके से घी की खुशबू के एसेंस और अन्य पदार्थ भी मिले हैं। घी की फैक्ट्री में बडे-बडे स्टील के टैंक में मिलावटी पदार्थ मिला। फैक्ट्री में इस नकली घी को अलग-अलग ब्रांड के नाम से पैक किया जा रहा था। सरस जैसे प्रोडेक्ट के नाम से भी बेच रहे थे। फैक्ट्री में मिले पैकिंग में छोटे शब्दों में मारवाड की शान एवं बड़े अक्षरों में सरस लिखा हुआ था। जैनुल शुद्ध घी, जय श्री कृष्णा गाय का घी, ओम गजानंद घी जैसे ब्रांड का उपयोग हो रहा था। गजानंद ब्रांड का घी प्रदेशभर में सप्लाई हो रहा है। इस नाम को यहां पर ओम गजानंद जोडकर बेचना शुरू कर दिया था। ऐसे में गजानंद ब्रांड ने इसकी शिकायत पुलिस को की तो फैक्ट्री पर दबिश दी गई।

साइबर क्राइम के डीएसपी राजेश टेलर ने बताया कि ओम गजानंद नाम से मार्केट में नकली घी सप्लाई किया जा रहा था। शिकायत पर उन्होंने पुलिस टीम के साथ नकली घी की फैक्ट्री पर छापेमारी की तो वहां बड़ी मात्रा में नकली घी मिला। उन्होंने बताया कि 2 साल से फैक्ट्री चलने की जानकारी सामने आ रही है। फैक्ट्री का मालिक महावीर सिंह और बलवीर सिंह बोया है। फैक्ट्री में पुलिस को स्टील के बने बड़े-बडे टैंक में मिलावटी पदार्थ मिला है। यह पदार्थ घी की तरह जम रहा है। पुलिस के अनुसार इसी पदार्थ से नकली घी को बनाया जा रहा था। हालांकि इसकी जांच के बाद ही पता चल पाएगा की यह कौनसा पदार्थ है। पुलिस सभी मिलावटी पदार्थों को भी बरामद करने की कार्रवाई की। फैक्ट्री में यूरिया खाद का भी कट्टा मिला है, ऐसे में आशंका है कि यूरिया खाद का भी घी बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा था।

- **फैक्ट्री में नकली घी को अलग-अलग ब्रांड के नाम से पैक किया जा रहा था**

डीएसपी राजेश टेलर ने बताया कि फैक्ट्री में दबिश देने के अलावा पंचायत समिति के सामने स्थित पवन एजेंसी से भी सैंपल लिए है, जो खाद्य विभाग को भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बिशनगढ में भी इसी फैक्ट्री का घी जा रहा था। वहां पर पुलिस ने दुकान से सैंपल लेकर दुकान को सील किया है। यहां गजानंद ब्रांड की पैकिंग करके मार्केट में घी बेचा जा रहा था।

# बजरी माफिया ने रॉयल्टी नाकाकर्मियों से मारपीट कर टैंट में आग लगाई

## आधा दर्जन लग्जरी कारों में सवार होकर आए बदमाशों ने नाके पर लूट और तोड़फोड़ भी की



मांडलगढ़ के बिलिया रॉयल्टी नाके पर लगे टेंट में बजरी माफिया ने आगजनी की।

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ के जालियां गांव के पास बजरी माफिया की दबंगई का मामला सामने आया है। यहां लीज धारक के कर्मचारियों द्वारा बनास नदी से अवैध खनन कर बजरी ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकडने पर माफिया गिरोह ने रॉयल्टी कर्मचारियों के साथ मारपीट कर रॉयल्टी नाके के टेन्ट में आग लगा दी।

जानकारी अनुसार बजरी माफिया ने एक माह में यह दूसरी वारदात को अंजाम दिया है। इससे इलाके में पुलिस के लॉयन ऑर्डर पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मांडलगढ़ के बीगोद थाना क्षेत्र के जालियां के पास बिलिया रॉयल्टी नाके पर बीती रात बनास नदी से अवैध बजरी भर कर ट्रैक्टर ट्रॉली जा रही थी,

- **बजरी माफिया ने एक माह में दूसरी वारदात को अंजाम दिया है**
- **दो दर्जन आरोपियों के खिलाफ दर्ज हुआ मामला**

इस दौरान रॉयल्टी नाके के कर्मचारियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले की भनक लगने पर बजरी माफिया गिरोह के लोग आधा दर्जन लग्जरी कारों में आए और रॉयल्टी कर्मचारियों के साथ मारपीट करने लगे। इस बीच नाके के अन्य कर्मचारी जान बचा कर भाग गए। बजरी माफिया गिरोह ने रॉयल्टी नाके पर जम कर तोड़फोड़ कर 11 हजार की नकदी लूट ली। बजरी माफिया ने टेन्ट में आग लगा दी। इससे टेन्ट में रखा सामान जल कर राख हो गया।

बिलिया गांव के रॉयल्टी नाका कर्मचारी शैतान सिंह ने भैरू लाल गुर्जर समेत दो दर्जन लोगों के खिलाफ बीगोद थाने में मामला दर्ज कराया हैं। गत दिनों में भी भैरू लाल गुर्जर ओर इसके गिरोह ने एक अन्य रॉयल्टी नाके के लेपटॉप और अन्य कई उपकरण को तोडफोड कर नकदी लूट की वारदात को अंजाम दिया था, जिसका मामला काछोला थाने में दर्ज कराया गया था लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की हैं।

# सांभर साल्ट के उत्पादन क्षेत्र में 10 फ्लेमिंगो पक्षी मृत मिले



गुढ़ा के नजदीक साल्ट प्रोडक्शन एरिया की तरफ झील में मृत पाए गए फ्लैमिंगो पक्षी।

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर साल्ट की गुढा स्थित प्रोडक्शन एरिया की तरफ 10 फ्लैमिंगो पक्षियों के मृत मिलने से वन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों में जबरदस्त हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर मौके पर एसडीएम, तहसीलदार, सांभर साल्ट के जीएम, पशु चिकित्सा अधिकारी, वन विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे तथा मौका निरीक्षण किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लेखराज चौधरी ने बताया कि पक्षियों के शव पर जले हुए निशान पाए गए हैं, कुछ झुलसने से काले पड़ गए थे, एक ही गर्दन

- **8 पक्षियों को वैज्ञानिक पद्धति से दफनाया 2 के शव पोस्टमार्टम के लिए जयपुर भेजे**
- **एसडीएम, तहसीलदार, सांभर साल्ट के जीएम, पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे**

कटी हुई थी। झील एरिया में सांभर साल्ट की हाई वोल्टेज लाइन भी गुजर रही है। प्रारंभिक तौर पर ऐसा प्रतीत होता है की विद्युत तारों की चपेट में आने की वजह से इनकी मौत हुई है लेकिन वास्तविक कारणों का पता शवों के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

वन विभाग के श्यामश्री शर्मा ने बताया कि मृत पक्षियों के शवों को सुरक्षित तरीके से दफना दिया गया है। चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर दो फ्लैमिंगो पक्षियों के शव को जयपुर स्टेट डिजीज डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। सांभर साल्ट के जीएम रक्षपाल सिंह से बात करनी चाही लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## खेत से छह पैकेट हेरोइन और ड्रोन का मलबा बरामद

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले के श्रीकरणपुर इलाके के गांव 24 ओ भुट्टीवाला के आसपास खेतों में पुलिस को छह पैकेट में हेरोइन मिली। यह कितनी मात्रा में है इसकी पुख्ता जानकारी तो अब तक पुलिस या बीएसएफ ने नहीं दी है लेकिन खेतों में हेरोइन के पैकेट मिलने की पुष्टि पुलिस के उच्च अधिकारियों ने की है। घटना के बाद इलाके में बीएसएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाया है। हालांकि अब तक कोई तस्कर पकड़ में नहीं आया है। मौके से एक ड्रोन का मलबा भी मिला है। यह खेतों में कैसे गिरा इसकी पुष्टि भी नहीं हुई है। ग्रामीणों को खेतों में कुछ पैकेट पड़े दिखे तो उन्होंने इसकी सूचना निकट के बीएसएफ जवानों को दी। बीएसएफ ने तुरंत इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। हालांकि अब तक किसी तस्कर की गिरफ्तारी की जानकारी नहीं मिली है। घटना की पुष्टि करते हुए एएसपी सतनाम सिंह ने कहा कि हमें श्रीकरणपुर बॉर्डर इलाके में हेरोइन मिलने की सूचना मिली है। इसके साथ ड्रोन का मलबा भी मिला है।

# ट्रेलर ने चार युवकों को कुचला, मौके पर मौत

**दूदू/जयपुर, (निसं)।** जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को गैजी मोड के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े चार युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में चारों की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों के शवों को दूदू राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस ने बताया कि अजमेर मार्ग पर गैजी मोड के पास बाइक सवार दो युवक अपने साथी दो युवकों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान जयपुर से अजमेर की तरफ तेज गति से जा रहे ट्रेलर ने सड़क किनारे बाइक सहित खड़े चारों युवकों को चपेट में लेते हुए काफी दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। जिससे पड़ासोली गांव के रहने वाले जितेन्द्र पुत्र अशोक, पप्पू पुत्र हनुमान माली, सलीम पुत्र पीरू खां व अमर चंद पुत्र मोहन लाल माली की मौत हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को दूदू राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए गए। चालक ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया।

## सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के भीमगंज थाने क्षेत्र की सांगानेर कॉलोनी गली नंबर 12 में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार रमेशचन्द्र कोली अपने परिवार के सदस्यों के साथ 17 फरवरी को सामाजिक कार्यक्रम में शरीक होने जयपुर गए हुए थे, इस दौरान घर सूना था। 20 फरवरी को रात 3 से 6 बजे के बीच चोरों ने कोली के घर के ताले तोडकर अंदर प्रवेश कर 50 हजार रूपये नकद, दो तोला सोने की अंगुठी, एक तोले का ओम का पेण्डल, दो जोड़ी चांदी की पायजेब 525 ग्राम, एक चांदी का कडा, 2 कडे बच्चों के, बच्चों के पायजेब 2 जोडी, 6 जोडी चांदी की बिच्छियां चुरा ली। सुबह करीब 7 बजे के लगभग परिवादी के परिचित की सूचना पर जयपुर से भीलवाड़ा आकर देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ था। मकान के सभी कमरों व मेन गेट के ताले टूटे हुए थे। नकदी व जेवरात गायब थे। इसकी सूचना भीमगंज थाना पुलिस को दी गई।

# अधिवक्ता जुगराज हत्याकांड: परिजनों ने नहीं उठाया शव

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में गत शनिवार को अधिवक्ता जुगराज की हत्या के बाद लामबद्ध हुए अधिवक्ताओं का आज दूसरे दिन भी न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहा। नई सड़क से लेकर एमजीएच मोर्चरी तक खूब हंगामा और प्रदर्शन हुआ। नई सड़क पर वकीलों ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया तो एमजीएच के बाहर धरना देकर बैठ गए। अधिवक्ता जुगराज का शव आज चौथे दिन भी मोर्चरी में रखा रहा। अधिवक्ता मुआवजा सहित कई अन्या मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। शाम तक जोरदार स्थिति बनी रही। फिलहाल धरना प्रदर्शन खत्म होने के आसार नजर नहीं आए।

इधर प्रदर्शन को देखते हुए यातायात पुलिस ने वाहनों का डायवर्जन कर दिया। जिससे जालोरी गेट, चौपासनी रोड, सरदारपुरा एरिया में जाम वाली

- **शहर में वकीलों ने बनाई मानव श्रृंखला, जोधपुर बंद की चेतावनी दी**

स्थिति बनी रही। माता का थान क्षेत्र में वकील जुगराज चौहान की सरेराह हत्या के बाद से मांगों को लेकर वकीलों का धरना प्रदर्शन जारी है। 18 फरवरी को हत्या के बाद से चौथे दिन भी परिजनों ने शव नहीं उठाया। हाईकोर्ट की दोनों एसोसिएशन एडवोकेट एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन ने कोर्ट में हड़ताल रखी वही अधिवक्ताओ ने आज सोजती गेट तक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया।

दोनों एसोसिएशन के अध्यक्ष का कहना है कि परिजनों को सुरक्षा, एक करोड़ की सहायता व आश्रितों को सरकारी नौकरी की मांग कर रहे हैं। अधिवक्ता मुख्यमंत्री से भी मिले थे। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देने के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की सहायता राशि व पुलिस प्रोटेक्शन के आदेश नहीं दिए गए और ना ही मांगें मानी हैं। जिससे आहात होकर आज सोजती गेट पर धरना देकर रास्ता जाम किया गया है। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में वकील की जघन्य हत्या होने के बावजूद प्रशासन ने किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिखाया है। यही रवैया रहा तो एक दो दिन में जोधपुर बंद करवाया जाएगा।

सोमवार से आज तक हाईकोर्ट में कोई सुनवाई के दौरान वकील नहीं पहुंचे। सभी वकीलों ने रैली निकाल सोजती गेट पर धरना दिया। वकील आज सोजती गेट का रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया व जोधपुर बंद की चेतावनी दी है।

एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत जोशी ने कहा कि अफसोस होता है सीएम के विधानसभा क्षेत्र में दिन दहाड़े हत्या हो जाती है। एक सप्ताह में चार वकीलों पर अटैक होते हैं। उनके गृह जिले में वकील सुरक्षित नहीं है तो राजस्थान में कानून की व्यवस्था के क्या हाल होंगे। उन्होंने बताया कि एडीसीपी नाजिम अली व एसडीएम बात करने आए थे लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकले। सहायता राशि व अन्य मांगें नहीं मान ली जाती तब तक वकील आंदोलन करेंगे।

वकीलों की दोनों एसोसिएशन ने पहले ही प्रशासन को चेताया था कि मांगें नहीं मानी तो मंगलवार यानी आज हेरिटेज भवन से सोजती गेट चौराहे तक हजारों की संख्या में वकील पैदल रैली निकालेंगे। फिर सोजती गेट पर धरना देकर रास्ता जाम किया जाएगा। अधिवक्ताओं के रास्ता जाम करने से ट्रेफिक व्यवस्था बिगड़ गई।

## घर में घुसा "कबर बिज्जू", चार घण्टे परिवार दहशत में रहा



कबर बिज्जू को वन विभाग के सुपुर्द किया।

**पावटा, (निसं)।** पावटा कस्बे में मोदी मंदिर के पास अनिल सैन के घर में शाम 7 बजे के लगभग एक "कबर बिज्जू" दिखने से हड़कंप मच गया। परिवार कुछ समझ पाता इसके पहले कमरे से भाग खड़े हुए। फिर बिना देरी किए भानु सैन पुत्र अनिल सैन ने इसकी जानकारी पार्षद संजय सैन को दी उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम असफल रही। इसके बाद पावटा श्रीराम गौ सेवा समिति के सदस्यों ने चार घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ पाने में सफल हुए तब जाकर घर वालों ने राहत महसूस किया और वन विभाग को सुपुर्द किया गया।

घर वालों ने पावटा श्री राम गौ सेवा समिति के युवा सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं पार्षद संजय सैन, एडवोकेट लोकेश कुमार शर्मा, अनिल

- **वन विभाग की टीम रही असफल, गौ सेवकों ने सफल रेस्क्यू किया**

सैन, बीरबल गढवाल, रूपेश कुमार शर्मा, कुलदीप गढवाल, गुलशन सैन, अमित सैन सहित अनेकों लोगों की भीड़ कबर बिज्जु को देखने के लिए इकट्ठा हो गई। वहीं समिति वही गौ सेवक टीम प्रहलाद सैन, लोकेश टांक, धीरज सैनी, अमित बटवाल, नितेश कुमार शर्मा, आदित्य गौड, अमन मिश्रा, सावर मल सैनी, प्रदीप टांक, मनोज सैनी सहित गौ सेवक सदस्यों के कार्य की सराहना की।

# बाड़मेर रिफाइनरी "ज्वेल ऑफ द डेजर्ट" साबित होगी: हरदीप सिंह पुरी

## केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने एच.पी.सी.एल. में मीडिया को संबोधित किया

**जोधपुर, (कासं )।** बाड़मेर रिफाइनरी "ज्वेल ऑफ द डेजर्ट" साबित होगी। यह योजना राजस्थान के लोगों के लिए रोजगार, अवसर और खुशी लाएगी। यह बात केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को एचपीसीएल में मीडिया को संबोधित करते हुए कही। राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि परियोजना की परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया दृष्टिकोण के अनुसार की गई है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एचआरआरएल कॉम्प्लेक्स, पचपदरा में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के बाड़मेर में ग्रीनफील्ड रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की स्थापना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार (जीओआर) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) द्वारा की जा रही है। जिसमें क्रमश: 74 प्रतिशत और 26 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

उन्होंने बताया कि परियोजना की परिकल्पना 2008 में की गई थी। शुरुआत में इसे 2013 में मंजूरी दी गई थी। 2018 में इसे फिर से आकार दिया गया और भारत के प्रधानमंत्री द्वारा इसकी शुरुआत की गई थी। कोविड-19 महामारी के 2 वर्षों के दौरान सामने आई बाधाओं के बावजूद परियोजना का 60 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने बताया कि एचआरआरएल रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स 9 एमएमटीपीए कच्चे तेल को संसाधित करेगा और 2.4 मिलियन टन से अधिक पेट्रोकेमिकल का उत्पादन करेगा जो पेट्रोकेमिकल के कारण आयात बिल को कम करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना न केवल पश्चिमी राजस्थान के लिए औद्योगिक केंद्र के लिए एक प्रमुख उद्योग के रूप में कार्य करेगी बल्कि 2030 तक 450 एमएमटीपीए शोधन क्षमता हासिल करने के अपने दृष्टिकोण के लिए भारत को आगे बढ़ाएगी। पुरी ने कहा कि यह परियोजना पेट्रोकेमिकल्स के आयात प्रतिस्थापन के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाएगी। वर्तमान आयात



केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एच.पी.सी.एल. का निरीक्षण किया।

95 हजार करोड़ रुपये का है। यह पोस्ट कमीशन आयात बिल को 26 हजार करोड़ रुपये तक कम कर देगा।

रिफाइनरी की स्थापना के कारण क्षेत्र में कनेक्टिविटी में वृद्धि की चर्चा करते हुए, पुरी ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में गांवों के लिए सड़कों के निर्माण से क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार लाने में सहायता मिलेगी। पुरी ने परियोजना के पर्यावरण संबंधी लाभों का भी उल्लेख किया। उन्होंने जानकारी दी कि रिफाइनरी परिसर में डेमोइसेल बगुला जैसे प्रवासी पक्षियों के लिए आद्रभूमि वास का भी विकास किया जा रहा है। पर्यावरण को लाभ पहुंचाने वाले अन्य काम भी किए जा रहे हैं, उनमें प्राकृतिक सतही जल निकायों का कायाकल्प तथा पचपदरा से खेड़ तक वृक्षारोपण शामिल है। इसके अतिरिक्त, एएफआरआई द्वारा परिसर में रेगिस्तानी भूमि के लिए अध्ययन किया जा रहा है जिससे कि भूमि में उच्च लवणीय तत्व पर विचार करते हुए इसे हरित पट्टी के रूप में परिवर्तित किया जा सके।

इस परियोजना के कारण, राजस्व में वृद्धि के बारे में चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि राज्य के खजाने को पेट्रोलियम सेक्टर द्वारा किया जाने वाला वार्षिक योगदान लगभग 27,500 करोड़ रुपये का होगा जिसमें से रिफाइनरी परिसर का योगदान 5,150 करोड़ रुपये का होगा। इसके अतिरिक्त, लगभग 12,250 करोड़ रुपये के बराबर के उत्पादों के निर्यात से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी अर्जित होगी।

इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ,पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष बाबू सिंह राजगुरु, भाजपा बाडमेर जिला अध्यक्ष स्वरूप सिंह खारा, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोविंद सिंह कालूडी, नगर मंडल अध्यक्ष अमराराम सुंदेशा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पेपरलीक गिरोह के तार कांग्रेस की सत्ता और संगठन तक जुड़े हुए हैं : देवनानी

## 'इसलिए कांग्रेस राज में पेपर लीक की घटनाएं ना रूकी हैं और ना ही रूकेंगी'

- देवनानी ने कहा प्रदेश में पेपरलीक होने के बावजूद भी सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाएं है।
- उन्होंने कहा कि नौकरियां देने के नाम पर कांग्रेस सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है, एक लाख नौकरियां पांच-छह माह में कैसे दी जाएंगी?

**जयपुर** (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान में पेपरलीक गिरोह के तार कांग्रेस की सरकार और संगठन तक जुड़े हुए हैं, इसलिए कांग्रेस राज में पेपर लीक होने की घटनाएं ना पहले कभी रूकी हैं और ना ही आगे रूकेंगी।

देवनानी ने जारी बयान में कहा कि 19 फरवरी को सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होना कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस शासनकाल में अब तक जितनी भी भर्ती परीक्षाएं हुई हैं, उनमें से करीब 75 प्रतिशत परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं।

रीट, द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती सहित अनेक भर्ती परीक्षाएं इसकी उदाहरण है। इतना सब-कुछ होने के बावजूद कांग्रेस सरकार अभी तक पेपर लीक की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठा पाई है। यही नहीं, पेपर लीक गिरोह से जुड़े ऊंचे रसूखदारों के खिलाफ भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे पेपर लीक गिरोह में शामिल लोगों के हौंसले बुलंद हैं और वे बेखौफ खुलेआम घूम रहे हैं। देवनानी ने कहा कि पेपर लीक होना कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी विफलता का प्रमाण है। विधानसभा में पेपर लीक नहीं होने देने की लंबी-लंबी बातें करने के बाद भी पेपर आउट हो गया। यह सरकार केवल युवाओं को गुमराह करने के सिवाय कुछ नहीं कर रही है।

देवनानी ने कहा कि सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र में यह घोषणा की कि अब किसी भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं होने दिया जाएगा। सरकार ने अनेक इस घोषणा की हवा सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के साथ ही निकल गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पेपर लीक सरकार है। उन्होंने कहा, यह बड़ा ही विचारणीय सवाल है कि जिस सरकार से खुद का बजट लीक होने से बचाया नहीं जा सका, वह पेपर लीक होने की घटनाओं पर कैसे अंकुश लगाएगी।

देवनानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल युवाओं की आंखों में धूल झोंक कर उनके सपनों और भविष्य का चकनाचूर कर रही है। पिछले बजट में जिन भर्तियों की घोषणा की गई थी, वह अभी तक नहीं हो पाई हैं और सरकार ने इस साल के बजट में फिर से एक लाख नौकरियां देने की घोषणा कर युवाओं को गुमराह किया है। देवनानी ने कहा कि इस सरकार का कार्यकाल पूरा होने में महज पांच-छह महीने बचे हैं, ऐसे में सवाल यह उठता है कि कब तो भर्तियों के लिए विज्ञिप्तयां जारी कर आवेदन मांगे जाएंगे, कब परीक्षाएं व इंटरव्यू होंगे और कब सफल अभ्यर्थियों को नियुक्तियां मिलेंगी।जब तक आवेदन मांगे जाएंगे और परीक्षाएं कराई जाएंगी, तब तक इस कांग्रेस सरकार के दिन पूरे हो जाएंगे और एक बार फिर युवा अपने आप को ठगा-सा पाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की चाल को युवा अच्छी तरह समझते और जानते हैं, इसलिए युवा वर्ग अब उसके बहकावे में बिल्कुल नहीं आएगा और इस सरकार को उखाड़ फेंकेगा।

## युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की

**जयपुर** । गांधीनगर इलाके में एक युवक ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों के हवाले कर दिया। एएसआई धर्म सिंह ने बताया मृतक गणपत चंदेल (28) पुत्र रतिराम चंदेल इंदिरा नगर तलाई कच्ची बस्ती का रहने वाला था, जोकि मजदूरी करता था।

घटनाक्रम के मुताबिक सोमवार देर शाम करीब 7 बजे परिजन घर में बैठे हुए थे। इसी दौरान गणपत ने खुद को कमरे में बंद किया और तौलिया से दरवाजे के ऊपर ग्रिल से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार गणपत नशे का आदि था, घटना वाले दिन भी वह सुबह से शराब पी रहा था। मृतक गणपत शादीशुदा था, जिसकी तीन लड़किया और एक लड़का है। वहीं बजाज नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया मूर्तिकलां कॉलोनी निवासी सुरेंद्र शर्मा 20 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे गोपालपुरा बायपास पर बस से उतर रहा था।

## प्रदेश में दो करोना संक्रमित मिले

**जयपुर**। प्रदेश में मंगलवार को तीन दिन बाद दो नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच किसी भी मरीज के ठीक नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 7 हो गए हैं। प्रदेश में मंगलवार को अजमेर और हनुमानगढ़ में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इससे पहले राज्य में शनिवार, रविवार और सोमवार को एक भी नया संक्रमित नहीं पाया गया था। इधर राजधानी जयपुर में आज लगातार आठवें दिन भी कोई नया मरीज नहीं मिला है। जिले में फिलहाल एक ही एक्टिव केस बचा है। उधर प्रदेश में मंगलवार को किसी भी मरीज के ठीक नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 7 हो गए हैं। इनमें उदयपुर व अजमेर में 2-2, जयपुर, अजमेर, हनुमानगढ़ व राजसमंद में 1-1 मामला है।

# कांग्रेस विधायकों के इस्तीफा प्रकरण में सुनवाई 6 सप्ताह टली

**जयपुर** (कासं)। कांग्रेस विधायकों के इस्तीफों से जुड़े मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई छह सप्ताह टल गई। इस मामले में भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड की पीआईएल पर एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ में सुनवाई थी।

राजेन्द्र राठौड की ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नेता गुलाब चंद कटारिया को असम का राज्यपाल नियुक्त किया है और बुधवार को गुवाहाटी में उनका शपथ ग्रहण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें गुवाहाटी जाना है। इसके अलावा इस मामले में विधानसभा सचिव द्वारा पेश किए गए जवाब का भी प्रति जवाब देना है।

इसके अलावा मामले में हाईकोर्ट द्वारा उठाया गया यह बिंदु भी तय होना है कि किसी एमएलए द्वारा स्पीकर को दिए गए इस्तीफे पर निर्णय करने के लिए कितना समय लिया जाए। ऐसे में मामले की सुनवाई टाल दी जाए। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद रखी है।

राठौड के अधिवक्ता हेमंत नाहटा ने बताया कि विधानसभा सचिव ने हाईकोर्ट में जवाब पेश कर माना था कि एमएलए ने खुद के इस्तीफों को स्वेच्छा से नहीं दिया था और इसलिए उन्होंने उन्हें अस्वीकार कर दिया। जवाब में यह भी कहा था कि 81 एमएलए ने 13 जनवरी, 2023 को स्पीकर के समक्ष उपस्थित होकर कहा कि उनकी ओर से पूर्व में दिए इस्तीफे स्वेच्छा से नहीं दिए थे। कानून की नजर में ये इस्तीफे महत्व नहीं रखते है, इसलिए इन इस्तीफों को अस्वीकार किया था।

## सरकार से मांगी जहर की पुड़िया

**जयपुर** (कासं)। नियमितिकरण की मांग कर रहे 5656 मदरसा पैराटीचर्स ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर जहर की पुडिया मांगी है। राजस्थान मदरसा शिक्षा सहयोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष आजम खान पठान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि या तो सरकार मदरसा पैराटीचर्स को नियमित करें, नहीं तो जहर दे दे। इससे आप भी खुश और आपके मंत्री भी। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि मदरसा पैराटीचर्स को वर्तमान कांग्रेस सरकार ने किसी प्रकार की कोई राहत नहीं दी जा रही है। वर्ष 2018 से लेकर आज तक आपके और आपके मंत्रियों द्वारा सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है। यहां तक कि नियमित कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन भी दे दी गई।

## जयपुर में एनआईए ने हवाला कारोबारी के यहां सर्च किया

**जयपुर** (कासं)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार सुबह जयपुर में भी एक हवाला कारोबारी के यहां कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार शहर के कोतवाली इलाके में एक हवाला कारोबारी के यहां सर्च किया। हालांकि एनआईए ने यह नहीं बताया कि हवाला की कितनी राशि बरामद की।

सूत्रों के अनुसार एनआईए ने मंगलवार सुबह राजस्थान सहित 8 राज्यों में आतंकियों, हथियार-मादक पदार्थ तस्करों, बदमाशों, हवाला कारोबारियों व गैंगस्टर के 76 ठिकानों पर छापे मारे। इन पर पाकिस्तान के आतंकियों और विदेश में बैठे गैंगस्टर से निर्देश लेकर हत्याएं, तस्करी और वसूली करने के आरोप हैं। सर्च के दौरान अलग-अलग बदमाशों के ठिकानों से 9 पिस्टल, रिवॉल्वर व रायफल बरामद की गई और 2 करोड़ 30 लाख रुपए जब्त किए। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में अगस्त 2022 को तीन प्रकरण दर्ज किए गए थे। इन मामलों को लेकर देशभर में एनआईए की यह पांचवीं छापेमार कार्रवाई है। राजस्थान में जयपुर, जोधपुर, सीकर व श्रीगंगानगर में कार्रवाई की गई।

# हार्डकोर क्रिमिनल्स के खिलाफ कार्रवाई के लिए 5 राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने बनाई रणनीति

## जयपुर में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, गुजरात और राजस्थान के पुलिस अधिकारियों ने बैठक की

**जयपुर**,(कासं)। हार्डकोर क्रिमिनल्स के खिलाफ कार्रवाई के लिए जयपुर में राजस्थान सहित पांच राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने खास रणनीति बनाई है। इस दौरान पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आपराधिक घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिये पुलिस को भी संगठित होकर गंभीर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि हार्डकोर क्रिमिनल्स के बारे में सभी आवश्यक सूचनाओं को पड़ौसी राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ साझा कर संगठित अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

मिश्रा मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में 5 राज्यों के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। संगठित अपराध के संबंध में आयोजित इस बैठक में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, गुजरात और राजस्थान के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

पुलिस महानिदेशक ने गैंगस्टर एवं हार्डकोर क्रिमिनल के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए गैंगस्टर की गिरफ्तारी के लिए पड़ौसी राज्यों में परस्पर समन्वय की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने संगठित अपराधियों के सम्बन्ध में क्रिमिनल डेटा व इंटेलिजेंस साझा करने व ऐसे असामाजिक तत्वों को सोशल मीडिया पर फॉलो व समर्थन करने तथा उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता देने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी निरन्तर कार्रवाई पर बल दिया। उन्होंने फायरिंग कर रंगदारी की मांग कर भय का वातावरण पैदा करने का प्रयास कर रहे दोषियों के विरुद्ध भी समन्वित कार्रवाई पर बल दिया। मिश्रा ने जेलों में बन्द अपराधियों द्वारा मोबाइल का उपयोग कर आपराधिक घटनाएं करने को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण करने व बंद हार्डकोर अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता जताई। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी की घटनाओं के संबंध में भी गंभीरता बरतने पर जोर दिया। उन्होंने बाल सुधार गृह में भिजवाये गए बाल अपचारियों के आचरण पर नजर रखकर उनमें वांछनीय सुधार के लिए व्यापक प्रयास का भी आग्रह किया। बैठक में विदेश में बैठकर गैंग संचालित करने वालों के विरुद्ध केन्द्र के स्तर पर केंद्रीय यूनिट गठित की आवश्यकता बताई गई।

- आपराधिक घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिये सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता : डीजीपी मिश्रा
- 'विदेश में बैठकर गैंग संचालित करने वालों के विरुद्ध केन्द्र के स्तर पर केंद्रीय यूनिट गठित की जानी चाहिए'।



पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में 5 राज्यों के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारियों की बैठक ली।

पुलिस महानिदेशक ने साइबर अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए भी सूचनाओं के आदान-प्रदान करने व सामूहिक प्रयास पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मेवात क्षेत्र में गत दिनों 60 हजार सिम ब्लॉक की गई है। उन्होंने कहा कि हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध प्रोफेशनल अप्रोच अपनायी जाए। उन्होंने अंतरराज्यीय गैंग्स व अपराधियों के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करने व एक दूसरे राज्य की पुलिस को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया।

उन्होंने भारतमाला व ग्रामीण सड़को पर पुलिस निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने को रेखांकित किया गया। उन्होंने तकनीकी के साथ ही मानवीय आसूचना एकत्रित करने को भी मजबूत बनाने पर जोर दिया।

संगठित अपराधों को रोकने के लिए अंतर्राज्यीय योजना पर हो रही है चर्चा में एडीजीपी एसओजी अशोक राठौड़, पुलिस आयुक्त आनन्द श्रीवास्तव, एडीजीपी दिनेश एमएन, हवासिंह घुमरिया व एस सेंगत्थिर और आईजी ओमप्रकाश ने अपने विचार व्यक्त किए। हरियाणा एडीजीपी चारु बाली, पंजाब एडीजीपी अमित प्रकाश, दिल्ली के स्पेशल सीपी रविन्द्र सिंह यादव व गुजरात के मुकेश पटेल ने अपने राज्यों में संगठित अपराधों की रोकथाम के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

बैठक में आईजी नवज्योति गोगोई व सत्येंद्र सिंह, डीआईजी राहुल प्रकाश, अतिरिक्त सीपी कैलाश बिश्नोई, पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन सहित संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

## वकीलों ने दूसरे दिन जारी रखा न्यायिक बहिष्कार

**जयपुर** । जोधपुर में वकील जुगराज सिंह चौहान की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में शहर के अधिवक्ता मंगलवार को भी न्यायिक बहिष्कार पर रहे। इस दौरान हाईकोर्ट सहित सभी अधीनस्थ अदालतों में वकीलों ने मुकदमों में पैरवी नहीं की। वकीलों ने हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट के बाहर प्रदर्शन कर अधिवक्ता सुरक्षा कानून बनाने की मांग की।

न्यायिक कार्य के बहिष्कार के चलते हाईकोर्ट, जयपुर मेट्रो प्रथम, जयपुर मेट्रो द्वितीय, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट व सांगानेर कोर्ट में न्यायिक कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के महासचिव बलराम वशिष्ठ ने राज्य सरकार से जल्द एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग की है। वकीलों का कहना है कि राज्य सरकार ने अपने घोषणा पत्र में वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने का वादा किया था, लेकिन चार साल के कार्यकाल में यह घोषणा लागू नहीं हो पाई है। हाईकोर्ट बार के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा ने बताया कि प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने के लिए उनकी ओर से पूर्व में हाईकोर्ट में जनहित याचिका पेश की गई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब भी किया था। राज्य सरकार को मामले में गंभीरता दिखाते हुए तत्काल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करना चाहिए।

# नींद की गोलियां खाकर युवती ने सुसाइड किया

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर सेक्टर-8 में रहने वाली डायटीशियन ने सोमवार रात नींद की गोलियां खाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस को उसके पास सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था कि "मैं जिंदगी से आजादी चाहती हूं। मुझे किसी से कोई परेशानी नहीं है।" पुलिस ने बताया कि सवाई माधोपुर निवासी राधिका मंगल (32) ने सुसाइड किया है। वह पिछले ढाई साल से सेक्टर-8 प्रताप नगर में किराए का फ्लैट लेकर रहती थी। युवती महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में डायटीशियन की पोस्ट पर काम कर रही थी। सोमवार रात को राधिका ने फ्लैट पर पहुंचने के बाद सुसाइड नोट लिखा। इसके बाद नींद की गोलियां और इंजेक्शन की ओवर डोज ले ली। दवाइयों के ओवर डोज से वह बेहोश होकर बेड पर गिर गई।

सोमवार रात राधिका के छोटे भाई ने उसे कॉल किया। कई बार कॉल करने के बाद भी राधिका ने जवाब नहीं दिया। चिंता होने पर भाई ने मकान मालिक को कॉल कर राधिका से बात कराने के लिए कहा। मकान मालिक भाई से बात कराने के लिए राधिका के फ्लैट पर गया। फ्लैट अंदर से लॉक होने पर काफी आवाज लगाई और गेट खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका पर मकान मालिक ने प्रताप नगर थाना पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गेट को धक्का देकर तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा तो बेड पर राधिका बेहोशी की हालत में पड़ी थी। उसके पास ही दवाइयों के खाली रैपर पड़े थे। पुलिस राधिका को लेकर नारायणा हॉस्पिटल पहुंची। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर्स ने उसे एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान हॉस्पिटल में राधिका ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मंगलवार दोपहर परिजनों के आने के बाद शव को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर सौंप दिया।

सुसाइड नोट में लिखा कि "मुझे किसी से कोई परेशानी नहीं है। मुझे पिछले 5-6 महीने से मेंटल हेल्थ की दिक्कत है। मेरी फाइनेंशियल स्थिति भी ठीक नहीं है। मंने कई बार सैलरी बढ़ाने के लिए कहा, लेकिन कुछ सुधार नहीं हुआ। मेरी सोच नाकारात्मक होती गई। काम का प्रेशर भी मेरे दिमाग पर हावी हो गया। नींद के लिए दवाइयां व गोलियां लेने लगी। हमेशा गुस्सा रहने लगी। इसे मैं सहन नहीं कर पा रही हूं। मैं इस जिंदगी से आजादी चाहती हूं। मेरी सभी कंपनियों और ऑर्गेनाइजेशन से अपील है कि अपने कर्मचारी को उसके हार्ड वर्क के अनुसार सैलरी दें। अपने कर्मचारी का फायदा न उठाएं।"

## जयपुर से मुंबई के लिए चलेगी रोडवेज बस

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान रोडवेज की बसें अब मुंबई तक चलेंगी। दरअसल, रोडवेज निगम की ओर से 23 फरवरी से 7 रूटों पर 8 नई सुपर लग्जरी और स्लीपर बसों का संचालन शुरू करेगा। इसमें पहली बार जयपुर-मुंबई के लिए सीधे बस संचालित की जाएगी। इसके लिए 2048 रुपए किराया देना होगा। जयपुर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को 5 घंटे में पहुंचाया जाएगा। जयपुर से दिल्ली के बीच 2 लग्जरी बसों का संचालन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से करवाया जाएगा, जो दौसा होकर जाएगी। प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि पहली बार जयपुर से मुंबई के बीच बस का संचालन शुरू करने जा रहे है। इनका शुभारंभ 23 फरवरी को परिवहन मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला करेंगे। जयपुर से दिल्ली, हरिद्वार, लखनऊ, अहमदाबाद, मुंबई, कोटा और बीकानेर के लिए बसों का संचालन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### 30 लाख रु. का सोना ठगने वाला पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा थाना पुलिस ने 30 लाख रुपए का सोना ठगने के मामले में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गौरव शर्मा पुत्र राजकुमार प्रेम नगर झोटवाड़ा का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में परिवादी ने झोटवाड़ा थाने में आरोपी गौरव के खिलाफ धोखाधड़ी कर 493 ग्राम सोना हड़पने का मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज होने के बाद गंभीरता को देखते हुए एडिशनल डीसीपी रामसिंह, एसीपी प्रमोद स्वामी और थानाधिकारी घनश्याम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गौरव को दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पकड़े गए आरोपी से सोने के बारे में जानकारी जुटा रही हैं।

### जयपुर में फिल्मी सितारे खेलेंगे क्रिकेट

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर में 25 और 26 फरवरी को होने जा रही सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग में देशभर से फिल्मी सितारे सवाई मानसिंह स्टेडियम में क्रिकेट खेलने आएँगे। जयपुर में 4 मैच खेल जाएंगे, जिसमें लीग की आठो टीमें मैच खेंलेंगी। मुम्बई हीरोज टीम में रितेश देशमुख (कप्तान), सोहेल खान, सुनील शेट्टी, आफताब शिवदासानी, बॉबी देओल, जय भानुशाली, शब्बीर आहलुवालिया रहेंगे। पंजाब दे शेर टीम में सोनू सूद (कप्तान), जिमी शेरगिल, आयुष्मान खुराना, नवराज हंस व गुरप्रीत घुग्गी रहेंगे। भोजपुरी दबंग्स में मनोज तिवारी (कप्तान) व रवि किशन तथा विक्रांत सिंह होंगे। कर्नाटका बुलडोज़र्स में प्रदीप (कप्तान), सुदीप किच्चा, सुनील राओ होंगे। तेलगु वारियर्स में अखिल अक्किनेरी (कप्तान), सचिन जोशी, आश्विन बाबू रहेंगे। सी-3 केरेला स्ट्राइकर्स में कूचाको बोब (कप्तान), आसिफ अली, राजीव पिल्लई खेलेंगे। चैनन्नई राहिनोस में आर्य (कप्तान), विष्णु विशाल, जीवा खेलेंगे। 25 फरवरी को चैन्नई राहिनोस और भोजपुरी दबंग्स के बीच तथा बंगाल टाइगर्स व तेलगु वारियर्स में मुकाबला होगा। 26 फरवरी को केरला स्ट्राइकर्स और कर्नाटका बुलडोज़र्स के बीच तथ पंजाब दे शेर व मुम्बई हीरोज के बीच मैच होगा।

### नाटक 'भेळी बात' का मंचन

**जयपुर** (कासं)। मायड़ भाषा का दिवस हो और राजस्थान की धरती पर राजस्थानी संस्कृति की बात न हो भला ऐसा कैसे हो सकता है। इसी अवसर पर अनिल मारवाड़ी का लिखा, निर्देशित व अभिनीत किया राजस्थानी भाषा और संस्कृति से रचा बसा सजीला नाटक 'भेळी बात' नाट्य प्रयोग एसएसजी पारीक शिक्षा स्नातकोत्तर महाविद्यालय बनी पार्क जयपुर में प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रमिला दुबे ने बताया कि भेळी बात ठेट राजस्थानी भाषा की शब्दावली है। भेळी शब्द का आशय इकट्ठा होने से है और बात का मतलब है कहानी या संवाद करना। भेळी बात नाटक में राजस्थानी भाषा की कहावतें, किस्से, दोहे और छंद भी हैं। दुबे ने बताया कि राजस्थानी लोककथा, गीत, साहित्य एवं गौरवशाली इतिहास से सजे अनिल मारवाड़ी के इस नाटक में जहां स्वयं वे मंच पर होते हैं, अनिल ने राजस्थानी भाषा को अभिनय के माध्यम से इतनी सहजता और सरलता से प्रेक्षा ग्रह में बैठे दर्शकों तक पहुंचाया कि वह इस बात के लिए प्रण कर उठे कि वह अब राजस्थानी भाषा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करेंगे उनके साथ सह अभिनेता मनोज स्वामी हैं। नाटक का संगीत पक्ष मुकेश सैनी, प्रकाश व्यवस्था राजेन्द्र शर्मा "राजू" व मंच सज्जा आलोक पारीक व तपेश शर्मा ने संभाली।

### नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**जयपुर** (कासं)। राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम तिवाड़ी ने मंगलवार को आदर्श विधा मंदिर, भरतपुर में सेवा भारती समिति द्वारा आयोजित 8वें श्रीराम जानकी सर्व जातीय सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दी। समारोह में तिवाड़ी ने सेवा भारती समिति समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस समिति द्वारा निर्धन, पीड़ित, वंचित, उपेक्षित बंधुओं की सेवार्थ देशभर में 1 लाख से अधिक सेवा कार्य संचालित किये जा रहे हैं। समिति द्वारा अब तक भरतपुर में 96 तथा सम्पूर्ण राजस्थान में 2200 से अधिक सर्वजातीय व निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कराए जा चुके हैं। भरतपुर जाते समय गिरधारी तिवाड़ी के नेत्तृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भरतपुर टोल प्लाजा पर तिवाड़ी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समारोह में स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु द्वारा आशीर्वचन दिया गया तथा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। समारोह में शहर के अन्य गणमान्य भी काफी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

### बाराती को चाकू मारने वाला पकड़ा

**जयपुर** । रामगंज थाना पुलिस ने बाराती पर चाकू से जानलेवा हमले के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया गिरफ्तार आरोपित लईक मंसूरी (21) आमेर का रहने वाला है। पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी मोहम्मद आजम खान को गिरफ्तार कर तीन बालपचारियों को निरुद्ध कर चुकी है। आरोपियों ने 10-11 फरवरी की मध्यरात्रि ठाठर, आमेर से आई बारात में व्यक्ति मामून कमर खां पर चाकू से हमला किया था, जिससे उसकी पेट की आंतें बाहर आ गई थी। इससे पहले 9 फरवरी को पीड़ित कमर खान ने आमेर शादी कार्यक्रम में आरोपियों को लड़कियां छेड़ने पर टोका था। फ़िलहाल कमर खान का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### कटारिया का बीजेपी सदस्यता से इस्तीफा

**जयपुर** (कासं)। असम का राज्यपाल बनने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा मंजूर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने उन्हें राज्यपाल बनने की बधाई दी है। सतीश पूनियां ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि गुलाब कटारिया, अपनी कर्मशीलता से असम राज्यपाल के रूप में संवैधानिक दायित्व निभाते हुए असम के विकास में योगदान देंगे और राजस्थान का नाम भी रोशन करेंगे। उन्होंने अपने 45 वर्षों के राजनैतिक जीवन में न केवल मेवाड़ वरन् पूरे राजस्थान में अपने संघर्ष, समर्पण और परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### स्काउट गाइड का समारोह आज

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का आयोजन राज्य प्रशिक्षण केन्द्र जगतपुरा में बुधवार को राज्यपाल कलराज मिश्र के मुख्य अतिथ्य में होगा। समारोह की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य होंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल स्काउट व गाइड्स को राज्य पुरस्कार अवार्ड से नवाजेंगे। समारोह में 18वीं राष्ट्रीय जंबूरी के सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन में सराहनीय एवं उल्लेखनीय सेवा व सहयोग करने वाले 25 भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं 2 भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों तथा 5 अन्य गणमान्य को महामहिम राज्यपाल महोदय धन्यवाद बैज प्रदान कर सम्मानित करेंगे। साथ ही राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठन के कार्यकर्ताओं व अधिकारियों को मैडल ऑफ मेरिट, बार टू मेडल आदि से सम्मानित किया जायेगा।

### गैंगरेप के मामले में आरोपी बरी

**जयपुर** (कासं)। जयपुर के कानोता क्षेत्र में गत वर्ष नाबालिग के साथ हुए गैंगरेप के मामले में अदालत ने आरोपी को बरी कर दिया है। न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट) क्रम संख्या-3 जयपुर महानगर प्रथम ने आरोपी को यह राहत दी है। आरोपी के अधिवक्ता नरेश सारवान ने बताया कि आरोपी को न्यायालय ने संदेह का लाभ देकर बरी किया है। पीड़ित पक्ष न्यायालय के सामने पर्याप्त साक्ष्य पेश करने में असफल रहा।

### जालूपुरा पुलिस ने वाहन चोर पकड़ा

**जयपुर** । जालुपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर को धर-दबोचा है और उसके पास से चुराई गई दो दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर )राशी डोगरा डूडी ने बताया कि जालुपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर प्रियांशु थपलियाल निवासी पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड हाल जालुपुरा को गिरफ्तार किया है।

# डाक पार्सल वाहन में अवैध शराब ले जाते तस्कर गिरफ्तार

## 330 पेटियां अवैध शराब सहित पिकअप वाहन जब्त



जवाजा पुलिस ने अवैध शराब सहित तस्करों को दबोचा।

■ अवैध शराब की कीमत लगभग 11 लाख रुपए बताई

**अजमेर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशों पर शहर सहित जिले भर में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम व तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जवाजा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए डाक पार्सल में अवैध शराब परिवहन करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन से 330 अवैध शराब की पेटियां बरामद कर वाहन जब्त कर किया है। पकड़ी गई अवैध शराब की कीमत लगभग 11 लाख रुपए है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस तस्कर से पूछताछ में जुटी है, अवैध शराब किसे और कहां सप्लाई करनी थी।

जवाजा थाने के उपनिरीक्षक मानवेन्द्रसिंह ने बताया कि एसपी चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर अजमेर शहर सहित जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी ग्रामीण वैभव शर्मा के मार्गदर्शन व वृत्त अधिकारी ब्यावर मनीष चौधरी के सुपरविजन में उनके नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को नाकाबंदी की गई। सिंह ने बताया कि थाने के कॉन्स्टेबल रिछपाल चौधरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वाहन के जरिए शराब परिवहन किया जा रहा है, जिसके बाद थाने की टीम के द्वारा नाकाबंदी की गई और पीकअप वाहन को रूकवाकर चैकिंग की गई। पिकअप वाहन में रॉयल क्लासिक व्हिस्की शराब की 330 पेटियों सहित पिकअप वाहन को जब्त कर शराब तस्कर जयपुर मालवीय नगर निवासी सुरेंद्र सिंह राठौड़ पुत्र प्रभु सिंह राठौड़ को गिरफ्तार किया है।

पकड़ी गई अवैध शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 11 लाख रुपए है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तस्कर को गिरफ्तार करने वाली टीम में जवाजा थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी मानवेन्द्रसिंह, कानि. रिछपाल चौधरी, मनीष चौधरी, सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, नरेश शामिल रहे।

# वृद्ध महिला की गला दबाने के बाद सिर में चोट मारकर हत्या

## मृतका के पैरों में चांदी के कड़े, गले में सोने के रामनामी, मांदलिया सुरक्षित मिले



वृद्धा का शव मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के फुलियाकला थाना क्षेत्र के सरदारपुरा गांव में एक 68 साल की वृद्ध महिला की गला दबाने के बाद सिर में चोट मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फेल गई।

पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू ने बताया कि सरदारपुरा गांव की नंदू कीर (68) पत्नी स्वर्गीय गीला कीर हमेशा की तरह सोमवार सुबह दस-ग्यारह बजे के बीच घर से फसल की रखवाली के लिए खेत पर गई थी। दिनभर खेत पर काम करने के बाद नंदू शाम 5 से 5.30 बजे के बीच खेत से घर के लिए रवाना हुई लेकिन वह रास्ते में लापता हो गई। नंदू के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने गांव वालों के साथ मिलकर तलाश शुरु की। रात में उसका कहीं पता नहीं चला। मंगलवार सुबह परिजन व ग्रामीण नंदू की तलाश कर रहे थे, तभी गांव से करीब दो किलोमीटर दूर नाहर सागर की नहर से सौ से डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर लोगों को खून के धब्बे दिखाई दिये। इन धब्बों के साथ-साथ ये लोग नहर तक पहुंचे, जहां उन्हें लापता नंदू की लाश नहर में पडी मिली। खून बह रहा था। वहीं मौके पर शव को घसीटने के निशान भी थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद डीएसपी शाहपुरा, थाना प्रभारी दलपत सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलवा लिया गया।

थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि नंदू के गले में लुगडी का फंदा मिला और सिर में चोट के निशान थे। खून बिखरा पडा मिला। प्रथम दृष्टया अज्ञात बदमाशों ने नंदू की गला दबाने के बाद सिर में चोट मारकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश को घसीटते हुये नहर में फैंक दिया। थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि नंदू के पैरों में चांदी के कडे, गले में सोने के रामनामी मांदलिया सुरक्षित मिले हैं। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नंदू कि हत्या किसने और किन कारणों से की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिद्धू, एसएसपी चंचल मिश्रा भी मौक़े पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वस्त किया की जल्द आरोपियों को गिरफ़्तार किया जायेगा।

# डकैती की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

■ घटना को अंजाम देने में उपयोग में ली गई बोलेरो गाड़ी जब्त

**मासलपुर/करौली, (निसं)।** मासलपुर में डकैती की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मासलपुर कस्बे में रविवार की रात्रि को दो मोहल्लों के तीन मकानों में हथियारों की नोक पर मारपीट कर डकैती को अंजाम देने वाले 8 बदमाशों में से पुलिस ने महज 5 घंटे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं घटना को अंजाम देने में उपयोग में ली गई बोलेरो गाड़ी को भी जप्त किया है।

मासलपुर थाना अधिकारी परसोत्तम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी देवेंद्र पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर 30 निवासी नगर चलीपुरा नगर थाना डांग वसई जिला धौलपुर, बनवारी पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर 50 निवासी मठ महुआ खेड़ा थाना कंचनपुर जिला धौलपुर एवं गिर्राज पुत्र रणवीर सिंह गुर्जर 38 निवासी बरेला पुरा तन मोरोली थाना कोतवाली धौलपुर जिला धौलपुर है जिनके द्वारा 19 फरवरी की अर्ध रात्रि को कस्बे में पीड़ित कैलाश प्रजापत, दिनेश कहार, बोना कहार, के घर में घुसकर हथियारों के बल पर मारपीट कर नगदी व जेवरात की लूटपाट की गई घटना के तुरंत बाद पुलिस ने पुलिस अधीक्षक नारायण सिंह टोंगस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद जैफ, उप अधीक्षक दीपक गर्ग के निर्देशन में गठित टीम ने अपराधियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी।

इस दौरान आरोपियों की मरदई मोड़ के पास उपयोग में ली गई बोलोरो पंचर हो गई जिस पर आरोपी बिरहटा बिरहटी जंगल की ओर भाग गए। पुलिस ने पीछा कर तीन आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम दिया जाना कबूला गया है।

# पांच हजार रुपये का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** मासलपुर थाना पुलिस ने बालघाट थाने 5 हजार रुपए के इनामी एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट, आर्म्स एक्ट, ट्रेडमार्क एक्ट जैसी धाराओं में मामले दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक नारायण सिंह टोगस ने बताया कि मासलपुर थानाधिकारी पुरुषोत्तम सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस टीम ने बालघाट थाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी अमृत उर्फ घमदू पुत्र श्रीमन गुर्जर 30 निवासी लपावली थाना बालघाट को मरदई के जंगल से दस्तयाब कर अनुसंधान अधिकारी और करौली डीएसपी दीपक गर्ग को सुपुर्द किया है। पुलिस पूछताछ में कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के ऊपर करौली एसपी द्वारा 5 हजार रुपए का ईनाम घोषित है। आरोपी के खिलाफ बालघाट थाने में एक्साईज एक्ट, आर्म्स एक्ट और ट्रेडमार्क एक्ट जैसी संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। कार्यवाही में थाने के हैड कांस्टेबल गजराज सिंह थाना मासलपुर की अहम भूमिका रही है। इस दौरान हैड कांस्टेबल परमजीत सिंह, कांस्टेबल राजेश,समय सिंह, हरी सिंह एवं साइबर शाखा कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# मेले में 5 महिलाओं की चैन कटी

**करौली, (निस)।** करौली के फकीरा की बगीची में चल रहे शिव महापुराण कथा में उमड़ी महिलाओं की भीड़ में महिला जेब कतरों ने 5 महिलाओं की गर्दन पर हाथ साफ करते हुए सोने के पेंडल, सोने के बीज एवं सोने की चैन को चोरी कर ले गए। पता चलने पर महिलाओं ने लोगों को जानकारी दी जिसकी सूचना कोतवाली पर दी गई। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार संतरा देवी की सोने की पातरी जिसमें सोने के 8 बीजो की बनी माला को, रेनू गुप्ता के सोने के पेंडल की बनी माला को, वैजयंती देवी की सोने की चैन, गुड्डी देवी के सोने के पेंडल की बनी माला, रुचि देवी गुप्ता पत्नी कैलाश बिंदल की पेंडल की माला को महिला जेबकतरी चोट कर ले गई।

# जितेन्द्र आंचलिया ने दिया वॉयस सैम्पल

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में रिश्वत के एक मामले में पकड़े गए निलंबित आर.पी.एस. जितेन्द्र आंचलिया की मंगलवार को कोर्ट में पेशी हुई। आंचलिया का वॉयस सैम्पल लिया गया। न्यायालय ने आंचलिया द्वारा पेश जमानत याचिका भी ख़ारिज कर दी।

गौरतलब है कि बीते सोमवार को हुई पेशी में आंचलिया ने वॉयस सैम्पल देने से मना कर दिया था। ऐसे में मंगलवार को वापस उन्होंने वॉयस सैम्पल दिया। बता दें बीते सोमवार को आंचलिया सहित चार आरोपियों को भारी जाब्ते के साथ कोर्ट में पेश किया था। जहां से उन्हें 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि एक एनआरआई पर दबाव डालने ओर जबरन लिखित समझौता करवाने के लिए आरोप में जयपुर एसीबी की टीम ने आंचलिया समेत चार आरोपियों को पकड़ा था। आंचलिया ने एनआरआई को धमकाकर अपने हाथों से लिखकर समझौता करवाया था। आरोप था कि आंचलिया के कहने पर ही पीड़ित पक्ष से दो दलालों और एक महिला ने एक करोड़ 83 लाख रुपए लिए थे।

सुखेर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर रोशनलाल ने भी एफआर लगाने के लिए दो लाख रुपए मांगे थे। इस पर परिवादी एसीबी के पास पहुंच गया था। पूरे मामले की एसीबी ने सत्यापन के बाद जांच शुरू की थी।

# कोर्ट ने पांच दोषियों को 10-10 साल के कारावास की सजा सुनाई

## कनपटी पर पिस्तौल लगाकर 50 हजार रुपए व सामान लूटा था

■ चार दोषियों पर 20-20 हजार रुपए और एक पर 21 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** सवा चार वर्ष पूर्व एक शोरूम संचालक की कनपटी पर पिस्तौल लगाकर 50 हजार रुपए व अन्य सामान से भरे बैग की डकैती करने के मामले में न्यायालय ने पांच दोषियों को 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने चार दोषियों पर 20-20 हजार रुपए और एक पर 21 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। ये निर्णय अपर जिला सेशन न्यायालय संख्या-2 ने सुनाया। लोक अभियोजक सुप्रिमा चितलांगिया के अनुसार इस संबंध में 21 सितंबर 2018 को कोतवाली थाने में दो बाइकों पर सवार छह अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

सद्भावनानगर निवासी इंद्रसिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि वह रात करीब 9:30 बजे हनुमानगढ़ से लौटा। सुखाड़िया सर्किल उतरने के बाद उसने आरएसएस कार्यालय से अपना मोटरसाइकिल लिया। तब विनोबा बस्ती और धानमंडी से होते हुए जब वह जस्सासिंह मार्ग पर पहुंचा तो दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए छह व्यक्तियों ने उसे आवाज लगाकर रुकवा लिया। एक व्यक्ति ने उससे बैग छीनने का प्रयास किया तो उसने मना कर दिया। इसी दौरान मोटरसाइकिल से उतरा एक व्यक्ति उसके पास आया और कनपटी पर पिस्तौल लगाकर उसे बैग देने को कहा। उसने बैग दे दिया। इसके बाद मोटरसाइकिल सवार चले गए। कनपटी पर पिस्तौल लगाने वाले व्यक्ति का चेहरा पतला और हल्की दाढ़ी मूंछें होना बताया गया था। बैग में 50 हजार रुपए, मोबाइल फोन, शोरूम की चाबियां, 5 जोड़ी पैंट शर्ट बताई गई थी।

पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सदर थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुरा निवासी छह व्यक्तियों बिटूसिंह पुत्र नायब सिंह, राजविंद्रसिंह उर्फ संधू पुत्र मेजरसिंह, गुरवीरसिंह उर्फ गोरी पुत्र गुरमेलसिंह, जश्नदीपसिंह उर्फ जश्न पुत्र बलजिंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपा उर्फ खोपा पुत्र परमजीत सिंह और गांव पांच केके बुटरां निवासी लखवीरसिंह को गिरफ्तार किया था। न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई के दौरान आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपा उर्फ खोपा की मृत्यु हो गई। न्यायालय ने दोषी बिटू सिंह, राजविंद्र उर्फ संधू, गुरवीरसिंह उर्फ गोरी, लखवीर सिंह, जश्नदीप सिंह उर्फ जश्न को आईपीसी की धारा 341 में 1-1 माह कारावास, धारा 395 में 10-10 वर्ष कठोर कारावास, 20-20 हजार रुपए जुर्माने, दोषी जश्नदीप सिंह उर्फ जश्न को आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में एक वर्ष कारावास और 1 हजार रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया।

# जेईई-मेनः आवेदन प्रक्रिया जारी

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के अप्रेल सेशन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अब तक 60 हजार ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं, जो इस वर्ष पहली बार यह परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च रात 9 बजे तक है, जिन 8.66 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, उन सभी विद्यार्थियों को अप्रेल परीक्षा में शामिल होने के लिए पुन: आवेदन करना होगा। इसके लिए पुराने एप्लीकेशन नम्बर व पासवर्ड के आधार पर ही आवेदन करना होगा। नए और पुराने विद्यार्थियों के आवेदन की स्थिति को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष परीक्षा में बैठने वाले कुल विद्यार्थियों की संख्या 10 लाख से अधिक हो सकती है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि एनटीए द्वारा अप्रेल आवेदन में पहली बार विद्यार्थियों के स्थानीय एवं स्थाई पते के लिए एड्रेस प्रुफ मांगा जा रहा है।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला पुलिस कांस्टेबल का शव



मृतक कांस्टेबल

■ पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के सदर थाना इलाके की जाटोली पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कॉन्स्टेबल कांता प्रसाद लोधा का खुद के ही घर में संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे पर झूलता शव मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। वहीं मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया। घटना से पुलिस महकमे में शोक छाया हुआ है । जानकारी के मुताबिक 32 वर्षीय कांता प्रसाद पुत्र फूल सिंह लोधा निवासी गिर्राज कॉलोनी धौलपुर सदर थाना इलाके की जाटोली पुलिस चौकी पर कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात था। बीती रात कॉन्स्टेबल चौकी पर ड्यूटी कर घर आ गया था। परिजनों ने बताया खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया था। मंगलवार सुबह जब कमरे से निकलकर नहीं आया तो परिजनों ने आवाज लगाई। परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो कॉन्स्टेबल फांसी का शव फांसी फंदे पर झूल रहा था। कॉन्स्टेबल की लाश देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना निहालगंज थाना पुलिस धौलपुर को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मौका मुआयना किया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया। घटना से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

थाना प्रभारी विजय कुमार मीणा ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। कॉन्स्टेबल की मौत पारिवारिक कलह के कारण आत्महत्या करने से हुई है या अन्य कोई कारण है इसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** प्रोपर्टी व्यवसायी को धमका करोड़ रूपये वसूली करने के मामले में हिस्ट्रीशिटर दिलीपनाथ को नाई थाना पुलिस ने उच्च सुरक्षा जेल अजमेर से गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया। आरोपी दिलीपनाथ राजेन्द्र परमार हत्याकाण्ड का मुख्या आरोपी भी है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित सीसारमा निवासी कन्हैयालाल पुत्र हीरालाल तेली ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं प्रोपर्टी खरीदने एवं बेचने का काम करता हूं तथा मेरे गांव के दिलिपनाथ पुत्र नारायणनाथ और हेमलता कांकरिया भी प्रोपर्टी का काम करते है। दोनों आरोपी फिरोती की रकम वसूलने के लिए दबाव डालते है व मेरे मित्र नाथूसिंह निवासी नाई तथा भंवर गायरी निवासी कालारोही को अपहरण कर सेलिब्रेशन मॉल के पीछे ले जाकर मारपीट की है। हेमलता कांकरिया उनका सेटलमेंट कराती है।

आरोपी मुझसे व मित्रों से दो करोड़ इक्कीस लाख रूपये की फिरोती वसूल ली है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर थानाधिकारी श्यामसिंह रत्नू ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दिलीपनाथ को उच्च सुरक्षा कारागृह अजमेर से प्रोडक्शन वारंट जरिये गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। दिलीपनाथ थाना नाई का हिस्ट्रीशीटर होकर कुख्यात अपराधी है।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लाखेरी में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया

## स्पीकर बिरला ने माता-पिता का आव्हान किया कि वे अपने बच्चों को खेल मैदान जरूर भेजें



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व केशवरायपाटन विधायक चन्द्रकांता मेघवाल ने स्पोर्ट्स कंपलेक्स निर्माण का भूमि पूजन किया।

■ खेलो इंडिया के तहत 4.5 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**बूंदी, (निसं)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को लाखेरी को खेल क्षेत्र की अब तक की सबसे बड़ी सौगात दी। उन्होंने केशवरायपाटन विधायक चंद्रकांता मेघवाल के साथ 4.5 करोड़ की लागत से बनने वाले इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह से बिरला ने कहा कि हम ग्रामीण क्षेत्र में वे सभी खेल सुविधाएं देना चाहते हैं, जिससे यहां का युवा भी विदेश में जाकर तिरंगा लहराए।

लाखेरी के खेल स्टेडियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में स्पीकर बिरला ने पहले विधि-विधान से पूर्जा अर्चना कर खेलो इंडिया के तहत बनने वाले इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। इसके बाद वहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि लाखेरी का युवा भी देश का नाम रोशन करना चाहता है, लेकिन उसे कभी वह संसाधन नहीं मिले जो उसे आगे बढ़ने में मदद करते। आज उनके चेहरों पर जो उत्साह और उमंग है, उसे देखकर विश्वास हो रहा है कि यहां का युवा हाड़ौती और प्रदेश का नाम रोशन करेगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में यहां इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बन रहा है, जिसमें खिलाड़ी सभी मौसम में अभ्यास कर सकेंगे। गर्मी, सर्दी, बरसात उनको लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में बाधा नहीं बनेंगे। खेल स्टेडियम में विस्तार की अपार संभावनाए हैं, यहां दूसरे चरण के लिए एक विस्तृत और व्यापक योजना बनाई जाएगी। हम इसे एक ऐसे स्थान के रूप में विकसित करेंगे जहां युवा ही नहीं हर उम्र के लोग आकर लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम को विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने भी सम्बोधित किया।

स्पीकर बिरला ने माता-पिता का आव्हान किया कि वे अपने बच्चों को खेल मैदान जरूर भेजें। खेलने से वे अनुशासित और सामर्थ्यवान तो बनते ही हैं अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए राष्ट्र और समाज के प्रति सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की भावना भी उनमें जागृत होती है। उनमें कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करने का कौशल उत्पन्न होता है, जो उन्हें भविष्य का बेहतर नागरिक बनाता है।

स्पीकर बिरला ने कहा कि लाखेरी में आजादी से पहले ही सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना हो गई थी। लेकिन यहां का उतना विकास नहीं हुआ जितना की अपेक्षित था। यह संभावनाओं से भरा क्षेत्र हैं जिसका लाभ यहां के नागरिकों को मिलना चाहिए। हमें इसे एक ऐसे केंद्र के रूप में विकसित करना चाहते हैं जहां सभी के लिए पर्याप्त अवसर हों।

लाखेरी में बनने वाले इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अत्याधुनिक होगा। इस कॉम्प्लेक्स में कई खेल खेले जा सकेंगे। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए यहां 4 बैडमिंटन कोर्ट, 3 वॉलीबॉल कोर्ट, एक बॉस्केटबॉल कोर्ट व खो-खो कोर्ट तथा टेबल टेनिस खेलने की व्यवस्था होगी। पुरूष तथा महिला खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम व सुविधाएं होंगी। इस कॉम्प्लेक्स में 500 दर्शक भी आ सकेंगे। इसको पूरा करने के लिए एक वर्ष का समय निर्धारित किया गया है।

शिलान्यास समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, बाबूलाल बैरवा, महावीर पारेता, शिव शंकर शर्मा, प्रदीप सोनी, मोहन राठौर, महेंद्र सैनी, अविनाश, गजानन योगी, योगेश वर्मा, महावीर गोचर, ललित महावर, राजू सैनी, दिनेश वर्मा ,रवी किरण, जितेंद्र जैन, निशा जैन, राकेश सैनी, राम गोपाल गुर्जर, जगदीश मीणा, बाबूलाल सैनी, जगदीश पारेता, लक्ष्मी सिंह हाड़ा, योगेंद्र श्रृंगी, मुकेश जिंदल, नीलेश तिवारी, राम सिंह चैधरी, छगन सिंह सोलंकी, माखीदा सरपंच रमेश पालीवाल, प्रधान वीरेंद्र सिंह हाड़ा उपस्थित रहे।

# पत्थरबाजी मामले में तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना पुलिस ने शौभावास नांदेशमा में बिन्दोली निकाले जाने पर पत्थरबाजी करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 20 फरवरी रात में शौभावास नान्देशमा में रतनलालपुत्र कालुलाल ढोली निवासी शौभावास नांन्देशमा के पुत्र सुभाष की बिन्दोली निकालने के लिए लिए घर से निकले इसी दौरान पीछे से मोहनसिंह पुत्र किशनसिंह राजपूत निवासी शौभावास बाइक लेकर महिलाओं के बीच निकलते हुए गाली गलोज कर बिन्दोली नहीं निकालने की हिदायत देकर जा रहा था। बिन्दोली निकालने के दौरान घर के बाहर बिन्दोली पहुंचने पर प्रेम पुत्र चम्पालाल को पकड़ कर मारपीट की तथा मोहनसिंह के लड़के पवनसिंह व विरेन्द्रसिह, मनीष आए तथा छत से मामनसिंह के मकान से पत्थरबाजी शुरू हो गई। जिससे भगदड़ मच गई।

पत्थरबाजी से कई लोगों को चोटे आई। अशोक कुमार पुत्र नानालाल निवासी झालों का कलवाना की कार के कांच फोड़ दिए। इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक भूपेन्द्र कुमार , सायरा थानाधिकारी नाथूसिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंच कर पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर लिया। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर मौके पर मौजूद पुलिस दल ने इस मामले में मोहनसिंह, महेन्द्र सिंह व श्रवण सिंह निवासी विरमपुरा भंदर पुलिस थानानाणा पाली को गिरफ्तार किया। मौके पर पुलिस बल तैनात है।



मैं अपना मत धोनी को देता हूं क्योंकि वह पहले दिन से ही एक ही फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए है और इसे सफल बनाने में इनका बहुत बड़ा हाथ है। जिस तरह से उन्होंने टीम का नेतृत्व किया है वह अद्वितीय है। अन्य कप्तानों ने भी अच्छा काम किया है और टूर्नामेंट जीते है। – हरभजन सिंह

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर, महेन्द्र सिंह धोनी को आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताते हुए।**

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी** ▶ **रवींद्र जडेजा**



**भारतीय** ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 250 विकेट और 2,500 रन बनाने वाले सबसे तेज भारतीय बन गए। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच दिल्ली में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच में उस्मान ख्वाजा का विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की। जिन्होंने 55 टेस्ट में उपलब्धि हासिल की, जबकि जडेजा ने अपने 62 वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। दक्षिणपूर्वी पूर्व कप्तान कपिल देव, भारत के पूर्व कोच अनिल कुंबले और साथी स्पिनर रवि अश्विन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत की ओर से डब्लूटीए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली खिलाड़ी सानिया मिर्जा है। सानिया ने फरवरी 2005 में हैदराबाद टूर्नामेंट जीतते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

# भारत लगातार तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में

## आयरलैंड को मेथड से 5 रन से हराया, मंधाना ने खेली करियर की बेस्ट पारी



केबेरा, 21 फरवरी। भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका में चल रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने सोमवार को ग्रुप-2 में अपने आखिरी मुकाबले में आयरलैंड को डकवर्थ-लुइस मेथड के तहत 5 रन से हराया।

भारत ने लगातार तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले, टीम 2018 और 2020 के सीजन में अंतिम-4 में पहुंची थी। 2020 में तो भारतीय ने फाइनल भी खेला, लेकिन तब उसे ऑस्ट्रेलिया से हारकर खिताब गंवाना पड़ा था।

केबेरा के सेंट जॉर्जिया मैदान पर टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए ओपनर स्मृति मंधाना की करियर बेस्ट (87 रन) की पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन बनाए।

जवाब में आयरिश टीम ने 8.2 ओवर तक 54 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई। जब टीम इंडिया मेथड के तहत 5 रन आगे थी। बारिश नहीं थमने के कारण भारत को विजयी घोषित किया गया।

इस जीत से भारतीय टीम ग्रुप-2 से सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर गई है। इंग्लैंड पहले ही टॉप-4 में प्रवेश कर चुकी है। मंगलवार को इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच मैच है। इस मैच के नतीजे से तय होगा कि सेमीफाइनल में टीम इंडिया का प्रतिद्वंद्वी कौन होगा। 156 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी आयरलैंड ने पहली ही बॉल पर ओपनर एमी हंटर का विकेट गंवा दिया। एमी दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हुईं। इसी ओवर की 5वीं बॉल पर रेणुका सिंह ठाकुर ने ओरला प्रेंडरग्रास्ट को शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया।

इन 2 विकेट के बाद आयरिश टीम का कोई और विकेट नहीं गिरा। ओपनर गेबी लुईस और कप्तान लौरा डिलेनी ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी की। दोनों ने अपने शॉट्स खेलने शुरू ही किए थे कि बारिश होने लगी और खेल रोकना पड़ गया। गेबी 32 और लौरा 17 रन बनाकर नाबाद रहीं।

टीम इंडिया ने 155 रन बनाए। स्मृति मंधाना (87 रन) ने करियर की बेस्ट पारी खेली। यह उनका टी-20 इंटरनेशनल में सर्वाधिक स्कोर है। उन्होंने 22वां अर्धशतक जमाया। मंधाना ने पारी में 9 चौके और 3 छक्के जमाए। उनके अलावा शेफाली वर्मा ने 24 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 19 रन का योगदान दिया।

भारत की ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना के बीच 57 गेंदों पर 62 रनों की पार्टनरशिप हुई। इस साझेदारी को लौरा डिलेनी ने तोड़ा। उन्होंने शेफाली को हंटर के हाथों कैच कराया। इस साझेदारी में शेफाली ने 29 गेंद पर 24 रन बनाए, जबकि मंधाना ने 28 गेंद पर 33 रन का योगदान दिया।

## इन्फ्लुएंसर सपना बोली- क्रिकेटर शॉ ने गलत तरीके से छुआ

# वसूली के आरोपों पर कहा- 50 हजार क्या है, 2 रील बनाकर कमा लूंगी

मुम्बई, 21 फरवरी । क्रिकेटर पृथ्वी शॉ से मारपीट और जबरन वसूली के केस में गिरफ्तार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सपना गिल को सोमवार को जमानत मिल गई। जमानत मिलते ही सपना ने पृथ्वी और उनके दोस्त के खिलाफ मुंबई पुलिस में केस दर्ज कराया है। हथियारों से हमला करने, आपराधिक साजिश रचने के आरोप लगाए। सपना ने कहा कि घटना के दौरान जब वो अपने दोस्त को बचाने गईं तो पृथ्वी शॉ ने उन्हें गलत तरह से छुआ।

15 फरवरी को मुंबई के होटल सहारा स्टार के बाहर सपना गिल और पृथ्वी शॉ के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद पृथ्वी शॉ के दोस्त आशीष यादव की शिकायत पर सपना और उनके 3 दोस्तों को 17 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

आशीष ने सपना पर 50 हजार रुपए की वसूली के लिए धमकाने का आरोप भी लगाया था। सपना और उनके साथियों को मुंबई मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने 20 फरवरी को जमानत दे दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेल मिलने के बाद सपना ने कहा- 50 हजार होते क्या हैं, एक दिन में 2 रील बनाकर मैं इतना कमा लूंगी।

पृथ्वी शॉ के दोस्त आशीष यादव ने कहा था कि 15 फरवरी को सहारा स्टार के कैफे में वो और पृथ्वी शॉ डिनर कर रहे थे। गिल और उसके दोस्त सेल्फी लेने के लिए आए। पहले शॉ मान गए और फिर बाद में उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद विवाद शुरू हो गया।

आशीष ने शिकायत में कहा है कि डिनर के बाद एक व्यक्ति ने उनकी कार की विंड शील्ड पर बेसबॉल बैट मारा। इसके बाद कुछ लोग मोटरसाइकिल पर कार का पीछा करते भी नजर आए। उन्होंने कार को रोका और सपना गिल ने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। उसने पृथ्वी शॉ से 50 हजार रुपयों की डिमांड भी की।

इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ। इसमें शॉ एक लड़की से बेसबॉल बैट छीनते नजर आ रहे हैं। उस लड़की का साथी शॉ का वीडियो बनाता दिखाई दिया था। वीडियो में लड़की, उसका साथी, पृथ्वी शॉ और कुछ पुलिस वाले नजर आ रहे हैं। शॉ किसी से फोन पर बात करते दिखाई दिए थे। विवाद के बाद ओशिवारा पुलिस मौके पर पहुंची थी और दोनों पक्षों को समझाया था। इसके बाद शॉ के दोस्त ने सपना और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

## करेले से मुझे नफरत है, दिल्ली टेस्ट में मंगवाए थे छोले-कुल्चे : कोहली

### इंटरव्यू में कहा- मलेशिया में गलती से कीड़ा खा लिया था

नई दिल्ली, 21 फरवरी। विराट कोहली को करेले से नफरत है। कोहली के खानपान पर बात इसलिए हो रही है, क्योंकि हाल ही में दिल्ली टेस्ट के दौरान उन्होंने छोले-कुल्चे मंगवाए थे। इसी को लेकर वो चर्चा में हैं। कोहली ने दिल्ली टेस्ट के बाद सोमवार को एक फैशन ब्रांड को इंटरव्यू दिया। इंस्टाग्राम पर शेयर इस इंटरव्यू में कोहली अपनी पसंद और नापसंद पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान करेले को लेकर उन्होंने अपनी नापसंद जाहिर की। दिल्ली टेस्ट जीतने के बाद राहुल द्रविड़ ने मैच को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कोहली के छोले-भटूरों का भी जिक्र किया। द्रविड़ ने कहा कि लोग यह कह रहे थे कि विराट ने छोले-भटूरे मंगवाए हैं। वो छोले-भटूरे नहीं, बल्कि छोले-कुल्चे थे। विराट ने मुझे छोले-कुल्चे ऑफर किए थे, लेकिन मैंने कहा कि मैं पचास साल का हूं और मैं इतना ज्यादा कोलेस्ट्रॉल नहीं ले सकता।

# आईसीसी की नयी टी-20 रैंकिंग में ऋचा और रेणुका का जलवा

दुबई, 21 फरवरी। दक्षिण अफ्रीका में चल रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का असर आईसीसी की ताजा रैंकिंग में देखा जा रहा है। भारत की पांच बल्लेबाज आईसीसी की टाप 20 रैंकिंग में जगह बनाने में सफल रही हैं।

भारत की स्टार बल्लेबाज ऋचा घोष बल्लेबाज रैंकिंग में टाप-20 में जगह बनाने में सफल रही हैं। 19 वर्षीय इस खिलाड़ी के इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद 58 रेटिंग अंक हो गए थे मगर आयरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में पहली गेंद पर आउट होने के कारण उनके रेटिंग अंक मे गिरावट आयी मगर फिर भी वह 20वें स्थान पर जगह बनाने में सफल रही।

घोष के अलावा आयरलैंड के खिलाफ करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना को तीसरा स्थान मिला है जबकि धाकड़ शेफाली वर्मा को दसवां और जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर 13वें स्थान के साथ शीर्ष 20 में जगह बनाने वाली पांचवीं भारतीय भी बनीं है। आस्ट्रेलिया की हरफनमौला ताहलिया मैकग्राथ आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में रेणुका ने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवी रैंकिंग हासिल की है। रेणुका ने इंग्लैंड के खिलाफ मात्र 15 रन खर्च कर पांच खिलाड़ियों को पवेलियन पहुंचाया था। न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने अपनी रैंकिंग में तीन पायदान का सुधार कर सातवें स्थान पर जगह बनायी है।

## सीनियर महिला राष्ट्रीय : पंजाब ने हिमाचल को हराया

काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), 21 फरवरी। हॉकी पंजाब, उत्तर प्रदेश हॉकी और तमिलनाडु ने 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मंगलवार को अपने अपने मैचों में जीत दर्ज कर तीन अंक हासिल किये।

पूल एफ के मुकाबले में हॉकी पंजाब ने हॉकी हिमाचल को 2-0 से हराया। शालू मान ने 17वें और 58वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। पूल ई में दूसरे मैच में उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 3-2 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी ने राखी राठौर 16वें मिनट पर और वर्तिका रावत 33वे और 59वें मिनट पर गोल किए जबकि आंध्र की लोलिता मैरी ने 39वे और गरलंका वरहालम्मा 47वें मिनट पर गोल कर हार जीत के अंतर को कम करने में अपना योगदान दिया।

दिन के आखिरी मुकाबले में पूल एच से तमिलनाडु की हॉकी यूनिट ने ले पुडुचेरी हॉकी के खिलाफ 3-0 से एकतरफा जीत हासिल की। तमिलनाडु की ओर से प्रियंगा एस , जननी और प्लेयर ऑफ द मैच एस सोनिया ने गोल दागे।

## अलीबेक को उम्मीद, विंबलडन के लिये हटेगा रूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध

बेंगलुरू, 21 फरवरी। रूसी टेनिस खिलाड़ी अलीबेक काचमज़ोव ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि ऑल इंग्लैंड क्लब विंबलडन में भाग लेने के लिए रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों पर लगा प्रतिबंध हटाएगा। क्लब ने रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। बेंगलुरू ओपन के इतर अलीबेक ने यहां यूनीवार्ता से बातचीत में कहा यह केवल विंबलडन में है कि रूस और बेलारूस के खिलाडियों को खेलने की अनुमति नहीं है। मुझे खुशी है कि एटीपी हमें खेलने का मौका दे रहा है। उम्मीद करता हूं कि वे (ऑल इंग्लैंड क्लब) मुझे और खेलने का मौका देंगे।

उन्होने कहा ईमानदारी से कहूं कि मै समाचार पत्र नहीं पढ़ता हूं और न ही टीवी चैनल में न्यूज देखता हूं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में समाचार मुझे निराश करते है और मेरा मूड खराब होता है। मैं अपने काम यानी सिर्फ टेनिस पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं। जब आप कुछ पढ़ रहे होते हैं तो आपको हमेशा निराशा होती है। इसलिए, मैं सिर्फ खेलने की कोशिश करता हूं और टेनिस पर ध्यान केंद्रित करता हूं। पिछले साल रूसी टेनिस स्टार डेनिल मेदवेदेव ने विंबलडन में भाग लेने से रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने पर निराशा व्यक्त की थी। उन्होने कहा था कि रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को विंबलडन में खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## 4 मई को हो सकता है धोनी का फेयरवेल मैच : चैन्नई सुपर किंग्स के अधिकारी ने पुष्टि की, चेपक में खेल सकते है आखिरी मैच



नई दिल्ली, 21 फरवरी । आईपीएल का 16वां सीजन 31 मार्च से शुरू होना है, जो 28 मई तक चलेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, मौजूदा सीजन महेंद्र सिंह धोनी का बतौर खिलाड़ी आखिरी सीजन हो सकता है। चेन्नई सुपर किंग्स के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। उनके मुताबिक, अगर टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाती तो 14 मई को चेपक स्टेडियम धोनी के फेयरवेल मैच की मेजबानी करेगा।

इस दिन का सामना से होगा। हालांकि, यह का आखिरी लीग मुकाबला नहीं होगा। टीम को अंतिम लीग मैच दिल्ली कैपिटल्स से दिल्ली में 20 मई को खेलना है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, धोनी चेपक में फेयरवेल मैच खेलना चाहते हैं। उन्होंने 2021 में यह बात कही भी थी कि वे चाहते हैं कि चेन्नई में अपना आखिरी टी20 खेलें। के अधिकारी के अनुसार, एक खिलाड़ी के तौर पर यह एमएस का आखिरी सीजन होगा। हम यही जानते हैं, लेकिन जाहिर है यह उनका फैसला है। धोनी की कप्तानी में ने 4 और 2 चैम्पियंस लीग जीती हैं। जीत प्रतिशत 59.60 है। वे में 100 मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान हैं। टीम ने 204 मैच में से 121 जीते हैं। 20वें ओवर के बेस्ट बल्लेबाज हैं। के 20वें ओवर में 500 रन बनाने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। वे 554 रन बना चुके हैं।

अभियान की शुरुआत डिफेंडिंग चैम्पियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी। यह मुकाबला पहले ही दिन यानी 31 मार्च को अहमदाबाद में होगा। चेन्नई घरेलू मैदान पर अपना पहला मैच लखनऊ से 3 अप्रैल को खेलेगी। चेन्नई में तीन साल बाद मैच होगा। धोनी 1427 दिन बाद चेपक स्टेडियम पर खेलने उतरेंगे।

धोनी के जाने के बाद इंग्लैंड के बेन स्टोक्स, भारत के अजिंक्य रहाणे व रुतुराज गायकवाड़ कप्तानी की रेस में शामिल हैं। टीम जडेजा के साथ वापस नहीं जाना चाहेगी। टीम रुतुराज को भविष्य के कप्तान के रूप में परख सकती है। रहाणे को कप्तानी का अनुभव है। स्टोक्स के पास काफी अनुभव है।

## कतर के साथ दो दोस्ताना मुकाबले खेलेगी भारत की अंडर-17 टीम

नई दिल्ली 21 फरवरी। एएफसी अंडर-17 एशिया कप की तैयारियों के तहत भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम कतर में 25 फरवरी और 28 फरवरी को कतर अंडर-17 टीम के खिलाफ दो दोस्ताना मैच खेलेगी। कोच बिबियानो फर्नांडिस की अगुवाई में भारत की अंडर-17 टीम ने पिछले साल एएफसी अंडर-17 एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया था और नवंबर से टीम के खिलाड़ी गोवा में प्रशिक्षण ले रहे हैं। ब्लू कोल्ट्स ने पिछले महीने यूएई अंडर-20 और उज्बेकिस्तान अंडर-17 के साथ दोस्ताना मैच भी खेले हैं। **कतर मैत्री मैच के लिए 23 सदस्यीय टीम इस प्रकार है :-** गोलकीपर: साहिल, जुल्फिकार गाजी, तजामुल इस्लाम, डिफेंडर: रिकी मीतेई हाओबाम, सूरजकुमार सिंह नगंगबम, मनजोत सिंह धामी, मुकुल पंवार, मालेमंगबा सिंह थोकचोम, प्रमवीर। मिडफील्डर: वनलालपेका गुइटे, डैनी मेइतेई लैशराम, गुरनाज सिंह ग्रेवाल, आशीष, कोरू सिंह थिंगुजम, लालपेखलुआ, हुजफह अहमद डार, फैजान वहीद, आकाश तिर्की, प्रचित गांवकर।

## डाट बाल पर बल्लेबाजों को अब भी सुधार की जरूरत : हरमनप्रीत

गेकेबेरा 21 फरवरी। आयरलैंड को हरा कर महिला टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले अहम मुकाबले में अपने बल्लेबाजों से उम्मीद करती हैं कि वह हर गेंद को रन में तब्दील करने की कोशिश करेंगी।

सोमवार को वर्षा प्रभावित मैच में भारत ने डीएलएस के जरिये आयलैंड के खिलाफ पांच रन से जीत हासिल कर अंतिम चार में जगह बनायी थी। इससे पहले भारत को सिर्फ इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था और उस मैच में भारतीय लड़कियों ने निर्धारित 120 गेंदों में 51 गेंदो पर कोई रन नहीं बनाया था जो अंततः हार का कारक बना। हालांकि आयरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में भारत ने इस दिशा में अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार करते हुये 41 गेंद छोड़ी। आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने छह विकेट पर 155 रन का स्कोर खडा किया था जिसमें स्मृति मंधाना के टी20 करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 87 रन शामिल था।

आयरलैंड के खिलाफ भारत एक समय मुश्किल में था जब उसके दस ओवर में सिर्फ 63 रन ही बने थे। पावर प्ले में भारत के 42/0 की तुलना में आयरलैंड का स्कोर दो विकेट पर 44 रन था। हालांकि बाद में मंधाना की शानदार पारी की बदौलत भारत चुनौतीपूर्ण स्कोर खडा करने में सफल रहा।

हरमनप्रीत ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ हमने काफी डॉट बॉल खेली। हमको इस ओर ध्यान देना होगा। हम पहले भी टीम की बैठक में इस बारे में बात कर चुके हैं। लेकिन कभी-कभी, जब दूसरी टीम बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रही होती है, तो 150 रन बनाना भी सुकून भरा होता है। विश्व कप के मैच के दौरान दोनों टीमें हमेशा दबाव में रहती हैं। मुझे लगता है कि अगर बोर्ड पर 150 रन हैं तो आपका पलड़ा हमेशा भारी रहता है। हम खुद पर ज्यादा दबाव नहीं डाल रहे हैं। हम बस वहां जा रहे हैं और वहां की परिस्थितियों को समझ रहे हैं और स्थिति के अनुसार खेल रहे हैं।

उन्होने कहा डॉट गेंदें कुछ ऐसी हैं जो पहले से ही हमें चिंतित कर रही हैं। अगले गेम में हम उस क्षेत्र में भी कुछ सुधार देखना पसंद करेंगे। यह पांचवा मौका है जब भारतीय टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। इससे पहले टीम 2009,2010, 2018 और 2020 में यह कारनामा कर चुकी है।

## दिल्ली, मुंबई क्रिकेट स्टेडियम के वॉशरूम बदहाल : वानखेड़े में तो लाइट, पानी तक नहीं, महिला फैन ने से की शिकायत

नई दिल्ली, 21 फरवरी । भारत में क्रिकेट का जज्बा और जुनून अलग ही लेवल का है। इसी जज्बे को लिए एक महिला फैन दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में अपनी बेटी और परिवार के साथ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच देखने पहुंची। मैच तो भारत जीत गया लेकिन, मैच देखने पहुंचे फैंस को स्टेडियम की सुविधाओं ने परेशान कर दिया। शिल्पा फड़के नामक फैन ने सोशल मीडिया पर और सचिव जय शाह से असुविधा को लेकर शिकायत की। उन्होंने कहा कि दिल्ली, मुंबई में क्रिकेट देखना एक महिला फैन के लिए बुरे सपने से कम नहीं। यहां पहले तो टॉयलेट नहीं मिलते और जो मिलते हैं वहां लाइट, पानी नहीं दिखता। ऐसे में महिला फैंस करें तो करें क्या?

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है। जो देश भर के 50 से ज्यादा इंटरनेशनल स्टेडियम में क्रिकेट संचालित करता है। यहां की क्रिकेट इंडस्ट्री भी करीब 82 हजार करोड़ रुपए (10 बिलियन डॉलर) की है। ऐसे में महिला फैन की यह कम्प्लेन ग्राउंड मैनेजमेंट पर कई सवाल खड़े करती है। सीनियर स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट विजय लोकपाली ने भी महिला फैन की शिकायत का समर्थन किया। विजय ने सोशल मीडिया पर कहा, उन्हें उम्मीद है कि इस शिकायत पर ध्यान देगा और जल्द ही स्टेडियम के हालात सुधरेंगे।

## युवराज का एक और फनी वीडियो, मां ने गलत सब्जी लाने में घर से निकाला

मुबंई 21 फरवरी। भारतीय टीम के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने इंस्टाग्राम में एक मजाकिया वीडियो पोस्ट किया है जिसमें उनकी मां गलत सब्जी लाने के लिये उन्हे घर से बाहर निकाल रही है। इस फनी वीडियो को अब तक 20 लाख से अधिक लाइक मिल चुके हैं जबकि उनके प्रशंसक लाखों मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं। क्रिकेट के मैदान पर जलवे बिखरने वाले युवराज सोशल मीडिया पर खासे सक्रिय रहते हैं और इसी कड़ी में उन्होने इंस्टाग्राम में उन्होने अपने भाई जोरावर के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें दोनो की मां शबनम दोनो के कालर पकड़ कर घर से बाहर निकाल रही है। युवराज ने कैप्शन में लिखा बताओ हमने कुछ गलत किया क्या। वीडियो में दर्शाया गया है कि मां शबनम युवराज और जोरावर को इसलिये धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया क्योंकि उन्हें सब्जी लेने भेजा गया था और वे 'धनिया के बजाय पुदीना ले आए। गौरतलब है कि क्रिकेट की दुनिया में युवराज सिंह की पहचान आज भी धाकड़ आलराउंडर के तौर पर होती है। साल 2007 के टी-20 विश्वकप में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार छह गेंदों पर छह छक्के आज भी प्रशंसकों के जहन में जिंदा है।

## पहली बार संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा मेघालय

भुवनेश्वर, 21 फरवरी। मेघालय ने भुवनेश्वर में इतिहास रचते हुए संतोष ट्राफी के लिये 76वीं राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ओएफए 7वीं बटालियन ग्राउंड में दक्षिण पूर्वी राज्य ने पूर्व चैंपियन पश्चिम बंगाल को अपने अंतिम ग्रुप बी मुकाबले में 2-1 से हरा कर अंतिम चार में अपना स्थान पक्का किया। सर्विसेज पहले ही ग्रुप बी के टॉपर्स के रूप में क्वालीफाई कर चुकी हैं। ग्रुप ए से क्वालीफाई करने वाली दो टीमें पंजाब और कर्नाटक हैं। अब सेमीफाइनल में पंजाब का सामना मेघालय से होगा जबकि सर्विसेज का सामना कर्नाटक से होगा।

## टेस्ट हारने के बाद 6 ऑस्ट्रेलियाई घर लौटे : वार्नर सीरीज से बाहर, वनडे टीम में शामिल मैक्सवेल की कलाई कैच लेते वक्त टूटी

नई दिल्ली, 21 फरवरी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-0 से पिछड़ चुकी ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं। टीम के 6 खिलाड़ी बीच सीरीज में ऑस्ट्रेलिया लौट चुके हैं। ओपनर डेविड वार्नर कोहनी की चोट के चलते सीरीज से बाहर हो गए हैं।

वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किए गए ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी चोटिल हो गए हैं। वे ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया के खिलाफ मैच में स्लिप में कैच लेते वक्त चोटिल हो गए। उनकी कलाई में फ्रैक्चर है। ऐसे में 17 मार्च से शुरू हो रही वन डे सीरीज में उनके खेलने पर संशय है।

ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस अपने घर सिडनी लौटे हैं। कमिंस की फैमिली में स्वास्थ्य संबंधी समस्या आई है, जिस वजह से टूर के बीच में उन्होंने घर जाने का फैसला लिया। हालांकि वे 1 मार्च से इंदौर में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट में खेलेंगे। टीम के पेसर मिचेल स्टार्क और ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन फिट हो चुके हैं। वे अब इंदौर टेस्ट खेल सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर दिल्ली टेस्ट के दूसरे दिन टीम से बाहर हो गए थे। उन्हें इंडियन पेसर मोहम्मद सिराज की गेंद पर सिर में चोट लगी थी। उन्हें कोहनी में भी चोट आई थी। इस कारण वे अब घर जा रहे हैं।



पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरून ग्रीन, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मैट कुह्नमैन, मारनस लाबुशेन, नाथन लायन, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिचेल स्टार्क, मिशेल स्वेपसन, डेविड वार्नर।

9 फरवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज शुरू हो चुकी है। पहला और दूसरा टेस्ट भारत जीत चुका है। अब 1 से 5 मार्च तक इंदौर में तीसरा और 9 से 13 मार्च तक अहमदाबाद में चौथा टेस्ट खेला जाएगा। इसके बाद 17, 19 और 22 मार्च को 3 वनडे भी होंगे।

## मुक्केबाजी : दमित्री दिमित्रुक भारत के विदेशी कोच नियुक्त

नई दिल्ली, 21 फरवरी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने जाने-माने अनुभवी कोच दिमित्री दिमित्रुक को भारतीय मुक्केबाजी टीम का विदेशी कोच नियुक्त किया है जो अगले दो वर्षों के लिए देश की एलीट टीमों का नेतृत्व करेंगे। दिमित्रुक पिछले 12 सालों से आयरिश एथलेटिक बॉक्सिंग एसोसिएशन के साथ आयरिश राष्ट्रीय जूनियर और युवा टीमों के कोच के रूप में काम कर रहे थे। अब वह आगामी एलीट प्रतियोगिताओं के लिए विदेशी कोच के रूप में भारतीय मुक्केबाजी की पुरुष और महिला टीमों का नेतृत्व करेंगे। दिमित्रुक की नियुक्ति पर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, दिमित्री दिमित्रुक को भारतीय मुक्केबाजी टीम का विदेशी कोच नियुक्त करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। दिमित्रुक ने आयरिश एथलेटिक बॉक्सिंग एसोसिएशन के साथ काम करते हुए कोचिंग की साख साबित की है।



ग्लॉस्टरशर, इंगलैण्ड, के कॉट्सवोल्ड जिले के गांव चिपिंग कैम्पडन के लोग 17 वीं सदी से ''ओलम्पिक'' आयोजित कर रहे हैं। आम ओलम्पिक के विपरीत कॉट्सवोल्ड ओलम्पिक में कुछ गैर पारम्परिक खेल होते थे, जैसे, स्लैजहैमर थ्रोइंग, वीलबरो रेसिंग, मॉरिस डान्सिंग और शिन (पिंडली) किकिंग। इस ओलम्पिक की शुरुआत एक वकील रॉबर्ट डोवर ने की थी। उसका मत था कि, खेल समाज में सद्भावना बढ़ाते और गरीब-अमीर की खाई मिटाते हैं, साथ-साथ इससे कसरत भी होती है, जो कि राज्य की सुरक्षा के लिए जरुरी है। इसलिए इंगलैण्ड के किंग जेम्स ने उसकी बात मान ली और 1612 में इन खेलों का पहला आयोजन हुआ। पहले खेल एक प्राकृतिक एम्फिथिएटर में हुए जिसे अब डोवर्स हिल कहते हैं, पर तब इसका नाम किंगकोम्ब मैदान था। हर साल लकड़ी का एक दुर्ग (डोवर कासल) बनाया जाता था। समाज के हर वर्ग के लोग इन खेलों में शामिल होते थे। पर प्यूरीटान्स (परिशुद्धतावादी) इससे नाराज थे। उनका मानना था कि, ये खेल शराब व अनैतिकता को बढ़ावा देते हैं। असल में इन लोगों को चर्च अवकाश के दिन किसी भी उत्सव का आयोजन पसंद नहीं था। बाद में सन् 1643 में खेलों का आयोजन बंद हो गया। वर्ष 1666 में राजतंत्र के पुनः बहाल होने के बाद खेल दोबारा शुरु हुए पर तब तक डोवर की मौत हो चुकी थी और उसके मार्ग दर्शन के अभाव में खेलों में धीरे-धीरे शराब का प्रचलन बहुत बढ़ गया, साथ ही नग्नता व अनैतिकता भी बढ़ गई। बाद में आयोजकों को कई तरह की समस्याएं होने लगीं, क्योंकि 1820 के दशक में खेलों में काम आने वाली काफी ज़मीन लोगों ने खरीद ली थी जिसका किराया देना पड़ता था। सन् 1852 में आखिरी बार इन खेलों का आयोजन हुआ फिर ये बंद हो गए। सौ साल बाद 1951 में फैस्टिवल ऑफ ब्रिटेन के रुप में इन खेलों का पुनः आयोजन हुआ और तब ये इतने लोकप्रिय हुए कि, हर वर्ष खेल आयोजित करने का फैसला हुआ। लेकिन क्षेत्र में फुट एण्ड माउथ डिज़ीज़ फैलने से ऐसा नहीं हो पाया। फिर, सन् 1965 में रॉबर्ट डोवर्स गेम्स सोसायटी की स्थापना हुई और खेल आयोजन चालू हुआ, तब से ये खेल हर साल होते हैं और हजारों लोग इनमें भाग लेने आते हैं।

# मु.मंत्री शिंदे अपनी पार्टी शिवसेना को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में शामिल करवायेंगे

## मु.मंत्री शिंदे चाहते हैं कि, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में स्थान मिलने का फायदा पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में सीधे तौर पर मिले

मुंबई, 21 फरवरी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अब शिवसेना से केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल होने के प्रयास में लगने वाले हैं। अगले साल होने वाले महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनावों से पहले पार्टी के भीतर इस बात की चर्चा हो रही है कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शिवसेना को मिलने वाली जगह से न सिर्फ महाराष्ट्र के सियासी समीकरण साधे जाएंगे। बल्कि उद्धव ठाकरे को कमजोर करने में यह दांव भी शिंदे गुट को मुफीद लग रहा है। दरअसल यह सारी कवायद पार्टी के भीतर तब और ज्यादा जोर मारने लगी, जबसे शिंदे गुट को आधिकारिक रूप से शिवसेना का तमगा और चुनाव चिन्ह मिल गया है। यही वजह है कि अब शिंदे गुट पूरी तरीके से पार्टी से न सिर्फ उद्धव ठाकरे युग को खत्म करने की कवायद में लग गया है। बल्कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने की सभी जोर आजमाइश भी शुरू कर दी गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगले साल महाराष्ट्र में चुनाव हैं। ऐसी दशा में अगर शिंदे गुट की पहचान को महाराष्ट्र में स्थापित करके अगले साल फिर से सत्ता में वापसी करनी है, तो केंद्रीय मंत्रिमंडल में शिवसेना को जल्द से जल्द जगह भी देनी होगी। इसको लेकर पार्टी के भीतर न सिर्फ लगातार बातचीत हो रही है, बल्कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तक से पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने विस्तार से चर्चा की है। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पिछले सप्ताह महाराष्ट्र पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह के संज्ञान में भी यह बात लाई गई है। महाराष्ट्र की सियासत को समझने वाले राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अब एकनाथ शिंदे के ऊपर शिवसेना पार्टी का तमगा और पार्टी का सिंबल मिलने के बाद दबाव तो पड़ ही रहा होगा।

हालांकि शिवसेना से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने को लेकर कोई अटकलें और रोड़े नहीं हैं। वह कहते हैं कि जैसे ही मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, तो शिवसेना को उसमें हिस्सेदारी भी मिलेगी। इसके पीछे तर्क देते हुए महाराष्ट्र के राजनीतिक विश्लेषक हिमांशु शितोले कहते हैं कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है शिवसेना के ऊपर दबाव तो पड़ ही रहा है। वह बताते हैं कि यह दबाव सिर्फ इस बात का नहीं है कि चुनाव आयोग की ओर से शिंदे गुट को मिली शिवसेना की मान्यता और चुनाव चिन्ह के साथ केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिले। दबाव इस बात का है कि असली चुनावी परीक्षा 2024 के विधानसभा चुनावों में एकनाथ शिंदे गुट को मिली शिवसेना की बागडोर के बाद सीधा मुकाबला उद्धव ठाकरे की पार्टी से होने वाला है। यही वजह है कि सिर्फ शिवसेना ही नहीं बल्कि भाजपा भी महाराष्ट्र के सभी सियासी समीकरणों को हर नजरिए से देख कर एक-एक कदम फूंक कर आगे रख रही है।

महाराष्ट्र में हुए बड़े सियासी उलटफेर के बाद जिस तरीके से मुख्यमंत्री शिंदे ने शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है, उससे कई तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अभी भी कई नेता ऐसे हैं, जिनकी आस्था उद्धव ठाकरे और बाल ठाकरे के परिवार के प्रति बनी हुई है। विश्लेषकों का अनुमान है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में उद्धव ठाकरे के परिवार से संबंध रखने वाले किसी नए नेता की फिलहाल न तो एंट्री होगी और न ही उसे बरकरार रखा जा सकेगा। सूत्रों का कहना है कि शिवसेना की बुलाई गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के विधायक सांसद और तमाम बड़े नेता शामिल होने वाले हैं। फिलहाल अनुमान तो यही लगाया जा रहा है कि शिवसेना की नई कार्यकारिणी में व्यापक फेरबदल किए जा सकते हैं। हालांकि यह फेरबदल किस तरीके के होंगे यह तो कार्यकारिणी की बैठक के बाद ही पता चलेगा।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि महाराष्ट्र में जितना सजग होकर एकनाथ शिंदे और उनकी पार्टी से जुड़े नेता चल रहे हैं, उससे ज्यादा भाजपा एक-एक कदम सोच समझ कर रख रही है। राजनीतिक विश्लेषक एस.एन. धर कहते हैं कि दरअसल अगले साल होने वाले दो महत्वपूर्ण चुनाव महाराष्ट्र के हाल के दिनों में हुए बड़े बड़े घटनाक्रम से आंके जाएंगे। इसमें अगले साल होने वाले लोकसभा का चुनाव भी शामिल है और महाराष्ट्र में अगले साल होने वाले विधानसभा का भी चुनाव शामिल है। धर कहते हैं कि महाराष्ट्र में जिस तरीके से बड़ा सियासी उलटफेर हुआ है, उससे न सिर्फ सियासत के गलियारों में हलचल मची थी, बल्कि महाराष्ट्र की जनता भी एकबारगी सन्न रह गई थी।

# वसुंधरा राजे जोधपुर पहुंचीं

जोधपुर, 21 फरवरी (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार सुबह रोहट से जयपुर लौटते समय कुछ देर के लिए जोधपुर में रुकीं। एयरपोर्ट लॉज में उन्होंने भाजपा नेताओं से मुलाकात की।

आज भाजपा में वसुंधरा ग्रुप से जुड़े नेता एक बार फिर सक्रिय नजर आए। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, सूरसागर विधायक सूर्यकांता व्यास, पूर्व सांसद जसवंतसिंह विश्नोई, जेडीए के पूर्व चेयरमैन महेंद्र राठौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष जगत नारायण जोशी और पूर्व सांसद रामनारायण डूडी सहित अन्य नेता उनकी अगवानी करने एयरपोर्ट पहुंचे।

- जोधपुर में वसुंधरा समर्थक भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।
- सूत्रों के अनुसार इस बार वसुंधरा 4 मार्च को अपना जन्मदिन सालासर में मनाएंगी।

वसुंधरा ने यहां काफी देर तक नेताओं से बात की और जोधपुर जिले का राजनीतिक फीडबैक भी लिया। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने जोधपुर सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल भी खड़े थे।

पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण लाल पंचारिया, पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़, पूर्व विधायक जोगाराम पटेल, पूर्व मंत्री मेघराज लोहिया, पूर्व मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राणावत, पूर्व विधायक मदन राठौड़, कमसा मेघवाल, अर्जुनलाल गर्ग, भाजपा प्रदेश मंत्री के.के विश्नोई सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे इस बार अपना जन्मदिन 4 मार्च को मनाएंगी।

वैसे तारीख के हिसाब वसुंधरा राजे का जन्मदिन 8 मार्च को आता है और उस दिन महिला दिवस पर भी होता। लेकिन इस बार होली का त्यौहार होने के कारण वह 4 तारीख को सालासर में आयोजन कर अपना जन्मदिन मनाएंगीं। जोधपुर के नेताओं से इस बारे में भी चर्चा की गई।

# लॉरैंस विश्नोई के करीबी लोगों पर एन.आई.ए. की रेड

## एन.आई.ए. की टीम बालेसर और वीतराग सिटी में पहुंची

जोधपुर, 21 फरवरी (कासं)। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की तरफ से आज देश में कई कुख्यात अपराधियों के यहां पर एक साथ रेड डाली गई। कुख्यात अपराधी लॉरैंस विश्नोई से जुड़े उसके गुर्गों एवं संपर्क वालों के यहां पर सर्च चलाया गया। दोपहर तक पुलिस ने हालांकि, इसकी अधिकृत रूप से पुष्टि नहीं की है। मगर पुलिस से इमदाद मांगी गई। ग्रामीण में बालेसर के भाटेलाई इस बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी।

वहीं सूत्रों के मुताबिक एन.आई.ए. ने कुख्यात अपराधी लारेंस विश्नोई और उसके जुड़े संपर्क वाले लोगों एवं गुर्गों पर सर्च किया है। लारेंस का पाकिस्तान से संपर्क होने की जानकारी सामने आने के बाद एनआईए सतर्क हो गई है। कुछ दिन पहले इस बारे में खुलासा हुआ था। पंजाबी सिंगर मूसेवाला हत्याकांड के बाद कई बड़े खुलासे लगातार हो रहे है।

- हालांकि स्थानीय पुलिस ने अधिकृत रूप से रेड की पुष्टि नहीं की, परन्तु पता चला है कि एन.आई.ए. की टीम ने स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा है।
- सूत्रों के अनुसार लॉरैन्स विश्नोई का पाकिस्तान से सम्पर्क होने का खुलासा होने के बाद एन.आई.ए. का शिकंजा इस गिरोह पर कसता जा रहा है।

पुरोहितान में एक अपराधी घर के साथ यहां हिस्ट्रीशीटर पर गत दिनों हुई फायरिंग के केस में वीतराग सिटी में भी सर्च चला है। ज्यादा जानकारी इस बारे में पुलिस अधिकारी देने से कतराते रहे। एनआईए ने स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि, एनआईए की रेड को लेकर उनसे इमदाद मांगी गई थी। पुलिस बल को बालेसर भेजा गया था। मगर उन्होंने किस बाबत कार्रवाई की लॉरैंस अपने गुर्गों से बड़ी रंगदारी वसूलने का काम करवा रहा था। जयपुर में बार क्लब में हुई फायरिंग के बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर लाई थी। जयपुर कमिश्नरेट पुलिस की अभिरक्षा में वह अभी चल रहा है। इस मामले में कई बड़े चौकानें वाले खुलासे एन.आई.ए. कर चुकी है। इसके तार जोधपुर में जुड़े होने की संभावना के मद्देनजर आज गुर्गों के कुछ ठिकानों पर सर्च चलाया गया है।

# अनूपगढ़ में भी छापे

अनूपगढ़, (कासं)। एनआईए ने लॉरैंस, रोहित गोदारा, नीरज बवाना समेत कई गैंगस्टरों के ठिकानों पर छापेमारी की। सुबह 3 बजे से ही एनआईए ने अनूपगढ़ के गांव 65 जीबी, 61 जीबी और 62 जीबी में छापे मारे। इस दौरान दो लोगों को राउंडअप किया गया था, जिनसे एनआईए ने रामसिंहपुर पुलिस थाने में करीब 3 घंटे तक पूछताछ की।

मंगलवार सुबह 3 बजे एनआईए की टीम गांव 65 जीबी पहुंची और एक

- 61जीबी और 65 जीबी गांव के जिस घर में एन.आई.ए. ने छापा मारा, उस घर का एक सदस्य विदेश में रहता है।

घर में छापेमारी की। यहां से एनआईए ने एक व्यक्ति को राउंडअप किया और उसे लेकर रामसिंहपुर पुलिस थाना पहुंची। बताया जा रहा है कि गांव 65 जीबी के जिस घर में एनआईए ने छापा मारा था। उस घर का एक सदस्य विदेश में रहता है। एनआईए की दूसरी टीम ने गांव 61 जीबी में पहुंचकर एक घर में छापामारी की और वहां से भी एक व्यक्ति को राउंडअप किया। दोनों व्यक्तियों से लगभग 3 घंटे तक रामसिंहपुर पुलिस थाना में पूछताछ की और उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। अनूपगढ़ के गांव 62 जीबी में भी एनआईए की टीम ने विदेश में रह रहे एक परिवार के घर पर छापा मारा।

# मधुसूदन मिस्त्री से काम लेकर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जोशी निर्वाचित ए.आई.सी.सी. सदस्य हैं, जबकि वो स्पीकर हैं। इस बात पर अभी बहस जारी है कि, स्पीकर एक स्वतंत्र हस्ती होता है अथवा एक स्पीकर के रूप में वो किसी राजनीतिक दल का हिस्सा होता है ? अन्य राज्यों में भी कई असमान्यताएं हैं। हमेशा सुखियों में रहने वाले कृष्णा अल्लूवेरा, जो पी.सी.सी. डैलिगेट तक नहीं हैं, को दिल्ली से डैलिगेट बनाया गया है, जबकि, वो आन्ध्र प्रदेश से हैं। राहुल गाँधी के एक पूर्व बॉडी गार्ड, जो अब उनके स्टाफ में है तथा राहुल के नजदीक माने जाते हैं, को दिल्ली से ए.आई. सी.सी. सदस्य बनाया गया है, वो केरल से हैं। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते, विभाकर शास्त्री को ड्रॉप किया गया है और ए.आई.सी.सी. सदस्य नहीं बनाया गया है, जबकि, हाल ही में सम्पन्न राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वो राजस्थान के मीडिया चेयरमैन थे।

- कृष्णा अल्लुवेरा, जो भी पी.सी.सी. सदस्य नहीं हैं, उन्हें दिल्ली से ए.आई.सी.सी. का सदस्य बनाया गया है, हालांकि वे आंध्र के हैं। इसी प्रकार राहुल गांधी के ''बॉडीगार्ड'' जो अब उनके ऑफिस में काम कर रहे हैं और केरल के रहने वाले हैं, को भी दिल्ली से ए.आई.सी.सी. का सदस्य बनाया है।
- पूर्व प्र.मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र विभाकर शास्त्री, जो भारत जोड़ो यात्रा में राजस्थान के मीडिया चेयरमैन बनाये गये थे तथा राहुल गांधी के नजदीक के लोग हैं, ए.आई.सी.सी. सदस्य नहीं बनाये गये।
- यह भी कहा जा रहा है कि, मल्लिकार्जुन खड़गे का लिस्ट से कोई लेन-देन नहीं, उन्होंने तो वहीं हस्ताक्षर किये, जहां उन्हें कहा गया।

प्रश्न ये पूछे जा रहे हैं कि, इतने सारे डैलिगेट्स को क्यों हटाया गया है। तथा सभी उत्तर के.सी.वेणुगोपाल की तरफ इशारा कर रहे हैं, जो सभी निर्णय ले रहे हैं, सूचियों में कांट-छांट कर रहे हैं; कुछ अनुपयुक्त लोगों को लिस्ट में शामिल कर रहे हैं और अनेक योग्य लोगों को छोड़ रहे हैं। मधुसूदन मिस्त्री की अध्यक्षता वाली कांग्रेस इलैक्शन अथॉरिटी ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का संचालन किया था, दिन रात एक कर के पी.सी.सी. अध्यक्ष बनाए थे, लेकिन, वेणुगोपाल ने सूचियाँ अपने हाथ में ले लीं, मिस्त्री को उपेक्षित कर के। दु:खी मिस्त्री ने सारा काम वेणुगोपाल पर छोड़ दिया। वेणुगोपाल ने पी.सी.सी.अध्यक्षों से सीधे ही सूचियाँ मंगवाई और उनमें काट-छांट की। सूत्रों का कहना है कि लिस्ट बनाने में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की न्यूनतम या नहीं के बराबर भूमिका है। उन्हें तो जो भी भेजा जा रहा है इस पर वे हस्ताक्षर कर रहे हैं। क्या खड़गे जी ने उस लिस्ट पर साइन किए जिसमें ए.आई.सी.सी. सदस्य के रूप में उनका नाम था? और क्या ऐसा ही वेणुगोपाल के साथ था? यही वजह है कि इलैक्शन अथॉरिटी गठित की गई थी और अभी तक इसने अच्छा काम किया था और इसके खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली थी। इस कदम का लक्ष्य है राहुल की नई कांग्रेस।

## 'बाड़मेर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। वे मंगलवार को एच.पी. सी.एल. राजस्थान रिफायनरी लिमिटेड कॉम्प्लेक्स में प्रैस से बात कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि इस प्रोजैक्ट की परिकल्पना प्रधानमंत्री मोदी के स्वप्नों- आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया- के अनुरूप की गई है। राजस्थान के बाड़मेर नगर में स्थित ग्रीन फील्ड रिफायनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (एच.पी.सी .एल.) की जॉइन्ट वेन्चर कंपनी एच.पी.सी.एल. राजस्थान रिफायनरी लिमिटे (एच.आर.आर. एल.) तथा गवर्नमैन्ट ऑफ राजस्थान (जी.ओ.आर.) द्वारा स्थापित की जा रही है तथा इसमें इन दोनों की साझेदारी क्रमशः 74 प्रतिशत तथा 26 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजैक्ट की परिकल्पना 2008 में की गई थी तथा इसका प्रारम्भिक अनुमोदन 2013 में हुआ था।

## पुतिन ने राष्ट्रपति...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि यूक्रेन को हथियारों के अलावा इंटैलीजेंस के साधन उपलब्ध करवाकर अमेरिका और पश्चिमी देश रूस को हराने के जतन कर रहे हैं। पुतिन इस विवाद को और व्यापक करने की भी धमकी दे रहे हैं।

पुतिन के उपेक्षापूर्ण बयानों में निश्चित रूप से हताशा के स्वर हैं। इसमें कोई संशय नहीं कि यूक्रेन को पश्चिमी देशों से लगातार प्राप्त हो रहे अत्याधुनिक हथियारों और इंटैलीजैंस ने पुतिन के लिए यूक्रेन पर पार पाना एक तरह से असंभव कर दिया है। यह भी खबरें हैं कि रूस के राष्ट्रपति के लिए उनकी घरेलू स्थिति लगातार अस्थिर बनती जा रही है।

विशेषज्ञ ध्यान दिला रहे हैं कि पुतिन का आज का भाषण उनकी मानसिक स्थिति के बारे में बतलाता है। वह कुछ वैकल्पिक बातें कर रहे हैं जो जमीनी स्थिति से अलग हैं। अपने प्रसारण में पुतिन ने आरोप लगाया कि युद्ध के लिए युक्रेन की सरकार दोषी है।

रूस इस युद्ध को लड़ने के लिए बाध्य है क्योंकि यूक्रेन की सरकार उसके विरूद्ध पश्चिमी देशों के एजेण्डे को आगे बढ़ा रही है। इसके साथ ही पुतिन को यह समझ आ गया है कि अमेरिका और पश्चिमी देशों की दीर्घकालीन प्रतिबद्धताओं के कारण, उनके पास युद्ध जीतने का मौका ना के बराबर है।

पुतिन एक अन्य गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं क्योंकि उनका एक महत्वपूर्ण सहयोगी एवं भाड़े के सैनिकों वाला ''वैगनर ग्रुप'' रूस की सरकार और नौकरशाही को लेकर बेचैन है। चूंकि पुतिन की नियमित सेना किसी तरह की सफलता प्राप्त करने में विफल रही है, इसलिए वैगनर ग्रुप एक वैकल्पिक सत्ता केन्द्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।

यह भी मुमकिन है कि एक संभावित घरेलू झड़प पुतिन के मुंह बांए खड़ी है और ये बाध्यताएं कहीं ना कहीं आगे का मार्ग दिखा रही हैं और रूस के राष्ट्रपति के लिए ये अनिवार्य बन गई हैं।

# 'हिन्दुस्तान में चुनाव वातावरण गर्माया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दूँ- मुझे नहीं मालूम कि चुनाव का सीजन भारत या दिल्ली में शुरु हुआ है या नहीं, लेकिन इतना जरूर है कि यह लंदन, न्यूयॉर्क में शुरु हो गया है।''

पिछले 15 दिन से ''हम अडानी के हैं कौन'' शीर्षक वाली श्रृंखला के अन्तर्गत, रोजाना तीन सवाल पूछ रही कांग्रेस की बढ़ती स्वीकार्यता से परेशान, जयशंकर ने अपनी चहेती समाचार एजेंसी ए.एन.आई. को एक विस्तृत इन्टरव्यू दिया। ज्ञातव्य है कि 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद, पी.टी.आई. का स्थान ए.एन.आई. ने ले लिया है।

एक सोची-समझी कोशिश के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के कम्यूनिकेशन एवं मीडिया मैनेजमैंट प्लानर्स ने आज विदेश मंत्री की सेवायें लीं ताकि जनता का ध्यान अडानी-हिंडनबर्ग मुद्दे से हटाया जा सके, क्योंकि इस मुद्दे के चलते, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गौतम अडानी के विवादित व्यावसायिक ग्रुप के गहरे रिश्तों के उजागर होने का खतरा मँडरा रहा है।

और इसके बाद, जयशंकर बी.बी.सी. से कांग्रेस पर शिफ्ट हो गये, और राहुल गांधी पर हमला बोल दिया, जिन्होंने अभी हाल ही में कहा था कि वे (राहुल) विदेश नीति के बारे में बहुत ज्यादा नहीं जानते तथा उन्हें ''कुछ और जानने-सीखने की जरूरत है।'' उन्होंने कांग्रेस नेता द्वारा अक्सर की जा रही उस आलोचना के लिये उन पर हमला बोला, जिसे वे सरकार की ''रक्षात्मक'' (डिफेंसिव) चीन नीति कहते हैं।

डॉ. जयशंकर ने कहा, ''अगर मुझे इस चीन नीति का सार बताना पड़े, तो कृपया इस बात की ओर ध्यान मत दीजिये कि सरकार कहीं डिफेन्सिव रुख अपना रही है, ....... हम कहीं दब्बूपन से काम ले रहे हैं। मैं लोगों से पूछता हूँ कि अगर हम झुकने की नीति से काम ले रहे थे तथा एल.ए.सी. (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) पर भारतीय सेना किसने भेजनी थी। वे राहुल गांधी ने तो नहीं भेजी थी, वे नरेन्द्र मोदी ने ही भेजी थीं।''

उन्होंने कहा, ''आज चीन सीमा पर हमारे इतिहास की (सेना की) सबसे बड़ी शांतिकालीन तैनाती है। हम वहाँ बहुत खर्च और प्रयास के साथ सेना तैनात किये हुये हैं। इहमने इस सरकार में सीमा पर इन्फ्रास्ट्रक्चर लागत पाँच गुना बढ़ा दी है। अब मुझे बताइये कि कौन है रक्षात्मक तथा समझौतावादी वास्तव में सच कौन बोल रहा है? चीजों को सही चित्रित कौन कर रहा है? इतिहास के साथ टेबल के नीचे पैर से छेड़छाड़ कौन कर रहा है?''

कांग्रेस के प्रति जयशंकर की पूर्वाग्रहयुक्त तथा गहरी पैठी हुई निजी नाराजगी उस समय खुलकर सामने आ गई, जब उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1980 में सत्ता में आने के शीघ्र बाद ही, उनके पिता डॉ. के सुब्रमण्यम को सैक्रेटरी, डिफ्रेंस प्रोडक्शन के पद से हटा दिया था तथा राजीव गांधी के शासनकाल में, उनको सुपरसीड करके, उनके एक जूनियर को कैबिनेट सैक्रेटरी बना दिया गया था।

उन्होंने कहा, ''मैं एक उत्कृष्ट विदेश सेवा अधिकारी बनना चाहता था। और मेरी सोच में, कुछ उत्कृष्ट करने की परिभाषा यही थी कि विदेश सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुआ जाये। हमारे परिवार में, दबाव जैसा कुछ था, हालाँकि मैं इसे दबाव नहीं कहना चाहूँगा, किन्तु हम सब इस तथ्य से प्रति सचेत जरूर थे कि मेरे पिता, जो एक ब्यूरोक्रेट थे, सचिव बन तो गये थे, लेकिन उन्हें सचिव पद से हटा दिया गया था। वे उस समय, 1979 में, जनता सरकार में, संभवतः सबसे कम उम्र के सचिव थे।''

यह जानकारी देते हुये, कि 2011 में हुये उनके पिता के निधन के बाद, सरकार में सचिव बन गये थे, जयशंकर ने कहा कि वे विदेश सचिव 2015 में बने थे। जब उनसे एक ब्यूरोक्रेट से एक कैबिनेट मंत्री तक की यात्रा के बारे में पूछा गया तो जयशंकर ने कहा, ''जैसा कि मैंने कहा कि मैंने अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया था। 2018 में, मैं अपनी सेवा यात्रा पूरी करके बड़ा प्रसन्न था, लेकिन मेरी यात्रा का अंत टाटा संस में हुआ। मैं वहाँ अपना अच्छे से अच्छा योगदान दे रहा था, मुझे वे लोग पसंद थे और मेरे ख्याल से, उन्हें भी मैं पसंद था। तभी पूरी तरह आकस्मिक रूप से, एक राजनैतिक अवसर मेरे सामने था। और यह राजनैतिक अवसर कुछ इस प्रकार का था कि मुझे उसके बारे में सोचने की जरूरत पड़ी क्योकि मैं उसके लिए तैयार नहीं था।...... इसलिये मैंने उस पर, थोड़ा ही सही, विचार जरूर किया।''

प्रधानमंत्री की ओर से आये उस फोन-कॉल की याद करते हुए, जिसमें उन्हें 2019 की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया था, जयशंकर ने कहा कि यह सब कुछ एक आश्चर्य के रूप में ही आया था। उन्होंने केन्द्रीय कैबिनेट में शामिल होने का जिक्र करते हुये कहा, ''यह विचार ही मुझे कभी नहीं आया, और मेरे ख्याल से, मेरे मिलने-जुलने वालों के मन में ही यह बात कभी आई थी।''

जयशंकर ने कहा, ''मैं मंत्रिमंडल में शामिल तो हो गया, लेकिन मैं पूरी ईमानदारी से कह रहा हूँ कि मैं स्वयं विश्वास नहीं कर पा रहा था। मैंने जीवनभर राजनेता देखे थे। विदेश सेवा में आपको एक काम तो करना ही होता जो अन्य सेवाओं की अपेक्षा विदेश सेवा में कहीं ज्यादा करना होता है और वह काम यह है कि आप राजनेताओं को बड़े नजदीक से देखते हैं, क्योंकि आप उन्हें विदेश में भी देखते हैं। आपको उनके बहुत नजदीक रहकर काम करना होता है, उन्हें परामर्श देना होता है। इस प्रकार, राजनेताओं देखना एक चीज है किन्तु राजनीति में वास्तव में शामिल होना, कैबिनेट मंत्री बनना, राज्यसभा के लिये खड़ा होना, अलग प्रकार की चीज है। जब मुझे मंत्री पद के लिये चयनित किया गया, उस समय में संसद सदस्य भी नहीं था। इस प्रकार, ये सब चीजें एक-एक करके घटित हुईं। मैं राजनीति में उतर गया, जिसकी मुझे कोई जानकारी नहीं थी। आप दूसरों को देखकर भी बहुत कुछ सीखते हैं।''

# संघ के पथ संचलन के खिलाफ तमिलनाडू सरकार सुप्रीम कोर्ट में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। तमिलनाडू सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट के एक आदेश पर स्टे लगवाने को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। हाई कोर्ट के आदेश में चेन्नई व तमिलनाडू के अन्य जिलों में आर.एस.एस. को पथ संचलन की अनुमति प्रदान की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया कि ''इस प्रकार के जुलूस की अनुमति दिए जाने

- तमिलनाडू सरकार ने हाई कोर्ट के, संघ को पथ संचलन की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है और कहा है कि, पथ संचलन से व्यवस्था बिगड़ सकती है।

से कानून-व्यवस्था संबंधी समस्याएं खड़ी जो सकती हैं। मद्रास हाई कोर्ट ने आर.एस.एस. को पथ संचलन की अनुमति प्रदान करते हुए कहा कि राज्य की जनता के संभाषण एवं अभिव्यक्ति के अधिकारों की जरूर रक्षा होनी चाहिए। हाई कोर्ट ने आर.एस.एस. से कहा था कि वह पथ संचलन के रूट को लेकर तीन विभिन्न तिथियों पर ताजा आवेदन प्रस्तुत करे। कोर्ट ने तमिलनाडू पुलिस को निर्देश दिए थे कि वह राज्य के विभिन्न जिलों की सार्वजनिक सड़कों पर उक्त किसी भी तिथि पर पथ संचलन की अनुमति दे। आर.एस.एस. ने अनुरोध किया है कि उसे पूरे राज्य में एक म्यूजिकल बैन्ड के साथ अपनी वेशभूषा में पथ संचलन करने दिया जाए।

# मिराज ग्रुप के 20 ठिकानों पर मुंबई आयकर टीम के छापे

उदयपुर, 21 फरवरी (कासं)। आयकर विभाग ने मंगलवार को मिराज ग्रुप पर रेड की। आयकर विभाग की मुंबई की टीमों ने मिराज ग्रुप के मुंबई, उदयपुर, नाथद्वारा सहित अन्य शहरों में 20 से अधिक ठिकानों पर एक साथ रेड की। कार्यवाही अभी भी जारी है। से आयकर टीमें दस्तावेज जुटा रही हैं। आयकर विभाग की इस कार्रवाई में करोड़ों की टैक्स चोरी और अघोषित संपत्ति का खुलासा हो सकता है।

गौरतलब है कि गत वर्ष मिराज ग्रुप पर जीएसटी चोरी के मामले में भी कार्रवाई हुई थी। इस कार्रवाई में

- मिराज ग्रुप के संस्थापक मदन पालीवाल नाथद्वारा में विश्व की सबसे बड़ी शिव प्रतिमा बनवा कर चर्चा में आए थे।
- आयकर विभाग की मुंबई टीम ने मिराज ग्रुप के मुंबई सहित उदयपुर, नाथद्वारा व अन्य शहरों के 20 से ज्यादा ठिकानों पर रेड की।
- गत वर्ष मिराज ग्रुप पर जी.एस.टी. चोरी के आरोप में कार्यवाही हुई थी तथा मिराज ग्रुप के प्रमुख मदन पालीवाल गिरफ्तार भी हुए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पूरी कार्रवाई आयकर विभाग की मुंबई टीम के निर्देशन में चल रही है। मिराज ग्रुप की फूड, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग, रियल एस्टेट, एंटरटेनमेंट, फिल्म प्रोडक्शन, हॉस्पिटेलिटी, पाइप्स एंड फिटिंग, रिटेल, डिजिटल, इंजीनियरिंग सेक्टर्स से संबंधित बीस कंपनियां हैं। मिराज ग्रुप के फाउंडर मदन पालीवाल सहित मैनेजिंग डायरेक्टर, सीईओ सहित अन्य पदाधिकारियों के घर और कार्यालयों करोड़ों की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ था, तब मिराज के निदेशक को गिरफ्तार भी किया गया था।

संदेह है कि शैल कंपनियों के जरिए ब्लैक मनी का रोटेशन होता है, ऐसे में अन्य एजेंसियां भी मिराज ग्रुप पर नजर बनाए हुए हैं। आपको बता दें कि चार महीने पहले अक्टूबर 2022 में ही मिराज गुप के फाउंडर मदन पालीवाल ने विश्व की सबसे बड़ी शिव प्रतिमा का भी लोकार्पण समारोह आयोजित किया था।

'राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908